GORAKHPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

आईटीएमएस सेंटर का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण



नगर निगम में बने आईटएमएस कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह साथ में हैं बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिह, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़, सीडीओ इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त अविनाश सिंह।

गोरखपुर (एसएनबी)। प्रभारी मंत्री गोरखपुर स्वतंत्र देव सिंह मंत्री जल शक्ति विभाग (सिचाई एवं जल संसाधन बाढ़ नियंत्रण परती भूमि विकास लघु सिंचाई नमानि गंगे एवं ग्रामीण जलपूर्ति विभाग उप्र), संजीव कुमार गोड राज्य मंत्री समाज कल्याण एवं संदीप कुमार सिंह राज्य मंत्री बेसिक शिक्षा द्वारा नगर निगम की आईटीएमएस सेन्टर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम महन्त अवैद्यनाथ महाराज का मल्यापर्ण किया गया, तत्पचात नगर निगम में स्थित आईटीएमएस सेन्टर का निरीक्षण कर सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की। नगर निगम ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन तंत्र एवं आरएफ आईडी, अत्येष्ठित स्थल व इन्सेफेलाइटिस के को देखा तथा आरएफआईडी सिस्टम की जानकारी लेखाधिकारी दी गई। ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन तंत्र एवं अत्येशिष्ठित स्थल के माडल की जानकारी मुख्य अभियन्ता द्वारा दी गई। इन्सेफेलाइटिस के रोक थाम पर बनाई गई माडल के द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त अविनाश सिंह, सुरेश चन्द मुख्य अभियन्ता, अमरेश बहादुर पाल, लेखाधिकारी एवं पार्षद चन्द्रशेखर सिंह समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

फरियादी को पुनः समाधान दिवस में न आना पड़े : एसडीएम

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना प्रांगण में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की



अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी चौरी चौरा रजत वर्मा के समक्ष कुल 19 मामले आए,मौके से 4 मात्र मामले का ही निस्तारण हो गया। एसडीएम ने शेष मामलो को पुलिस तथा राजस्व की संयुक्त टीम के मौके पर जाकर मामलो की जांच कर जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिए। सीओ चौरी चौरा डक्टर अखिलानंद उपाध्याय ने कहा कि हर फरियादी की शिकायत पर उक्त मामले की मौके पर पहुंच जांच कर समय से निस्तारण कराए। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय, चौकी इंचार्ज अवधेश पाण्डेय, दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, रमेशचंद्र चौधरी, राजस्व कानूनगो प्रेमचन्द यादव आदि मौजूद थे।

सरकारी रोड पर कब्जा प्रशासन ने हटाया

उरुवा बाजार (एसएनबी)। शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर उरुवा थाने पर मुख्य राजस्व अधिकारी शुशील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में वैठक हुई। जिसमें 5 भूमि विवाद, नाली विवाद, सरकारी सड़क पर कव्जा करने से सम्वंधित मामले आये। जिसमे वासदेवपुर निवासी ने आरोप लगाया कि कस्वा हसन में एक मनवढ़ द्वारा सीसी रोड पर कव्जा कर लिया गया है। मना करने पर मारने और झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते हैं। जिसपर मुख्य राजस्व अधिकारी ने पुलिस प्रशासन को कव्जा खाली कराने का आदेश दिया। पुलिस राजस्व विभाग ने मौके पर जाकर कव्जा हटवा दिया।

समाधान दिवस पर आए मुख्य राजस्व अधिकारी ने वैठक के दौरान लेखपाल द्वारा अनुशासनहीनता करने पर लेखपाल को फटकार लगाते हुए कार्यवाही करने का आदेश दिए। इस अवसर पर कानूनगो धुरियापार विनय कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी तहसीलदार गोला पंकज कुमार गुप्ता, अवधेश यादव, एसआई सन्तोष त्रिपाठी, धनन्जय राय, सहित आदि लोग उपस्थित थे।

13 मामले आए, निस्तारण शून्य

बांसगांव (एसएनबी)। कोतवाली में शनिवार को नायव वशिष्ट कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। आज सम्पन्न हुये समाधान दिवस पर कुल 13 शिकायती प्रार्थना आये जिसमें ज्यादातर मामले राजस्व विभाग से सम्वंधित रहे। मौके पर किसी मामले का निस्तारण नहीं हुआ। अलवत्ता निस्तारण हेतु राजस्व विभाग की टीमें भेजी गयी हैं। इस दौरान कोतवाल विवेक मलिक, सुनील कुमार, मोहित, वृजेश दुवे, मुन्नू, राम शब्द सिंह आदि मौजूद रहे।

पत्नी, साढू और साले ने मिलकर की थी सुनील की हत्या

गोरखपुर (एसएनबी)। वांसगांव थाना क्षेत्र के कोपवा गांव में एक पेड़ से फंदे के सहारे लटकता सुनील यादव का शव शुक्रवार की सुवह स्थानीय पुलिस ने वरामद किया था। इस मामले में मृतक सुनील के छोटे भाई अनिल यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव निवासी ढरसी थाना गगहा ने वांसगांव पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके भाई ने आत्महत्या नहीं की है वल्कि उसे उसकी पत्नी, साढू और साले ने मिलकर मार डाला है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

हमारे वांसगांव प्रतिनिधि से मिली जानकारी के मुताविक अनिल यादव पुत्र हरिश्चन्द्र यादव निवासी ग्राम-ढरसी थाना-गगहा ने वांसगांव थानेदार को सौंप गए प्रार्थनाप्त्र में वताया है कि उसके वड़ भाई सुनील यादव की शादी कोपवा थाना-वांसगांव निवासी छेदी यादव की वेटी सुधा यादव से हुई थी। उसके भाई सुनील यादव की मौत से 6 दिन पूर्व उसके साढू दिलीप यादव पुत्र मुन्ना यादव निवासी ग्राम

ससुराल कोपवा में एक पेड़ में फंदे से लटकता मिला था शव

छह दिन पूर्व साढू ही साथ ले गया था ससुराल

सुरदापार थाना-गोला जनपद-गोरखपुर हमारे घर ग्राम ढरसी आए थे। वह मेरे भाई सुनील यादव को अपने साथ ससुराल कोपवा ले गए। दिलीप यादव व साले रमेश यादव हमारे परिवार के निजी मामले में वेवजह हस्तक्षेप करते थे जिसके कारण आए दिन घर में कलह होता था। ससुराल में मेरे भाई से उसकी पत्नी, साढू और साले ने मिलकर विवाद किया था। साढू ससुराल में ही रह रहा था। मेरे भाई और पत्नी के प्रत्येक मामले में साढू ही वढ़चढ़कर हस्तक्षेप करता था। गत 9 जून की रात साजिश के तहत उसके भाई की पत्नी, साढू और साले ने मिलकर हत्या कर दी और शव को घर से दो सौ मीटर दूर रात में ले जाकर आम की डाली पर लटका दिया ताकि यह लगे कि उसके भाई ने आत्महत्या की है। घटना की सूचना गांव वालों के जरिए हमको मोवाइल पर मिली थी। सूचना पाकर मै जव ग्राम कोपवा पहुंचा तो ससुराल के लोग घर छोड़कर फरार हो गए थे। इस संवंध में थानाध्यक्ष वांसगांव विवेक मलिक ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के वाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

आपरेशन क्लीन अभियान को सशर्त समर्थन

कौड़ीराम (एसएनबी)। संयुक्त व्यापार मण्डल और कौड़ीराम विकास मंच ने कौड़ीराम कस्वे में चल रहे अपरेशन क्लीन अभियान को सशर्त समर्थन दिया है। नेताओ ने कानूनी नोटिस देने के वाद ही अतिक्रमण पर वुलडोजर कार्रवाई को उचित माना है।शनिवार की देर शाम कौड़ीराम प्रेस क्लव सभागार में कौड़ीराम विकास मंच के अध्यक्ष जेपी गुप्ता एडवोकेट और संयुक्त व्यापार मण्डल कौड़ीराम के अध्यक्ष विश्वम्भर पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दी। नेताद्वय ने कहा कि सभी संगठनों का उद्देश्य कौड़ीराम कस्वे को जाम और अतिक्रमण से मुक्त कराकर एक स्वच्छ और सुन्दर कौड़ीराम वनाना है। लेकिन कस्वे के व्यवसायियों और गरीवों की रोजीरोटी वचाना भी प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के पहले लोगो को कानूनी नोटिस और अवैध कब्जा हटा लेने का समय देना चाहिए। कस्वे के मौजूद खाली सरकारी जमीन पर ठेले, खोमचे, रेहड़ी और गरीव पटरी व्यवसायियों को जगह देना चाहिए।

पुलिस के ड्रोन कैमरे ने देखा संदिग्ध वस्तु

गोरखपुर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने शहर के संवेदनशील इलाकों का ड्रोन कैमरे से शनिवार की शाम निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्रोन कैमरे की नजर में कई संदिग्ध स्थल और वस्तु आ गयी। ऐसे समस्त स्थानों को चिन्हित किए जाने के वाद उस संदिग्ध वस्तु को उक्त संदिग्ध स्थल से हटवाने का निर्देश संवंधित क्षेत्र के वीट दारोगाओं और सिपाहियों को दिया गया है।

नूपुर शर्मा के तथाकथित विवादित वयान के वाद से देश के विभिन्न राज्यों में तोड़फोड़, आगजनी और पथराव की घटनाएं हुयी हैं। लगातार कुछ अराजकतत्वों द्वारा धर्म की आड़ लेकर सांप्रदायिक सौहार्द्र को विगाड़ने का कार्य चल रहा है। पिछली घटनाओं में ऐसा देखा गया कि उपद्रवियों द्वारा भारी संख्या में पहले से ईंट पत्थर एकत्रित कर रखा गया था। जिसका प्रयोग आमजन के साथ ही पुलिस पर भी किया गया। इसी को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन टाडा ने संवेदनशील क्षेत्रों के संदिग्ध स्थानों और वहां रखी संदिग्ध वस्तुओं पर नजर रखने का आदेश मातहत पुलिसकर्मियों को दिया है। इसी के क्रम में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई की अगुवाई वाली पुलिस की एक टीम शनिवार को कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित एमएसआई इण्टर कालेज वक्शीपुर में पहुंची। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत ड्रोन कैमरे द्वारा शहर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्ध दिखने वाले स्थानो को चिन्हित कर सतर्क दृष्टि वनाये रखने हेतु संवन्धित को निर्देशित किया गया। इस संवंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने वताया कि शांति और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत ड्रोन कैमरे द्वारा शहर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। कुछ संदिग्ध वस्तु और स्थल दिखे हैं जिसके संवंध में कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। एसपी सिटी ने सभी से अपील की है कि शहर की गंगा जमुनी तहजीव को वनाए रखें। माहौल खराव करने वाले किसी भी व्यक्ति को चाहे वह जिस धर्म अथवा जाति का हो वख्शा नहीं जाएगा। कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, केस

टीपी नगर (एसएनबी)। रामगढ़ताल इलाके में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने नाबालिग आरोपियों पर केस दर्ज कर उन्हें पकड़ लिया है। घटना दस दिन पुरानी है। 14 वर्षीय किशोरी किसी काम से घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान उसी उम्र के लड़कों ने पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। घरवालों का कहना है कि लोकलज्जा के डर से किसी को सूचना नहीं दिए थे। अब तहरीर आने पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा है।

रेप का आरोपित बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। नाबालिग का अपहरण कर रेप करने का आरोपी किरन प्रकाश मुंबई में नौकरी कर रहा था। वह दो साल से मुंबई में था। उस पर गोरखपुर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। कोतवाली पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

- दो साल पूर्व अपहरण कर नाबालिग से किया था रेप
- एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए घोषित किया था 25 हजार का ईनाम
- मुंबई में नौकरी कर रहा था आरोपित बदमाश



पुलिस लाईन में गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में पत्रकार वार्ता कर जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण विश्नोई।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपी किरन प्रकाश लौंडे शेषपुर, राजघाट का निवासी है। किरन दो साल से फरार था। वह एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म किया था। उसके खिलाफ एनबीडब्लू भी हो चुका था, लेकिन हाजिर नहीं हो रहा था। कई बार उसे गिरफ्तार करने के लिए टीम भी रवाना हुई थी, लेकिन पकड़ में नहीं आ रहा था। इसके बाद एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। शनिवार को इंस्पेक्टर कल्याण सिंह सागर की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार जिस लड़की को वह भगा कर ले गया था और उससे शादी किया था। उसे पुलिस ने पहले ही बरामद कर लिया था।

नियम विरुद्ध संचालित 12 बसों का चालान

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत डिपो एके मिश्रा एवं ट्रेफिक इंस्पेक्टर मनोज राय गोरखपुर शामिल रहे। प्रवर्तन कार्रवाई



अनाधित वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने के आदेश के अनुपालन में संयुक्त रूप से प्रवर्तन कार्रवाई संपादित की गई जिसमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम एवं द्वितीय एसपी श्रीवास्तव एवं वीके सिंह तथा सहायक क्षेत्रीय प्रवंधक गोरखपुर गोरखपुर वस स्टैड के आसपास, रेलवे स्टेशन, राप्तीनगर डिपो के आस पास, छात्रसंघ चौराहा से मोहदीपुर, पैडलेगंज एवं नौसढ तथा गोरखपुर से लखनऊ मार्ग पर संपादित की गई, जिसमें लगभग 35 वाहनों का निरीक्षण किया गया तथा 12 वसों का चालान किया गया।

ऑनलाइन ट्रैफिक सिस्टम से नियम पालन का वातावरण बना : स्वतंत्र देव

गोरखपुर (एसएनबी)। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह तथा समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ के साथ जनपद के गोविंद गौशाला, निपुण भारत सेन्टर विकास भवन तथा आईटीएमएस सेन्टर नगर निगम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं और कार्यों की जानकारी प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ट्रैफिक सिस्टम आनलाइन होने से समाज में नियम पालन करने का एक वातावरण बन रहा है। मंत्री समूह लगातार निरीक्षण कर के सभी जनपदों में लगातार योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर के योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर रही है।

गोरखपुर में रामगढ़ताल के पास लोगों को अच्छा पर्यटन स्थल भी मिला है। लोग आनन्द के साथ भ्रमण कर रहे हैं। कई लोगों को वहां रोजगार मिला है। बहुत ही विकास के कार्य हुए हैं। लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि निपुण भारत सेन्टर के माध्यम से बेसिक शिक्षा के स्कूल की निगरानी के साथ छात्र/छात्राओं को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करने में मदद मिल रही है। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे।





विकास भवन में बैठक करते प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह साथ में है बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ तथा गौशाला का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री।

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह व समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने गोविंद गौशाला, निपुण भारत सेन्टर विकास भवन का किया निरीक्षण

साक्ष्य के अभाव में पूर्व प्रधान समेत तीन लोग दोष मुक्त

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या व लूट के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने हरपुर वुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम देवरिया निवासी पूर्व प्रधान जुगुल किशोर राय, सिकरीगंज थाना क्षेत्र के रग्फू पुर निवासी राणा प्रताप सिंह एवं वस्ती जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर रेवती निवासी गंगा प्रसाद सिंह को साक्ष्य के आभाव में दोषमुक्त घोषित कर दिया है।



18 साल बाद मिला न्याय

अभियोजन पक्ष का कहना था कि 12 अगस्त 2004 को वादी अच्युतानंद चतुर्वेदी के वड़े भाई सर्वजीत चौवे दिन में 1.30 वजे भारतीय स्टेट वैंक शाखा मोलनापुर से 41 हजार रुपया लेकर आ रहे थे। हरपुर वुदहट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम देवरिया के पश्चिम करीव 5 सौ मीटर दूर पीछे से एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति आये और सर्वजीत चौवे को चाकू मारते हुए रुपया छीन कर फरार हो गए। सर्वजीत चौवे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। न्यायालय ने वांछितो को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।



सुरक्षा व्यवस्था के तहत महानगर में ड्रोन कैमरे से निगरानी करती पुलिस टीम। फोटो : एसएनबी

मनबढ़ों ने घर में घुसकर की मारपीट-तोड़फोड़

भटहट (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जौरहर में शनिवार को मनबढ़ों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर दरवाजा, पलंग व सिंगारदान समेत अन्य सामान तोड़ दिया साथ ही एक व्यक्ति पर लोहे की राड व पंच से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के जौरहर निवासी चंदन निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार की रात में कुछ लोग गांव के करताल को मारपीट रहे थे। वह बीचबचाव कर करताल को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहा था। उसका आरोप है कि मनबढ़ों ने रास्ते में घेरकर उसे मारा पीटा। इतना ही नहीं शनिवार को लगभग 11 बजे दिन में पुनः दर्जन भर मनबढ़ उसके घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ किया। इस दौरान पलंग, सिंगारदानी व दरवाजा तोड़ दिया है। उसके सिर व चेहरे पर लोहे के पंच से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस संबध में इंस्पेक्टर उमेश कुमार बाजपेई का कहना है कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

ट्रैक्टर एजेंसी में चोरी

कौड़ीराम (एसएनबी)। बेलीपार क्षेत्र के मलांव निवासी आनंद प्रकाश शुक्ला का कौड़ीराम के पाण्डेयपार में आयुष ऑटोमोबाइल नाम से महिंद्रा ट्रैक्टर का शोरूम है। गुरुवार की शाम वह एजेंसी बन्द कर आवास पर सोने चले गए। रात में चोर एजेंसी के ऊपर लगे रोशनदान की जाली तोड़कर अंदर घुस आए। चोर काउण्टर में रखा करीब साठ हजार नकदी, सीसीटीवी कैमरा, टीवी और उसका डीवीआर भी चुरा ले गए। शुक्रवार की सुबह एजेंसी खोलने पर मालिक को घटना की जानकारी हुई। एजेंसी मालिक ने घटना की सूचना पीआरवी 112 तथा मुकामी पुलिस को दे दी है।

पतिसास समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

पिपराइच (एसएनबी)। एक विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने पतिसास समेत चार के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना व मारपीट का केस दर्ज किया है। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बालखुर्द निवासी किशोर ने बताया कि मेरी बेटी दुर्पती की शादी पिपराइच क्षेत्र के ग्राम कोनी निवासी इन्द्रजीत के साथ हुई है। आरोप है कि बीते 8 जून की रात 8 बजे मेरी बेटी को पति इन्द्रजीत ,सास लीलावती ,ननद गुंजा ,ननद पल्लवी ने मिलकर लाठी डंडे से मारा पीट कर घायल कर अधमरा कर दिया।

जालसाजों ने एटीएम कार्ड से निकाले पैसे

उरुवा बाजार (एसएनबी)। शनिवार को जालसाजों द्वारा एटीएम के जरिए खाते से पैसा निकालने का मामला सामने आया है। हैरान करने वाली बात यह है कि एटीएम कार्ड खाताधारक के पास ही है। उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम बनकट निवासिनी उपमा उपाध्याय ने बताया कि उनका सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा उरुवा में खाता (संख्या- 348993) है। लिंक मोबाइल नम्बर पर 10 जून को सुबह 10:38 बजे 1000 रुपये और 9000 रुपये व 10:40 बजे 5000 रुपये एटीएम द्वारा निकासी का मैसेज आया। जबकि बैंक पासबुक, चेकबुक, और एटीएम कार्ड सब कुछ मेरे पास है। जब बैंक गई तो पता चला कि हैंसर बाजार में स्थित एटीएम मशीन से पैसा निकाला गया है।

दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित, केस

बांसगांव (एसएनबी)। थाना क्षेत्र बांसगांव के कौड़ीराम निवासी जयप्रकाश राय के यहां रिंकी की शादी हुई थीं। शादी के बाद से ही पति सूरज राय, सास मीनू राय और ससुर जयप्रकाश राय द्वारा मारना पीटना, पैसे की डिमांड जैसी घटना करने लगे। प्रताड़ना से तंग आकर शनिवार को रिंकी ने अपने सास-ससुर व पति के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

गोरखपुर (एसएनबी)। गगहा पुलिस ने अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गगहा इलाके से छह जून एक युवती के अपहरण की घटना प्रकाश में आयी थी। पुलिस ने आनन्द पुत्र सुरेश निवासी रामपुर गड़री थाना गोला के खिलाफ केस दर्ज किया था। मुखबिर की सूचना पर दस मई की शाम को रामपुर गड़री इण्टर कालेज से आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ युवती को भी बरामद कर लिया। गगहा पुलिस ने युवती को परिजनों को सौंप दिया। आरोपी आनन्द को गगहा पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनित कुमार राय, राजेश सिंह,हेड कांस्टेबल हीरा यादव शामिल रहे।

टहल रही विवाहिता से छेड़छाड़, केस

रकहट (एसएनबी)। गगहा थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात 9 बजे अपनी बड़ी बहन के साथ निकली विवाहिता से गांव के दो युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पहुंचे एक युवक को भी पीटा और उसका मोबाइल तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपित को पकड़ लिया जबकि दूसरा भागने में कामयाब रहा। पुलिस केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा चल रहा फरार

शुक्रवार की शाम एक विवाहिता अपने पति के साथ मायके पहुंची। वह खाना खाने के बाद गांव की सड़क पर अपनी बड़ी बहन के साथ टहलने के लिए निकली। कुछ दूर आगे गयी थी तभी उसी गांव के दो मनबढ़ किस्म के युवक पहुंचे। युवकों ने विवाहिता से छेड़छाड़ शुरू कर दी। अश्लील हरकत का विरोध करने पर दोनों विवाहिता को पीटने लगे। शोर सुनकर गांव का तारकेश्वर नामक युवक पहुंचा। मनबढ़ किस्म के शोहदों ने उसे भी पीटा और उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। दरअसल अपने उसी मोबाइल से युवक पुलिस को कॉल कर बुला रहा था। घटना की सूचना मिलते ही हल्का प्रभारी अनित राय हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपित एक युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। पुलिस केस दर्ज कर उसकी भी तलाश कर रही है। पकड़े गए आरोपित युवक को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पीड़ित ने खुद खोज ली चोरी गई बाइक

भटहट (एसएनबी)। तकरीबन आठ माह पहले भटहट कस्बे से चुराई गई बाईक को गुलरिहा पुलिस ढूंढने में विफल रही। वही, पीड़ित द्वारा कार इंफार्मेशन ऐप के माध्यम से बाईक को खोज निकाला। उसने स्कूटी, बाइक समेत दो संदिग्ध चोरो को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैलो निवासी यासीन पुत्र भुलई की बाइक 31 अक्टूबर, 2021 को भटहट कसबा स्थित ठेका देशी शराब की दुकान के समीप से गायब हो गई थी। पीड़ित द्वारा डायल 112 समेत स्थानीय चौकी पर तहरीर देकर बाईक ढूंढने की गुहार लगाई थी। उधर पीड़ित इंटरनेट पर कार इंफार्मेशन ऐप के माध्यम से अपनी गाड़ी की डिटेल खंगालता रहा। पीडित के मुताबिक चारपांच दिन पहले उक्त ऐप के माध्यम से जानकारी मिली कि उसकी बाईक जनवरी, 2022 में महाराजगंज जनपद के मोहम्मदापुर छतिया निवासी एक व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर हो गई है। पीड़ित आरटीओ दफ्तर से क्रेता का पता मोबाइल नंबर निकाल कर उससे बातचीत शुरू कर दिया। बाईक वापस कराने के लिए रुपये का लालच देकर शनिवार को भटहट कस्बे में बुला लिया। बाईक भटहट पहुंचते ही पुलिस को सूचना दिया। पुलिस एक एचएफ डीलक्स और एक स्कूटी समेत तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

फर्जी तरीके से ट्रांसफर हुई बाईक

पीडित मंसूर अली पुत्र यासीन का कहना है कि बाईक पिता के नाम से दर्ज है। जनवरी, 2022 में फर्जी ढंग से दूसरे के नाम ट्रांसफर हो गई है। गुलरिहा पुलिस को तहरीर दी गई थी केस दर्ज की होती तो बाईक तरीके दूसरे के नाम ट्रांसफर नहीं हुई होती। फर्जीवाड़े की जांच होने पर चोरों के गिरोह के साथ फर्जी ढंग से ट्रांसफर कराने वाले गिरोह की भंडाफोड़ हो सकता है। इस संबंध में चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी ने बताया कि पूछताछ की जा रही है। बड़ी रिकवरी होने की उम्मीद है।

उपद्रवियों ने किया था 2.36 लाख का लॉस अब होगी वसूली

9 वाहनों में की थी तोड़फोड़

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (11 June):चौरी चौरा के भोपा बाजार में उपद्रवियों ने 2.36 लाख रुपए का नुकसान किया था. इसका आकलन हो चुका है. अब इसकी वसूली के लिए घटना के मुख्य आरोपितों को नोटिस भेजा जाएगा. बीते 25 मार्च को चौरी चौरा के भोपा बाजार चौराहे पर सेना के जवान को बलिदानी का दर्जा दिलाने के लिए स्वजन ने प्रदर्शन किया था. उसमें कुछ उपद्रवी भी शामिल हो गए थे. उन्होंने प्रदर्शन के दौरान पुलिस के नौ वाहनों में तोड़फोड़ की थी. अन्य वाहनों पर भी पथराव किया था. इसे लेकर 67 नामजद सहित दो सौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था.

12 आरोपियों को नोटिस

पुलिस ने तहसील प्रशासन से नुकसान का आकलन कराया. राजस्व कर्मियों ने अपनी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी चौरी चौरा को भेज दी है. उसमें 2.36 लाख रुपए के नुकसान की बात कही गई है. एसएसपी डॉ. विपिन कुमार ताडा ने इस अभियान के लिए पुलिस अधीक्षक उत्तरी को नोडल बनाया था. पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने बताया नुकसान की रिपोर्ट मिल चुकी है. अब तहसील प्रशासन के माध्यम से 12 मुख्य आरोपितों के घर नोटिस भेजा जाएगा. आरोपितों से नुकसान की वसूली की जाएगी.

एडीजी के सर्वे में सामने आई गोरखपुर पुलिस की परफार्मेंस

एडीजी ने खोली 'पोल'- जहां की तहां खड़ी गोरखपुर पुलिस



iSPECIAL


मई में 43 परसेंट ने बताया एक्सीलेंट, अप्रैल में भी यही ग्राफ था

anurag.pandey@inext.co.in

GORAKHPUR (11 June): एडीजी जोन के पोल में जोन के 11 जिलों की पुलिस की परफॉर्मेंस या पोल लगातार सामने आ रही है. मई की पोल रिपोर्ट की बात करें तो ट्विटर पर देवरिया, संतकबीर नगर, बलरामपुर और बहराइच की परफॉर्मेंस में सुधार हुआ है. मतलब इन जिलों की मई को पुलिसिंग को अप्रैल की तुलना में ज्यादा एक्सीलेंट बताया गया है. जबकि गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर और श्रावस्ती एक्सीलेंट के मामले में जहां के तहां हैं. ऊपर से पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं किए जाने की शिकायतें भी लगातार आ रही हैं. इससे भी पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में बनी रहती है.

अलग टीम लोगों के पास जाकर कर रहीं सर्वे

जोन कार्यालय से एक अलग टीम बनाकर हर जनपद में भेजी जा रही है. जो पब्लिक के पास जाकर जिले की पुलिस के बारे में सर्वे कर रही है. पुलिस के कार्य व्यवहार, भ्रष्टाचार की शिकायत, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, निर्बल लोगों के प्रति पुलिस के रवैए के बारे में जानकारी लेते हुए डाटा तैयार किया गया है.



मई में जिलावार पुलिस का फीडबैक

जनपद	आईजीआरएस	ट्विटर पोल	डायरेक्ट पोल	एफआईआर वादी	यूपी 112	कुल योग
गोरखपुर	1382	636	242	984	2305	5549

ट्विटर पर जोन की पुलिस का रिपोर्ट कार्ड

	अप्रैल 2022				मई 2022			
	अति उत्तम	उत्तम	साधारण	खराब	अति उत्तम	उत्तम	साधारण	खराब
गोरखपुर	43	15	19	23	43	12	18	27
देवरिया	59	8	15	18	85	4	4	8
कुशीनगर	74	6	8	11	72	6	8	14
महराजगंज	75	6	8	11	64	8	10	18
बस्ती	66	8	11	15	59	9	12	21
संतकबीरनगर	60	11	23	5	83	4	4	8
सिद्धार्थनगर	84	4	4	8	84	4	4	8
गोण्डा	71	9	10	10	64	9	10	15
बलरामपुर	82	5	6	6	85	4	4	8
बहराइच	61	12	15	13	66	9	10	10
श्रावस्ती	68	7	7	18	68	7	7	18



गोरखपुर की रैंक और परफॉर्मेंस बेहतर हो रही है. थानों पर और नेक व्यवहार की जरूरत है. थानों का स्टाफ अच्छा बर्ताव फरियादियों से करें, ताकि वे निराश नहीं हो.

कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी सिटी

इन माध्यम से किया सर्वे

आईजीआरएस पोर्टल

आईजीआरएस पोर्टल पर जो भी शिकायतें आती है. उनके निस्तारित होने पर उसमें पब्लिक की ओपिनियन भी दर्ज होती है कि वो संतुष्ट है या असंतुष्ट. जिसका डाटा जोन कार्यालय में आता है. एडीजी जोन ऑफिस उस डाटा को निकलवाकर जिस जिले में शिकायतों के निस्तारण में पब्लिक पुलिस से ज्यादा खुश रहेगी. उसे ग्रेडिंग में पहला नंबर दिया जाता है.

ट्विटर और फेसबुक पोल

एडीजी ने जिलों की पुलिस के बारे में ट्विटर व फेसबुक पर लोगों की राय जानने का ऑप्शन दिया है. इस पोल में भाग लेने वाले का नाम गोपनीय रखा है.

डिजिटल प्लेटफॉर्म के अन्य माध्यम से पोल

वही इस पोल को डिजिटल प्लेटफॉर्म के अन्य माध्यम जैसे तमाम वॉट्सएप ग्रुपों व बीट पुलिसकर्मियों के वॉट्सएप ग्रुप पर लिंक डालकर पोल कराया जा है.

वादियों के पास फोन कर

जिले के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया जा रहा है. वह थाने पर गए तो केस दर्ज होने के बाद हुई कार्रवाई से वे संतुष्ट हैं या नहीं. इसके लिए एक अलग टीम बनाई गई है जो पब्लिक से सीधे जानकारी जुटा रही है.

डॉयल 112 का रिस्पांस टाइम

डायल 112 के पीआरवी के रिस्पांस टाइम व पीड़ित के संतुष्ट व असंतुष्ट होने के फीडबैक के आधार पर भी ग्रेडिंग की जा रही है. यह रिस्पांस टाइम हर माह जारी होता है. इसे भी 100 अंकों में बदलकर ग्रेडिंग में शामिल किया जाता है.

ट्विटर पर पुलिस के लिए ऐसी प्रतिक्रिया

@RohitKumargkp99
नगर पंचायत पीपीगंज किसी व्यक्ति की हत्या होता है और उसके परिजन रोड पर आ जाते हैं, परंतु कोई सुनवाई नही की जाती है.

@Rahul0Tiwari
बहुत खराब.

@Dinehshukla
अति उत्तम.

@Somnath71396364
ठीक तरह से अपना फर्ज नही निभा रही गोरखपुर पुलिस.

तीन राज्यों में उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई तेज

एक्शन में सरकार

> इन घटनाओं में शामिल समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. ध्यान रखें कि किसी निर्दोष का उत्पीड़न न हो और दोषी एक भी बचना नहीं चाहिए.
> **योगी आदित्यनाथ,** सीएम यूपी

newsroom@inext.co.in

यूपी, बंगाल और झारखंड में जुमे की नमाज के बाद हुए उपद्रव के बाद अब सरकार के एक्शन की बारी है. खासतौर पर यूपी में उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है. एक तरफ कानपुर और सहारनपुर में उपद्रवियों के भवनों पर बुलडोजर गरजा, तो दूसरी ओर प्रयागराज में बवाल काटने वाले बिजली बिल बकाएदारों के साथ अवैध निर्माण कराने वाले चिह्नित किए गए. प्रदेश भर में 233 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है और पत्थरबाजों व दंगाइयों पर रासुका भी लगाने की तैयारी है. उधर, रांची में उपद्रव में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई इलाकों में धारा 144 लागू कर दी गई है. यहां इंटरनेट भी बंद कर दिया गया है. दूसरी तरफ, बंगाल के हावड़ा में दूसरे दिन भी उपद्रव हुआ. सीएम ममता बनर्जी ने हावड़ा के पुलिस कमिश्नर और एसपी को हटा दिया है.

माहौल बिगाड़ने का प्रयास

प्रयागराज के कोटेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर शनिवार सुबह अंडा रखा मिला. मंदिर प्रबंधन ने सूझबूझ दिखाई और गुस्साए लोगों को शांत करा दिया. गोरखपुर में शुक्रवार रात बुर्कानशी अज्ञात महिला ने एक कार में आग लगा दी. उसकी हरकत सीसी कैमरे में कैद हो गई. पुलिस जांच में जुटी है.

PIC: AGENCY



● प्रयागराज में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च.

कानपुर और सहारनपुर में गरजा बुलडोजर, प्रयागराज में उपद्रवियो की बिजली काटने की हो रही तैयारी

यूपी में अब तक 237 उपद्रवी गिरफ्तार, सीएम ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

रांची में धारा 144 लागू, इंटरनेट बंद, बंगाल के हावड़ा में दूसरे दिन भी हुआ बड़ा बवाल

बंगाल में फिर बवाल

हावड़ा के पांचला बाजार में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया. पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े. राष्ट्रीय राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के आसपास 15 जून तक धारा 144 लागू कर दी गई है. सीएम ममता बनर्जी ने बीजेपी को दोषी ठहराया है.

रांची में एसआईटी का गठन

रांची में शुक्रवार को हुई हिंसा को लेकर सीएम हेमंत सोरेन के आदेश पर एसआईटी का गठन कर दिया गया. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के साथ ही वायरल वीडियो की मदद से उपद्रवियों की शिनाख्त शुरू कर दी है. शनिवार को सिटी पूरी तरह से बंद रही.

यूपी में अब तक 237 गिरफ्तारियां

● **कानपुर** में उपद्रव के मास्टरमाइंड हयात जफर हाशमी के रिश्तेदार मोहम्मद इश्तियाक की अवैध बनी बिल्डिंग ध्वस्त हो गई. इसके निर्माण में हयात जफर हाशमी के साथ उपद्रव की साजिश में शामिल एक बिल्डर का पैसा लगा था.

● **सहारनपुर** में बवाल करने वाले 54 आरोपितों को पुलिस ने दबोचने के बाद फरार चल रहे दो आरोपितों के घरों पर शनिवार सुबह बुलडोजर चलवा दिया.

● **प्रयागराज** में 70 नामजद और 5000 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है. शनिवार शाम तक पुलिस ने 70 को गिरफ्तार कर लिया. मास्टरमाइंड जावेद पंप को भी गिरफ्तार किया गया है. जेएनयू में पढ़ने वाली बेटी की संलिप्तता भी मिली है. उपद्रव वाले इलाकों के बिजली बकाएदारों की लिस्ट भी बनाई गई है.

● **हाथरस** के पुरदिलनगर में सौ से अधिक पत्थरबाजों के खिलाफ शुक्रवार देर रात मामला दर्ज किया गया. शनिवार शाम तक पुलिस ने 50 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया.

● **मुरादाबाद** में शनिवार सुबह तक पुलिस 25 उपद्रवियों को गिरफ्तार करने में सफल रही. फिरोजाबाद में पुलिस ने सात नामजद और 80-90 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. आठ लोग गिरफ्तारी किए हैं.

● **अंबेडकरनगर** के टांडा में पुलिस ने 36 नामजद व 30-35 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर 28 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है.

खड़ी कार में आग लगाने वाली बुर्काधारी महिला पर केस दर्ज



GORAKHPUR (11 June): कैंट एरिया के मझौली कंपाउंड में खड़ी कार में आग लगाने वाली बुर्काधारी महिला पर केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में लग गई है. सीसीटीवी फुटेज में महिला बेतियाहाता चौराहे पर स्कूटर से पहुंचती दिख रही है. यहीं उसने सलवार सूट के ऊपर बुर्का पहना, उसके बाद वारदात को अंजाम दिया. एसपी सिटी के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर एसएसपी ने अरेस्ट करने का आदेश दिया है. उधर, मामले की जानकारी न देने पर कैंट पुलिस की लापरवाही पर एडीजी जोन अखिल कुमार ने एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है.

टायर के पास लगाई आग

जटेपुर उत्तरी लोहिया नगर निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव शुक्रवार को अपनी पत्नी को दिखाने के लिए डॉ. अंजु जयसवाल के क्लीनिक पर गए थे. अजय ने मझौली कंपाउंड परिसर में अपनी कार खड़ी कर दी थी. इसी दौरान देर शाम 7.45 बजे बुर्का पहने एक महिला बोतल में तेल लेकर पहुंची और टायर के पास आग लगा दी. इस दौरान बच्चे वहां खेल रहे थे. कई बार के प्रयास में महिला ने जब आग लगा दिया तो बच्चों ने शोर मचाया. बच्चों का शोर सुनकर स्थानीय लोग आ गए और आग पर काबू पाया गया.

डॉयल 112 पर दी सूचना, फिर भी अलर्ट नहीं हुई पुलिस

बच्चों ने संदिग्ध महिला के बारे में बताया तब सीसी टीवी फुटेज से इसकी जांच की गई. जिसके बाद बुर्का पहने महिला दिखाई दी. इस घटना के बाद अजय कुमार श्रीवास्तव ने डॉयल 112 पर फोन कर सूचना दी. पुलिस सूचना के बाद भी गंभीर नहीं दिखी. रात में इसकी जानकारी जब एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को हुई तो पुलिस हरकत में आई और जांच पड़ताल शुरू की गई.

शातिर बाइक चोर अरेस्ट

राजघाट पुलिस ने शनिवार को चोरी की एक बाइक के साथ अभियुक्त मनीष कश्यप निवासी अशोकनगर को अरेस्ट किया.

अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

GAGHA: गगहा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी. थाना एरिया में छह जून को युवती का अपहरण करने वाले युवक आनन्द पुत्र सुरेश निवासी रामपुर गडरी थाना गोला को अरेस्ट कर लिया. मुखबिर की सूचना पर दस जून को शाम करीब पांच बजे रामपुर गडरी इंटर कॉलेज से गिरफ्तार करने के साथ युवती को भी बरामद कर लिया. गगहा पुलिस ने युवती को परिजन के सुपुर्द कर दिया. आरोपी आनन्द को गगहा पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनित कुमार राय, राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल हीरा यादव थे.

ऑपरेशन क्लीन को दिया सशर्त समर्थन

KAUDIRAM: कौड़ीराम विकास मंच और संयुक्त व्यापार मंडल ने कौड़ीराम कस्बे में चल रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान को सशर्त समर्थन दिया है. नेताओं ने कानूनी नोटिस देने के बाद ही अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई को उचित माना है. शनिवार की देर शाम कौड़ीराम प्रेस क्लब सभागार में कौड़ीराम विकास मंच के अध्यक्ष जेपी गुप्ता एडवोकेट और संयुक्त व्यापार मंडल कौड़ीराम के अध्यक्ष विश्वम्भर पांडेय ने संयुक्त रूप से दी. नेताद्वय ने कहा कि सभी संगठनों का उद्देश्य कौड़ीराम कस्बे को जाम और अतिक्रमण से मुक्त कराकर एक स्वच्छ और सुन्दर कौड़ीराम बनाना है. उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के पहले लोगों को कानूनी नोटिस और अवैध कब्जा हटा लेने का समय देना चाहिए. कस्बे के मौजूद खाली सरकारी जमीन पर ठेले, खोमचे, रेहड़ी और गरीब पटरी व्यवसायियों को जगह देना चाहिए. कौड़ीराम व्यापार मण्डल रजिस्टर्ड अध्यक्ष विनय सेठ ने पूरे अभियान से खुद को अलग करते हुए चुप्पी साध ली है.

मंदिर की दीवार गिराई, पीएसी तैनात

चौकी इंचार्ज और दो सिपाही किए गए लाइन हाजिर

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (11 June): गोरखपुर में दो पक्षों की मारपीट में एक पक्ष ने शिव मंदिर की कच्ची दीवार को गिरा दिया. जिससे तनाव की स्थिति पैदा हो गई. सूचना पर तत्काल एसएसपी डॉ. विपिन टांडा और एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी मौके पर पहुंच गए. एसएसपी ने गांव में पीएसी तैनात कर मामले में लापरवाही बरतने वाले चौकी इंचार्ज फर्टिलाइजर आशीष सिंह और दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया. कार्रवाई के बाद चिलुआताल पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज किया है.



मानबेला में शिव मंदिर के पास तैनात पीएसी जवान.

2 पक्षों में है वर्चस्व की लड़ाई

दरअसल चिलुआताल थाना एरिया के मानबेला में दो पक्षों में वर्चस्व की लड़ाई चलती है. दोनों पक्षों में पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी है. पुलिस हर बार दोनो पक्षों के तहरीर पर मुकदमा कायम कर शांति भंग में चालान कर देती है. निषाद एवं कपाड़िया परिवार का विवाद बीते 15 मई 2022 को पहली बार सामने आया था. तब महादेव की लड़की की शादी के दौरान दोनो पक्षों में मारपीट हुई थी. चिलुआताल पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर दोनो पक्ष के 10-10 लोगों का शांतिभंग में चालान किया था.

10 जून की रात हुए आमने-सामने

एक बार फिर दोनों पक्ष 10 जून 2022 की रात करीब 10 बजे बच्चों के विवाद को लेकर आमने सामने आ गए. पत्थरबाजी शुरू हो गई. सूचना पर पहुंची फर्टिलाइजर चौकी की पुलिस ने मामला शांत कराया और दो सिपाहियों की ड्यूटी गांव में लगा दी. इसी विवाद को लेकर शनिवार को दोनो पक्ष एक बार फिर मारपीट कर लिए. इस बीच एक पक्ष ने गांव के शिव मंदिर के कच्ची दीवार को गिरा दिया.

कई धाराओं में केस दर्ज

दीवार टूटने की सूचना पर जिले के आला अधिकारियों में हड़कंप मच गया. तत्काल एसएसपी, एसपी नार्थ, सीओ कैंपियरगंज और चिलुआताल पुलिस मौके पर पहुंच गई. एहतियात के तौर पर गांव में पीएसी तैनात कर दी गई. एसएसपी के निर्देश पर निषाद पक्ष के प्रदीप निषाद की तहरीर पर बलवा, मारपीट और कपाडिया पक्ष के अनिल कपाडिया के तहरीर पर मारपीट, बलवा, धार्मिक स्थल को तोड़ने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है.

समाधान दिवस: एसएसपी ने सुनीं फरियाद

GORAKHPUR (11 June): थाना समाधान दिवस पर शुक्रवार को एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने कैंट और शाहपुर थाना में आमजन की प्रॉब्लम सुनीं और उसका समाधान किया. इस दौरान राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारियों की ओर से अपने-अपने सर्किल में पब्लिक की प्रॉब्लम सुनी और दस्तावेजों की जांच करते हुए उनके त्वरित विधिक निस्तारण के निर्देश दिए. एसएसपी ने पुलिस अधिकारी और राजस्व टीम को निर्देश दिए कि जिले में जमीनी विवाद का दोनों पक्षों की उपस्थिति में समस्या का समाधान करें. साथ ही अपनी आख्या थाना दिवस की रजिस्टर में दर्ज करें. प्रार्थना पत्र में अंकित वादी-प्रतिवादी एवं जांचकर्ता का मोबाइल नंबर अवश्य दर्ज करें.



पब्लिक की शिकायतें सुनते एसएसपी विपिन ताडा.

कार्रवाई ऐसी हो जो नजीर बने: सीएम

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी पक्षों से संवाद बनाए रखा जाए। इसके लिए संवाद और सेक्टर स्कीम लागू की जाए। साथ-साथ उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई भी जारी रखी जाए। कार्रवाई ऐसी हो जो नजीर बने।

उन्होंने कहा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों के पास सभी तरह के निर्णय लेने का अधिकार है। जिस भी जिले में आने वाले दिनों में माहौल बिगड़ने की आशंका हो, वहां धारा 144 को प्रभावी किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और हर दिन शाम को पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग जरूर करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी अपराधी की किसी अराजक घटना में दोबारा संलिप्तता पाई जाए तो चार्जशीट में इसका भी उल्लेख करें।

कार्यालयों में रोज सुनवाई हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि तहसीलों व प्राधिकरणों जैसे जन हित से सीधा जुड़ाव रखने वाले कार्यालयों में हर दिन एक घंटे की अवधि जनसुनवाई के लिए नियत है। इस अवधि में अधिकारी जनता से मिलें, उनकी समस्याएं सुनें और मेरिट पर उसका निस्तारण करें। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन भी जनता की समस्याओं के निदान का अच्छा माध्यम बनकर उभरी है, इसके प्रकरण लंबित न रहें।

विस्वस्तरीय है ट्रैफिक सिस्टम लोगों को करें जागरूक

आईटीएमएस

गोरखपुर, हिन्दुस्तान टीम। प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने शनिवार को नगर निगम स्थित आईटीएमएस का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ट्रैफिक और नगर आयुक्त से उन्होंने कहा कि सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए विश्वस्तरीय सुविधा दी है। इसलिए लोगों को जागरूक कर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारें। नागरिकों की तरफ से ट्रैफिक को लेकर जो शिकायतें आ रही हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ दूर करें।

शनिवार को नगर निगम पहुंचे मंत्री ने सबसे पहले ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ट्रैफिक सिस्टम को देखकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पूरा शहर आपकी निगरानी में है। इससे ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। यहां से सिर्फ ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले नागरिकों पर ही नजर न रखें बल्कि अपने जवानों की भी निगरानी करें कि वे ठीक से ड्यूटी दे रहे हैं या नहीं। तभी ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त होगी। इसके

निर्देश

- आईटीएमएस का प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने किया निरीक्षण
- कहा, ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के साथ तैनात जवानों पर भी रखें नजर

बाद मुख्य अभियंता सुरेश चंद ने उन्हें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्रजेंटेशन दिया।

इसके साथ ही इंसेफेलाइटिस को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी गई। लेखाधिकारी अमरेश पाल ने आरएफआईडी सिस्टम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम से डीजल और पेट्रोल खर्च में बचत की गई है। जो लोगों के आर्थिक स्थिति में सुधार में काफी कारगर साबित होगा। यहां से सिर्फ नियम तोड़ने वालों पर ही नजर न रहेगी बल्कि जवानों की भी निगरानी आसानी से रखी जा सकेगी।

विवाहिता के साथ छेड़खानी, केस दर्ज

गगहा। गगहा क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात मायके आई विवाहिता के साथ छेड़खानी का हुई। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है जबकि एक फरार है। विवाहिता बड़ी बहन के साथ शुक्रवार की रात 9 बजे सड़क पर टहल रही थी तभी गांव के दो युवकों ने उसके साथ अश्लील हरकत की।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को पकड़ा

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने नाबालिग आरोपियों पर केस दर्ज कर उन्हें पकड़ लिया है।

जानकारी के मुताबिक, घटना दस दिन पुरानी है। दस दिन पहले 14 वर्षीय किशोरी किसी काम से निकली थी। इसी दौरान उसी उम्र के लड़कों ने पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। घरवालों का कहना है कि लोकलज्जा के डर से किसी को सूचना नहीं दिए थे। अब तहरीर आने पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा है।

हत्या और लूट के आरोप से दोषमुक्त

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवरिया निवासी जुगुल किशोर राय, सिकरीगंज थाना क्षेत्र के रग्फूपुर निवासी राणा प्रताप सिंह एवं बस्ती जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर रेवती निवासी गंगा प्रसाद सिंह को हत्या व लूट के मामले में साक्ष्य के आभाव में दोष मुक्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष का कहना था कि 12 अगस्त 2004 को वादी अच्युतानंद चतुर्वेदी के बड़े भाई सर्वजीत चौबे दिन में 1.30 बजे भारतीय स्टेट बैंक शाखा मोलनापुर से 41 हजार रुपया लेकर आ रहे थे। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम देवरिया के पश्चिम करीब 5 सौ मीटर दूर पीछे से एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और सर्वजीत चौबे को चाकू मारने के बाद रुपया छीनकर फरार हो गए। सर्वजीत चौबे की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

गोरखपुर। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित किरन प्रकाश को घंटाघर जामा मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। किरन प्रकाश पर एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि कोतवाली थाने में वर्ष 2020 में 363, 366, 376ए, 376बी और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत किरन प्रकाश पुत्र प्रकाश राजाराम निवासी राजू की दुकान शेषपुर थाना राजघाट स्थायी पता वस्तवडे थाना ताशगांव जनपद शांगली महाराष्ट्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। उसने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म किया था। पिछले दो साल से किरन प्रकाश फरार चल रहा था।

युवती के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

गगहा, हिन्दुस्तान संवाद। गगहा पुलिस ने अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गगहा इलाके से छह जून एक युवती के अपहरण की घटना प्रकाश में आई थी।

पुलिस ने आनन्द पुत्र सुरेश निवासी रामपुर गडरी थाना गोला के खिलाफ केस दर्ज किया था। मुखबिर की सूचना पर दस मई की शाम को रामपुर गडरी इण्टर कालेज से आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ युवती को भी बरामद कर लिया। गगहा पुलिस ने युवती को परिवारीजनों को सौंप दिया।

बुर्काधारी की हरकत से साजिश का शक

फॉलोअप

समय रहते कॉलोनी के लोगों ने बचा लिया हादसा

जटेपुर उत्तरी लोहिया नगर निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव शुक्रवार की देर शाम अपनी पत्नी को दिखाने के लिए डा. अंजू की क्लीनिक पर गए थे। मझौली कम्पाउंड परिसर में उन्होंने अपनी कार खड़ी कर दी थी। इस बीच बुर्काधारी महिला बोतल में पेट्रोल लेकर आई और दो से तीन बार में उसने कार के पहिये पर पेट्रोल डाला। इस दौरान बच्चे वहां खेल रहे थे। कई बार के प्रयास में महिला ने कार के टायर में आग लगाने की कोशिश की। टायर में उसने दो बार आग लगाया। उधर, बच्चों ने आग लगता देखकर शोर मचाया जिसके बाद समय रहते ही कालोनी के लोग आ गए और तत्काल आग पर काबू पाया गया।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट इलाके में स्थित मझौली कम्पाउंड में शुक्रवार की देर शाम खड़ी कार में आग लगाने वाली बुर्काधरी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिस तरह से महिला ने घटना को अंजाम दिया है उससे मामला किसी बड़ी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने मामले की जांच और खुलासे की जिम्मेदारी एसपी सिटी को सौंपी है। घटनास्थल के अलावा इलाके के अन्य जगहों की सीसी टीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी गई है।

दरअसल, शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के साथ ही देश के अन्य हिस्सों में बवाल हुआ था पर गोरखपुर में शांतिपूर्ण तरीके से जुमे का नमाज न सिर्फ सम्पन्न हुई बल्कि नमाज के बाद लोग अपने-अपने घर चले गए। कहीं से कोई प्रदर्शन या नारेबाजी की घटना सामने नहीं आई। बताया जा रहा है पूरे जिले में शांतिपूर्ण स्थिति सामने आने के बाद एक साजिश के तहत आग भड़काने की घटना का प्रयास शुक्रवार की देर शाम को कार में आग लगाकर किया गया था। हालांकि इसमें कामयाबी नहीं मिल पाई थी। मझौली कम्पाउंड में घुसी बुर्कानशीं ने पहले रेकी की, उसके बाद कार के टायर पर पेट्रोल डालकर आग लगाई थी।

स्कूटी से आई थी महिला : सीसी टीवी के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि महिला स्कूटी से पहले चौराहे तक आई। स्कूटी खड़ी कर डिक्की से बुर्का निकाल कर पहनने के बाद बोतल में रखा पेट्रोल लेकर कम्पाउंड में घुसी थी। इस संवेदनशील घटना की जानकारी स्थानीय थाने की पुलिस ने रात में अधिकारियों को नहीं दी थी। पता चलने पर एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को फटकार लगाई। एसएसपी ने खुलासे के लिए एसपी सिटी के अगुवाई में टीम बनाई है। अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

पीएफआई का नेटवर्क तलाश रहीं खुफिया एजेंसियां

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नुपूर शर्मा के विवादित बयान के बहाने माहौल खराब करने की कोशिश को देखते हुए गोरखपुर में भी स्थानीय खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। खुफिया एजेंसियों को पीएफआई से जुड़े लोगों की तलाश है। माना जा रहा है कि पीएफआई का नेटवर्क गोरखपुर में भी स्लीपर सेल की तरह काम कर रहा है। वहीं एक नेता के खिलाफ एफआईआर होने के बाद उस पार्टी के कार्यकर्ताओं पर भी नजर है। सीएए विवाद में जिन लोगों के जरिये माहौल खराब हुआ था उन पर भी पुलिस ने एक बार फिर निगाह गड़ा दिया है।

गोरखनाथ मंदिर के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद होने के नाते गोरखपुर प्रदेश के संवेदनशील जिलों में शामिल हैं। यही नहीं पिछले दिनों मुर्ताजा अब्बासी की घटना के बाद यहां और ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है। गोरखपुर के साथ ही लखनऊ की खुफिया एजंसियों की जिले के संदिग्ध इलाकों पर हर वक्त नजर रहती है। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता रहीं नुपूर शर्मा के विवादित बयान के बाद जिस तरह से पिछले दो सप्ताह से प्रदेश के अलग-अलग शहरों में खासतौर पर जुमे की नमाज के बाद बवाल हो रहा है उसे लेकर गोरखपुर में भी अलर्ट जारी है। हालांकि गोरखपुर में शांति रही पर आगे भी बनी रहे, इसके लिए पुलिस और प्रशासन तथा खुफिया एजेंसियों ने सतर्कता शुरू कर दी है। सीएए के दौरान हुए बवाल से सबक लेते हुए इस बार पुलिस-प्रशासन कोई चूक नहीं चाहता। थानेदारों से कहा गया है कि वह न सिर्फ अतिरकत सतर्कता बरतें बल्कि संवेदनशील मोहल्ले में ईंट-पत्थर इकट्ठा न होने दें।



एमएसआई ग्राउंड से ड्रोन से घरों के छत पर ईंट पत्थर की निगरानी करती पुलिस।

पिछली गलती से सबक लेकर ईंट-पत्थर तलाशे

जुमे की नमाज के बाद यूपी के कई जिलों में हुए बवाल और पत्थरबाजी से सबक लेते हुए गोरखपुर पुलिस ने अभी से सख्ती शुरू कर दी है। सीएए के दौरान हुए बवाल से सीख लेते हुए ड्रोन से संवेदनशील मोहल्लों और गलियों के साथ छतों की निगरानी शुरू हो गई है। छतों पर ईंट-पत्थर रखने वालों पर शिकंजे की तैयारी शुरू कर दी है।

पुलिस हटवाएगी छतों से ईंट पत्थरः गनाव को देखते हुए पुलिस कोतवाली, राजघाट, तिवारीपुर और गोरखनाथ इलाके के घरों से ईंट पत्थर हटवाएगी। इसके लिए शनिवार शाम 5 बजे एसपी सिटी के अगुवाई में ड्रोन से छतों की निगरानी कराई गई सीएए प्रोटेस्ट के दौरान कोतवाली के नखास में बवाल हुआ था।

नेपाल और झारखंड से दलाल कमाई का लालच देकर फंसाते हैं इन्हें, बार्डर पार कराकर बच्चों को दिल्ली-मुंबई तक पहुंचा देते हैं दलाल

मां-बाप की चूक व दलालों के चक्कर में 'बाल मजदूर'

बालश्रम निषेध

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नेपाल-बिहार व झारखंड से आए बाल मजदूरों के साथ ही स्थानीय स्तर पर पढ़ाई की जगह अपने मां-बाप के साथ काम कर रहे 300 से ज्यादा बाल श्रमिकों को गोरखपुर मंडल में पिछले एक साल में मुक्त कराया गया है। ज्यादातर मामलों में उनके मां-बाप की काउंसलिंग कर विभाग ने बच्चों से मजदूरी की जगह शिक्षा दिलाने पर जोर दिया।

वहीं दूसरे प्रदेश या फिर नेपाल से मजदूरी के लिए ले आए गए बच्चों को विभिन्न संगठनों के जरिये उनके घर पहुंचाया। बच्चों से पूछताछ के आधार पर पता चला कि दलालों के जरिये इन बच्चों को होटल-ढाबा सहित अन्य जगहों पर काम के लिए ले आया गया था। इस मामले में गोरखपुर में एएचटी थाना ने पांच तो वहीं श्रम विभाग ने भी पांच परिवाद दर्ज किया है।

जिले में एएचटी थाना ने बालश्रमिकों के साथ ही भीख मांगने वाले गिरोह के चंगुल में फंसे किशोर को मुक्त कराकर मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहा है। श्रम विभाग व अन्य संगठन भी इस काम में लगा हुआ है। एएचटी थाना प्रभारी की मानें तो होटल, ढाबा, फैक्ट्री व दुकान में काम करने वाले जिन बालक व बालिका को मुक्त कराया गया वह मजबूरी में काम कर रहे थे। शिक्षित न होने की वजह से उनके परिवारीजनों ने भी उन्हें स्कूल की जगह काम करने भेज दिया।

परिवार की काउंसलिंग की गई तो वे बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयार हो गए। एक जनवरी से 31 दिसंबर 2020 तक 161 बालक व 14 बालिका को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। 2021 में जनवरी से 12 जून तक 34 बालक व एक बालिका का रेस्क्यू हुआ है। 12 जून 2021 से 12 जून 2022 तक 100 से ज्यादा बालश्रम व भीख मांगने वाले बच्चों को जिले में रेस्क्यू किया। महराजगंज में 105 तो कुशीनगर और देवरिया में भी 100 से को बालश्रम से मुक्त कराया।



मां-बाप का साथ छूटा तो मजदूरी करने लगी बेटी

शाहपुर की एक बेटी चौथी क्लास में पढ़ रही थी। उसके माता-पिता का सड़क हादसे में देहांत हो गया। उसे व उसके भाई को रिश्तेदार अपने साथ ले गए। लेकिन वो भी गरीब थे, लिहाजा पढ़ाई छूट गई। इसके बाद पेट भरने को वह दूसरों के घरों में जाकर बर्तन साफ करने लगी। बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत भाई-बहन स्कूल जाने लगे हैं।

पिता का साया हटा तो सब्जी बेचने लगी बेटी

गुलरिहा इलाके में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली दो बच्चियों के सिर से पिता का साया उठ गया था। मां को ससुराल वालों ने निकाल दिया। मां दो बेटियों को लेकर मेहनत मजदूरी करने लगी। मां के साथ ही पेट भरने के लिए बेटियां भी सब्जी की दुकान लगाती थीं। बाल श्रमिक योजना में नाम आने के बाद बेटियां अब फिर स्कूल जाने लगी हैं।

मां छोड़ गई तो दुकान पर करने लगा काम

चरगांवा इलाके का सूरज तीसरी कक्षा में सरकारी स्कूल में पढ़ता था। पिता बीमार हो गए और बिस्तर पकड़ लिए। इधर मां भी उसे छोड़कर चली गई। इसके बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी और पास के एक चाय की दुकान में काम करने लगा और अपना व अपने भाई का पेट पालने लगा। इस दौरान यह योजना आई जिससे उसे व उसके भाई को लाभ मिल रहा है।

श्रम विभाग ने अभियान चलाकर कराया मुक्त

जिले में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों के संयुक्त अभियान में वर्ष 2022-23 में 5 बाल/किशोर श्रमिक चिह्नित किए गए जिनके शैक्षिक/आर्थिक पुनर्वासन की कार्यवाही विभाग के तरफ से की जा रही है। उनके सेवा योजकों के विरुद्ध भी विभाग की तरफ से विधिक कार्यवाही की जा रही है। एक जून से 30 जून तक बाल श्रमिकों के अवमुक्तिकरण/चिन्हांकन का अभियान चलाया जा रहा है।

70 से ज्यादा बाल श्रमिक मुक्त कराए गए मंडल के चारों जिलों से बीते एक साल में

शिक्षा संग वजीफा भी

बाल श्रमिक विद्या योजना के अंतर्गत बाल श्रमिकों को हर महीने एक हजार व लड़कियों को 1200 रुपये मिलते हैं। बाल मजदूर स्कूल तक पहुंचें इसके लिए सरकार ने उनके मां-बाप को प्रोत्साहित करते जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिए हैं।

योजना के लिए पात्रता

बाल श्रमिक विद्या योजना के तहत शिक्षा से वंचित बच्चों को पढ़ने की सुविधा मिलती है। उन बाल श्रमिकों को वरीयता मिलेगी जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी हो या माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु हो चुकी हो या जिनके मां-बाप दिव्यांग हों।

जिले के 20 हॉटस्पॉट आज बालश्रम मुक्त किए जाएंगे

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को लखनऊ में गोरक्षनगरी के 20 हॉटस्पॉट को बालश्रम मुक्त घोषित करेंगे। सभी हॉट स्पॉट से 8 पार्षद एवं 12 ग्राम प्रधान उप श्रम आयुक्त कार्यालय से शनिवार की सुबह 8 बजे लखनऊ के लिए बस से रवाना होंगे। उप श्रम आयुक्त अमित कुमार मिश्रा हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। बाल श्रम मुक्त घोषित गांवों के प्रधान एवं वार्ड पार्षद को मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे।

एक जून को बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति एवं बाल श्रम टास्क फोर्स गोरखपुर की संयुक्त बैठक में गोरखपुर नगर निगम के 8 वार्डों एवं 12 ग्राम पंचायतों को बालश्रम मुक्त घोषित किया। उप श्रम आयुक्त ने बताया कि साल 2018-19 में नया सवेरा योजना के अंतर्गत यूनिसेफ के सर्वेक्षण में इन वार्डों एवं ग्राम पंचायतों का चयन किया गया। बच्चों को चिन्हित कर शिक्षण संस्थाओं में दाखिल कराया।

यहां करें शिकायत

सीडीओ इंद्रजीत सिंह ने बाल श्रम शिकायत की वेब पोर्टल पेंसिल पोर्टल **http://pencil.gov.in** पर ऑनलाइन शिकायत करने के संबंध में जानकारी दी। कहा कि कोई भी बालश्रम की ऑनलाइन शिकायत इस पोर्टल पर कर सकता है।

बाल श्रम रोकने को सामाजिक पहल हो

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मानव सेवा संस्थान सेवा द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस की पूर्व संध्या पर 'बाल श्रम उन्मूलन में मीडिया की भूमिका' पर संवाद आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजन के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम शुरुआत मानव सेवा संस्थान के निदेशक राजेश मणि ने विस्तृत रूप से विश्व व भारत और प्रदेश के बाल श्रम में लिप्त बच्चों के आंकड़ों एवं विभिन्न कानूनी ढांचे एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा की गई पहल को रखा। उन्होंने बताया कि बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह के तहत देश के विभिन्न राज्यों में अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश के 10 जिलों को चिन्हित किया गया है जिसमें गोरखपुर भी है।

डॉ. ओमकार नाथ तिवारी ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन की जिम्मेदारी समाज के हर वर्ग की है। सरकारी, गैर सरकारी तथा समाज के हर व्यक्ति के योगदान से ही बाल श्रम को समाप्त किया जा सकता है। प्रो. हर्ष ने मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पत्रकारिता की ताकत व क्षमता को ऐसे संवेदनशील मुद्दों से सम्बंधित लेखन एवं प्रकाशन स्वतंत्र रूप से करना चाहिए। कार्यक्रम में संस्थान के प्रोग्राम मैनेजर रोहन सेन, मो शमून, चंद्रशेखर सिंह उपस्थित रहे।



बाल श्रम दिवस की पूर्व संध्या पर एक होटल में मानव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सेमिनार में बोलते प्रो ओंकार नाथ त्रिपाठी एवं मंच पर बैठे प्रो हर्ष सिन्हा व राजेश मणि।

2022 के अंत तक बढ़ेगी संख्या: निदेशक मानव सेवा संस्थान राजेश मणि ने बताया कि बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र बाल श्रम ज्यादा है। यूपी में बाल श्रमिकों की संख्या सर्वाधिक है। वैश्विक अनुमानों से संकेत मिलता है कि 160 मिलियन बच्चे, 63 मिलियन लड़कियां और 97 मिलियन लड़के 2020 के आरम्भ में विश्व स्तर पर बाल श्रम में थे।

पब्लिक की नजर में सुधर रही पुलिस की कार्यप्रणाली

ऑनलाइन सर्वे

55 सौ से अधिक लोगों ने सर्व में रखे आपने मत

- 45 प्रतिशत ने पुलिस की कार्यप्रणाली बताया उत्तम
- मार्च ,अप्रैल में नहीं आए थे संतोषजनक रिजल्ट

तुलनात्मक आंकड़ा

विषय	मई
• ट्वीटर	44.14
• एफआईआर	23.00
• पीआरवी रिस्पांस	72.5
• आईजीआरएस	26.4
• डायरेक्ट पोल	55.4

सभी आकड़े फीसदी में हैं।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। ऑन लाइन सर्वे में गोरखपुर पुलिस की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। जून के पहले सप्ताह में हुए सर्वे में कुल 5549 लोगों ने अपना मत रखा जिसमें 45 प्रतिशत ने पुलिस की कार्यप्रणाली को अति उत्तम बताया है।

जबकि 12 प्रतिशत ने उत्तम, 18 प्रतिशत ने साधारण और 26 प्रतशित ने खराब बताते हुए पोल किया है। लगातार दो बार के सर्वे से इस बार गोरखपुर पुलिस की स्थिति जनता की नजर में और ज्यादा सुधरी है। शुरुआती मार्च में गोरखपुर पुलिस की स्थिति सबसे खराब थी। अप्रैल के परिणाम में हल्का सुधार हुआ था। हालांकि एफआईआर और आईजीआरएस में अभी बहुत ज्यादा सुधार नहीं दिख रहा है।

दरअसल, पुलिस की कार्यप्रणाली कैसी है यह जानने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार प्रत्येक महीने के पहले सप्ताह में ट्वीटर पर पोल कराते हैं। जिसमें आईजीआरएस, ट्वीटर आने वाली शिकायतें, एफआईआर दर्ज कराने वाले वादी, पीआरवी रिस्पांस और डाइरेक्ट पोल को शामिल किया जाता है। मार्च से शुरू हुई फीडबैक के आधार पर जिले की पुलिस की ग्रेडिंग तय होती है। मार्च की अपेक्षा अप्रैल में जनता की संतुष्टि का प्रतिशत ज्यादा पाया गया है। पुलिस अधिकारियों को उम्मीद है कि अगले चरण में इसमें और ज्यादा सुधार दिखेगा और पुलिस पर लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा। अपनी समस्याओं को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत का मामला हो या फिर एफआईआर के वादी की संतुष्टि का मामला हो इसमें बहुत ज्यादा सुधार नहीं दिख रहा है।

पुलिस पर बढ़ा जनता का भरोसा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : आनलाइन सर्वे में गोरखपुर पुलिस की स्थिति सुधरी है। एक से सात जून तक चले मई के सर्वे में कुल 5549 लोगों ने भाग लिया। इस सर्वे में 45 प्रतिशत ने पुलिस की कार्यप्रणाली को अति उत्तम बताया। 12 प्रतिशत ने उत्तम, 18 प्रतिशत ने साधारण और 26 प्रतिशत ने खराब बताते हुए वोट किया। हालांकि, इस बार सर्वे में गोरखपुर पुलिस की स्थिति जनता की नजर में सुधरी है। जबकि शुरुआती मार्च और अप्रैल में गोरखपुर का परिणाम संतोषजनक नहीं रहा था।

पुलिस की कार्यप्रणाली कैसी है यह जानने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ट्विटर पर पोल कराते हैं। इसमें आइजीआरएस, ट्विटर पर आने वाली शिकायतें, एफआइआर दर्ज कराने वाले वादी, पीआरवी रेस्पांस और डाइरेक्ट पोल को शामिल किया गया है। फीडबैक के आधार पर जिले की पुलिस की ग्रेडिंग तय होती है। मार्च की अपेक्षा अप्रैल में जनता की संतुष्टि का प्रतिशत ज्यादा पाया गया है। पुलिस अधिकारियों को उम्मीद है कि अगले चरण में पुलिस पर लोगों का भरोसा और बढ़ेगा।

गोरखपुर पुलिस से संतुष्ट लोगों का तुलनात्मक आंकड़ा

विषय	मई
ट्विटर	44.14
एफआईआर	23.00
पीआरवी रेस्पांस	72.5
आइजीआरएस	26.4
डायरेक्ट पोल	55.4

आनलाइन सर्वे में 45 प्रतिशत लोगों ने उत्तम बताई कार्यप्रणाली मार्च व अप्रैल में संतोषजनक नहीं था जिला पुलिस का परिणाम



मार्च और अप्रैल के मुकाबले मई के परिणाम में गोरखपुर पुलिस की स्थिति में काफी सुधार आया है। कुछ बिंदुओं पर कमी पायी गई है जिसे दूर करने के निर्देश एसएसपी को दिए गए हैं। उम्मीद है कि अगले माह स्थिति और बेहतर होगी।

अखिल कुमार, एडीजी जोन

पेट्रोल कम देने पर बुला ली पुलिस

भटहट : सरैया बाजार में स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बाइक सवार को कम तेल दे दिया। शुक्रवार की शाम इसको लेकर नोकझोंक होने पर युवक ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस बुला ली। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्ष को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। नाहरपुर निवासी शुभम शुक्रवार की शाम सरैया पेट्रोल पंप पर पहुंचा। शुभम का आरोप है कि उसने बाइक में 100 रुपये का पेट्रोल डलवाया। टंकी से पेट्रोल निकाला तो 500 एमएल पेट्रोल निकला। (जास)

चिह्नित किए जा रहे उपद्रवी, ड्रोन से घरों की निगरानी

कोतवाली, तिवारीपुर और राजघाट क्षेत्र में एसपी कर रहे गश्त, छत पर ईंट-पत्थर मिला तो होगी कार्रवाई



ड्रोन कैमरे की निगरानी में घंटाघर क्षेत्र ● जागरण



इस्लामिया इंटर कालेज परिसर से कोतवाली क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी करते एसपी सिटी ● जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जुमे की नमाज के बाद कई जगह उपद्रव होने को लेकर जिले की पुलिस अलर्ट पर है। एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर गोरखपुर जिले की पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। संवेदनशील मोहल्ले में ड्रोन से निगरानी के साथ ही गश्त बढ़ा दी गई है। छतों पर ईंट-पत्थर रखने वालों को चिह्नित करने के साथ ही उन पर निरोधात्मक कार्रवाई होगी।

सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) के विरोध के दौरान कोतवाली क्षेत्र में उपद्रवियों ने नखास, घंटाघर-बक्शीपुर रोड पर पत्थरबाजी की थी। उससे सबक लेते हुए पुलिस ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार से एसपी सिटी की अगुवाई में ड्रोन से छत पर पत्थर रखने वालों की तलाश शुरू की गई। दोपहर बाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्लों में पुलिस ने ड्रोन उड़ाया। खुफिया एजेंसी और मुखबिरों को भी सक्रिय कर दिया गया है। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि उपद्रव करने वालों से पुलिस सख्ती से पेश आएगी। संवेदनशील क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी के साथ ही पुलिस गश्त कर रही है।

एडीजी ने दिए ये निर्देश :

●सभी धर्मगुरुओं व गणमान्य व्यक्तियों से लगातार संवाद स्थापित करते रहें। ●स्थानीय खुफिया एजेंसी को ब्रीफ कर सूचना संकलन कराएं। ●जिले में उपलब्ध पुलिसबल/जनशक्ति व संसाधनों का आडिट कर समुचित उपयोग किया जाए। ●घृणा फैलाने वाले संदेश/अफवाह का जिले की मीडिया सेल तत्काल खंडन करें। ●सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर पुलिस पिकेट व पर्याप्त फोर्स तैनात कर दें। ●मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में व्यापक पेट्रोलिंग और फ्लैग मार्च की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ●कप्तान सांप्रदायिक रूप से चिन्हित हाट-स्पाट की सूची तैयार कर लें। ●जिले में उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरण के अतिरिक्त फायर टेंडर, वज्र वाहन हर दशा में तैयार रखे जाएं। ●संवेदनशील स्थानों के लिए थानेदार पोस्टर पार्टी तैयार करें, जिसे प्रभावी कार्रवाई के लिए भेजा जाए। ●सांप्रदायिक आंदोलनकारियों एवं अराजकतत्वों को चिन्हित कर उनकी निगरानी की जाए। ●डायल-112 व अपाची दस्तों को संवेदनशील स्थानों के आसपास भ्रमणशील रखा जाए। ●बाजार व धार्मिक स्थलों के पास लगे सीसी कैमरे ठीक करा लिए जाएं। ●किसी भी धार्मिक धरना-प्रदर्शन के दौरान समस्त कार्रवाई की फोटोग्राफी व वीडियो रिकार्डिंग कराई जाए।



घंटाघर क्षेत्र में उड़ता ड्रोन ● जागरण

कोई सोच भी न सके माहौल बिगाड़ने की बात : योगी



राज्य ब्यूरो, लखनऊ : पहले कानपुर और फिर जुमे की नमाज के बाद प्रयागराज सहित कई शहरों में असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। ऐसे दंगाइयों से निपटने के लिए सरकार ने भी पूरी तरह कमर कस ली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

योगी ने दिए निर्देश

पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से दो टूक कह दिया है कि ऐसी कार्रवाई करें, जो नजीर बने। फिर कोई भी प्रदेश का माहौल बिगाड़ने की बात सोच भी न सके। ऐसी घटनाओं के दोबारा प्रयास का अंदेशा जताते हुए योगी ने पुलिस-प्रशासन को चौबीसों घंटे अलर्ट मोड में रहने के लिए कहा है। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी निर्दोष को छेड़ें नहीं और एक भी दोषी को छोड़ें नहीं। कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाए।

संबंधित खबर >> 13

बच्चे समेत दिव्यांग महिला ने घर के बाहर डाला डेरा

- मूकबधिर महिला के पति की दूसरी शादी करा चुके हैं स्वजन
- महिला का पति भी है मूकबधिर, शादी से छह माह का है बच्चा

जागरण संवाददाता, पीपीगंज : एक दिव्यांग महिला ने अपने छह माह के बच्चे के साथ एक घर के बाहर डेरा डाल दिया है। वह वहां अपना बिस्तर व राशन पानी लेकर पहुंच गई है। महिला सुन व बोल नहीं सकती है। महिला ने इशारे से बताया कि उस घर में उसका पति रहता है। वह भी उसकी भांति सुन व बोल नहीं सकता है। उसके घर वालों ने पति की दूसरी शादी करा दी है। उसकी जिद है कि वह अपने पति के ही घर पर रहेगी, लेकिन इसके लिए स्वजन तैयार नहीं हैं।

मामला पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल कौड़िया का है। महिला लिखकर शादी की फोटो व वीडियो दिखाकर लोगों को बता रही है कि कस्बे के एक मूकबधिर युवक से उसका कई वर्षों से प्रेम संबंध है। दो वर्ष पूर्व दोनों ने शादी कर ली, लेकिन युवक के घरवाले उस शादी को मानने को तैयार नहीं थे। ऐसे में शादी के कुछ दिन बाद उन्होंने उसे घर से निकाल दिया। अब उन्होंने उसकी दूसरी शादी करा दी है। शुक्रवार से घर के बाहर आकर बैठ गई। उसके साथ छह माह का एक बच्चा भी है। महिला ने बताया कि यह उसके पति की ही संतान हैं। महिला ने बताया कि वह अब पति के साथ ही घर में रहेगी। जब तक उसे नहीं रखा जाएगा, वह घर के सामने से नहीं हटेगी। पीपीगंज थाने के कौड़िया जंगल के प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वह मौके पर गए थे। यह मामला पहले से महिला थाने में लंबित है। इस संबंध में उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है।

साक्ष्य के अभाव में हत्या के तीन आरोपित बरी

गोरखपुर : हत्या व लूट के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने हरपुर बुद्दहट थाना क्षेत्र के देवरिया निवासी जुगुल किशोर राय, सिकरीगंज थाना क्षेत्र के रग्फूपुर निवासी राणा प्रताप सिंह एवं बस्ती जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के रामपुर रेवती निवासी गंगा प्रसाद सिंह को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त घोषित कर दिया है। 12 अगस्त 2004 को वादी अच्युतानंद चतुर्वेदी के बड़े भाई सर्वजीत चौबे दिन में 1.30 बजे भारतीय स्टेट बैंक शाखा मोलनापुर से 41 हजार रुपये लेकर आ रहे थे। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम देवरिया के पश्चिम करीब पांच सौ मीटर दूर पीछे से एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति आये और सर्वजीत चौबे को चाकू मारकर रुपये छीनकर फरार हो गए। सर्वजीत चौबे की मौके पर मौत हो गई। न्यायालय ने आरोपितों के खिलाफ साक्ष्य न पाते हुए उन्हें दोषमुक्त कर दिया।

चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

जासं. गोरखपुर : राजघाट पुलिस ने शनिवार की सुबह चोरी की बाइक के साथ बदमाश को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राजघाट संजय मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शनिवार की सुबह हार्बर्ट बांध के पास शाहपुर के बशारतपुर, अशोकनगर निवासी मनीष कश्यप को चोरी की बाइक के साथ पकड़ गया। बदमाश पर चोरी व एनडीपीएस एक्ट के पांच मुकदमे दर्ज हैं।

दो साल से फरार अपहरण व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : दो साल से फरार अपहरण व दुष्कर्म के आरोपित को कोतवाली पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार किया। आरोपित पर 25 हजार रुपये का इनाम था। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शनिवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के शांगली जिले के ताशगांव, वस्तवड़े का रहने वाला किरन प्रकाश राजघाट के शेषपुर में रहता था। दो साल पहले उसने एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म किया था।

होगी 2.36 लाख की वसूली

चौरी चौरा उपद्रव : आरोपितों के घर वसूली के लिए जाएगा नोटिस

जासं, गोरखपुर : चौरी चौरा के भोपा बाजार चौराहे पर बीते मार्च में प्रदर्शन के दौरान उपद्रवियों ने 2.36 लाख रुपये का नुकसान किया था। उन्होंने पुलिस के नौ वाहन क्षतिग्रस्त किए थे। अन्य वाहनों पर पथराव भी किया था। उपद्रवियों द्वारा किए गए नुकसान का आकलन राजस्व विभाग की टीम ने कर लिया है। अब इसकी वसूली के लिए घटना के मुख्य आरोपितों को नोटिस भेजा जाएगा।

बीते 25 मार्च को चौरी चौरा के भोपा बाजार चौराहे पर सेना के जवान को बलिदानी का दर्जा दिलाने के लिए स्वजन ने प्रदर्शन किया था। उसमें कुछ उपद्रवी भी शामिल हो गए थे। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान पुलिस के नौ वाहनों में तोड़फोड़ की थी। अन्य वाहनों पर पथराव किया था। इसे लेकर 67 नामजद सहित दो सौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तहसील प्रशासन से नुकसान का आकलन कराया। राजस्व कर्मियों ने अपनी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी चौरी चौरा को भेज दी है। उसमें 2.36 लाख रुपये के नुकसान की बात कही गई है। एसएसपी डा.विपिन कुमार ताडा ने इस अभियान के लिए पुलिस अधीक्षक उत्तरी को नोडल बनाया था। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने बताया नुकसान की रिपोर्ट मिल चुकी है। अब तहसील प्रशासन के माध्यम से 12 मुख्य आरोपितों के घर नोटिस भेजा जाएगा। आरोपितों से नुकसान की वसूली की जाएगी।

रंजिश में मारपीट, पथराव के बाद गिराई मंदिर की दीवार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मानबेला गांव में शनिवार की सुबह पुरानी रंजिश में मारपीट, पथराव के बाद एक पक्ष ने मंदिर की दीवार गिरा दी। घटनास्थल पर पहुंचे एसएसपी ने लापरवाही में चौकी प्रभारी व दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। गांव में तनाव को देखते हुए पीएसी तैनात कर दी गई है।

- **लापरवाही में फर्टिलाइजर चौकी प्रभारी व दो सिपाही लाइन हाजिर**
- **तनाव को देखते हुए मानबेला गांव में तैनात की गई पीएसी**

मानबेला गांव में रहने वाले निषाद एवं कपाड़िया परिवार के बीच वर्चस्व को लेकर कई बार मारपीट हो चुकी है। 15 मई को गांव के महादेव की लड़की की शादी के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को जेल भेजा था। इसी रंजिश में शुक्रवार की शाम दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। गांव में पहुंची चिलुआताल पुलिस दोनों पक्षों को समझाने के बाद लौट आयी। शनिवार की सुबह दोनों पक्ष के लोग फिर आमने-सामने आ गए। मारपीट के बाद पथराव में तीन लोग घायल हो गए। आरोप है कि एक पक्ष ने मंदिर की दीवार गिरा दी। घटना की जानकारी होने पर फोर्स के साथ एसएसपी डा.विपिन ताडा, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी व सीओ कैंपियरगंज पहुंच गए। लापरवाही के आरोप में एसएसपी ने फर्टिलाइजर चौकी प्रभारी आशीष सिंह व दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। निषाद पक्ष के प्रदीप की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस ने मारपीट, बलवा व धमकी देने व कपाड़िया पक्ष के अनिल की तहरीर पर बलवा, मारपीट, धमकी व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। सीओ कैंपियरगंज मामले की विवेचना कर रहे हैं।

डंपर की चपेट में आए बाइक सवार मजदूर की मौत

जासं. भटहट : बरगद्ही शिव मंदिर के पास शनिवार की शाम तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आए बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर लेकर चालक फरार हो गया। चिलबिलवा गांव के पड़हिया टोला निवासी ईश्वर निषाद शाम पांच बजे बरगद्ही स्थित पोखरे से मछली निकाल कर बेचने के लिए बाइक से भटहट जा रहे थे। बरगद्ही शिव मंदिर के पास डंपर ने उन्हें ठोकर मार दी। गुलरिहा पुलिस ईश्वर को मेडिकल कालेज ले गई, जहां मौत हो गई।

दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

बांसगांव। पुलिस ने विवाहिता रिंकी से मारपीट और दहेज उत्पीड़न के मामले में ससुराल वालों पर केस दर्ज किया है। रिंकी ने तहरीर में लिखा है कि कौड़ीराम निवासी सूरज राय से उसकी शादी हुई है। शादी के बाद से ही पति, सास मीनू राय और ससुर जयप्रकाश राय रुपये की मांग करते और न देने पर मारते पीटते हैं। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

ट्रैफिक सिस्टम ऑनलाइन होने से नियम पालन का बन रहा वातावरण : स्वतंत्र देव

प्रभारी मंत्री ने आईटीएमएस व्यवस्था का किया निरीक्षण, निपुण भारत सेंटर के संचालन की व्यवस्था देखी

अमर उजाला ब्यूरो





स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को नगर निगम स्थित आईटीएमएस सेंटर का निरीक्षण किया। गोविंद गोशाला जाकर गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया। संवाद

गोरखपुर। तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन प्रदेश के जल शक्ति मंत्री व जिले के प्रभारी स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को जिले की गोविंद गौशाला, विकास भवन स्थित निपुण भारत सेंटर और नगर निगम स्थित आईटीएमएस सेंटर का निरीक्षण किया। वहां की व्यवस्थाओं और कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ भी मौजूद रहे। गौशाला में मंत्री समूह ने गायों को गुड़ और हरा चारा भी खिलाया। उन्होंने चारा की उपलब्धता और भूसा दान दिए जाने की स्थिति भी पूछी।

आईटीएमएस के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि ट्रैफिक सिस्टम ऑनलाइन होने से समाज में नियम पालन करने का एक वातावरण बन रहा है। कहा कि गोरखपुर में रामगढ़ताल के पास लोगों को अच्छा पर्यटन स्थल मिला है। पर्यटन का बड़ा केंद्र बनकर उभरने से लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। विकास भवन में निपुण भारत सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इस सेंटर के माध्यम से बेसिक शिक्षा के स्कूल की निगरानी के साथ छात्र / छात्राओं को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रभारी मंत्री शनिवार की दोपहर कुशीनगर प्रस्थान कर गए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ इंद्रजीत सिंह समेत कई विभागों के अफसर मौजूद रहे।

दिव्यांग महिला बच्चे के साथ घर में घुसने की जिद पर अड़ी

पीपीगंज। इलाके के एक गांव में 25 वर्षीय मूकबधिर महिला एक बच्चे के साथ घर में घुसने के जिद पर अड़ी है। आरोप है कि युवक ने उससे शादी की थी, लेकिन अब साथ नहीं रखना चाहता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम सभा जंगल कौड़िया के मुख्य चौराहे के निकट महिला मौजूद है। इशारे में जो कुछ बता पा रही है, उससे यही समझ में आ रहा है कि उसने प्रेम विवाह किया था, जिससे डेढ़ साल का बच्चा है। लेकिन, अब उसे घर में नहीं रखा जा रहा है। चौकी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मौके पर गए थे, लेकिन दोनों का मामला महिला थाने पर चल रहा है। हमें कोई तहरीर नहीं मिली हैं। ब्यूरो

विवाहिता से छेड़खानी एक गिरफ्तार

गगहा। इलाके के एक गांव में घर के बाहर टहल रही विवाहिता से छेड़खानी का मामला सामने आया है। शुक्रवार रात नौ बजे हुई घटना में पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, महिला पति के साथ मायके आई थी। ब्यूरो

अफसर कर रहे माथापच्ची, थानेदार मौज

छोटे से लेकर बड़े मामलों में बिना आदेश के नहीं दर्ज होता केस, पुलिस अफसरों ने शुरू की निगरानी, होगा मूल्यांकन

विशेष खबर

शिवम सिंह

गोरखपुर। आमलोगों को कानूनी मदद दिलाने में अफसर माथापच्ची कर रहे हैं, तो थानेदार मौज। हालात ऐसे है कि नाली-खड़ंजा का विवाद हो या फिर लूट, दुष्कर्म, हत्या की कोशिश जैसे गंभीर अपराध के मामले, सभी में अफसरों को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है।

घटना के बाद पुलिस महज शांतिभंग में दोनों पक्ष का चालान कर अपने काम की इतिश्री कर दे रही है। मामला अफसरों के संज्ञान में आने के बाद ही केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई हो रही है। इसकी बानगी पुलिस अफसरों के दफ्तर में रोजाना देखने को मिल रही है। सभी दफ्तरों में फरियादियों की लंबी कतार लग रही है।

यूं तो घर के करीब थाने-चौकी पर ही न्याय मिल जाना चाहिए, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पा रहा। छोटे से लेकर बड़े मामले में बिना पुलिस अफसर के आदेश के एफआईआर दर्ज कर न्याय देने की जहमत थाने-चौकी पर बैठे पुलिसकर्मी नहीं उठाना चाहते हैं। कई मामले तो ऐसे सामने आ रहे हैं, जिसमें आदेश के बाद भी पुलिसकर्मी कार्रवाई की जगह बगले झांकते हैं। फटकार के बाद ही कार्रवाई की ओर अपना एक कदम बढ़ाते हैं।

एडीजी जोन, डीआईजी रेंज, एसएसपी हो या फिर एसपी सिटी, एसपी साउथ, एसपी नार्थ सभी के दफ्तरों में रोजाना 150 से ज्यादा फरियादी प्रार्थना पत्र लिए अपनी बारी का इंतजार करते है। अब अफसरों ने आने वाले फरियादियों की मानीटरिंग शुरू कर दी है, ताकि थानेदार का मूल्यांकन हो सके।

केस 1

छह जून को बड़हलगंज के कोल्हुआ गांव में घर में घुसकर दंपती के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आरोप था कि नकदी, जेवरात भी उठा ले गए। तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने मामले में केस दर्ज नहीं किया। मामला अफसरों के संज्ञान में आया तो एसपी के निर्देश पर नौ जून को पुलिस ने डकैती, लूट, मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। सख्ती के बाद पुलिस ने अब मामले में कार्रवाई तेज कर दी है।

केस 2

सात जून को कैंपियरगंज पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को जेल भेजा। इस मामले में सात महीने से आंध्र प्रदेश के विशाखापट्नम की एक महिला दौड़ रही थी। धर्मांतरण कराकर उससे दुष्कर्म और फिर उसकी बच्ची के साथ भी इस तरह की घटना सामने आई थी। महिला एसएसपी के पास पहुंची, तब पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की। इसमें भी धर्मांतरण और पॉक्सो का धारा लगाना पुलिस भूल गई।

केस 3

आठ जून को सहजनवां पुलिस ने एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में केस दर्ज किया। पीड़ित बांसगांव के घईसरा गांव निवासी सतीश बरात गए थे। बरात में विवाद के बाद रास्ते में उन पर चाकू, डंडे से हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया गया था। पीड़ित बांसगांव से लेकर सहजनवां तक फरियाद लिए दौड़ रहा था। आखिरकार एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

केस 4

नौ जून को गुलरिहा पुलिस ने कानपुर के एक व्यापारी की तहरीर पर जालसाजी का केस दर्ज किया। पीड़ित कानपुर के सिविल लाइंस निवासी संजीव अग्रवाल डेढ़ महीने पहले अपनी फरियाद लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया और वह कानपुर लौट गए। दोबारा कानपुर से केस दर्ज कराने आए और सात जून को एसएसपी से मुलाकात की, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

न्याय मांगने वाले को भी मारने वाले जैसी सजा

***जिले की** पुलिस धारा 151 (शांतिभंग) को कानूनी हथियार बना चुकी है। मारपीट के मामले में अगर पीड़ित ने पुलिस से मदद मांगी तो उसे भी उतनी ही सजा मिलती है, जितनी को मारने वाले को। इस तरह के मामले आने पर पुलिस सही, गलत जानकर कार्रवाई की जगह, एक ही कार्रवाई सभी पर कर देती है। ऐसे में पीड़ित का न्याय पर विश्वास कम हो रहा है।*

पुलिस की लापरवाही के मामले सामने आने पर कार्रवाई की गई है। हाल के दिनों में चार पुलिसकर्मियों पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया। कई पुलिसकर्मियों की विभागीय जांच जारी है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित को त्वरित न्याय मिले, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।



- डॉ. विपिन ताडा, एसएसपी

दो साल बाद गिरफ्तार हुआ नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी

गोरखपुर। नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी किरन प्रकाश को कोतवाली पुलिस ने दो साल बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर एसएसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। फरारी के दौरान वह महाराष्ट्र में नौकरी कर रहा था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

कोतवाली पुलिस ने कोर्ट में पेश कर भेजा जेल, 25 हजार रुपये का था इनाम

आरोपी किरन प्रकाश शेषपुर, राजघाट का निवासी है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्वनोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपी के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि किरन दो साल से फरार था।

उसने एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म किया था। उसे गिरफ्तार करने के लिए टीम कई बार रवाना हुई थी, लेकिन पकड़ में नहीं आ रहा था। इसके बाद एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। शनिवार को इंस्पेक्टर कल्याण सिंह सागर की टीम ने आरोपी को घंटाघर जामा मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

मिश्रित आबादी में ईंटों और पत्थरों को तलाश रही पुलिस

एसपी सिटी ने ड्रोन कैमरे से की घरों की छतों की निगरानी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शुक्रवार जुमे की नमाज के बाद यूपी के कई जिलों में हुई पत्थरबाजी को देखते हुए गोरखपुर पुलिस सावधानी बरत रही। एसपी सिटी ने शनिवार को ड्रोन कैमरे से शहर के संवेदनशील मोहल्लों और गलियों के साथ छतों की निगरानी की है। पुलिस अफसरों ने छतों पर ईंट-पत्थर रखने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर में सीएए के दौरान पत्थरबाजी हुई थी। इसे देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है। उस समय पुलिस और प्रशासन ने सड़क और गलियों तथा छतों के पत्थर आदि पर ध्यान नहीं दिया था। जिसका नतीजा यह हुआ था कि पुलिस की कई गाड़ियां तोड़ दी गई थीं। कुछ लोग घायल भी हुए थे। अब उस चूक से सबक लेते हुए शनिवार से पुलिस ने पत्थर तलाशने का अभियान शुरू किया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार ने बताया कि कोतवाली इलाके से ड्रोन की मदद से निगरानी शुरू कर दी गई है।



छतों पर निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का किया गया इस्तेमाल। संवाद

एप की मदद से पीड़ित ने खोज ली चोरी गई बाइक

अमर उजाला ब्यूरो

आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही जांच

भटहट। कस्बे से चोरी गई बाइक को पीड़ित ने खुद ही एप की मदद से खोज लिया। पीड़ित ने इंफार्मेशन एप की मदद से गाड़ी नंबर डाला तो महराजगंज के एक शख्स का नाम आ गया। इसके बाद उसने आरटीओ से विक्रेता का नंबर हासिल कर रुपये का लालच देकर भटहट बुला लिया। आरोपी के आते ही उसे पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।

पिपराइच इलाके के ग्राम पंचायत बैलों निवासी यासीन की बाइक 31 अक्तूबर 2021 को भटहट कस्बा स्थित देशी शराब की दुकान के समीप से गायब हो गई थी। पीड़ित ने केस दर्ज कराया था। लेकिन, पुलिस बाइक को खोज नहीं पाई थी। पीड़ित इंटरनेट पर कार इंफॉर्मेशन एप के माध्यम से अपनी गाड़ी का ब्योरा खंगाला रहा था। पांच दिन पहले एप के माध्यम से जानकारी मिली कि उसकी बाइक जनवरी 2022 में महाराजगंज जनपद के मोहम्मदापुर छपिया निवासी एक व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर हो गई है। पीड़ित ने आरटीओ दफ्तर से क्रेता का पता, मोबाइल नंबर निकाल कर उससे बातचीत शुरू कर दिया। बाइक वापस कराने के लिए रुपये का लालच देकर शनिवार को भटहट कस्बे में बुला लिया। बाइक भटहट पहुंचते ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एक बाइक और एक स्कूटर के साथ तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि बड़ी रिकवरी की उम्मीद है।

सामूहिक दुष्कर्म का केस, आरोपी पकड़े गए

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नाबालिग आरोपियों पर केस दर्ज कर उन्हें पकड़ लिया है। जानकारी के मुताबिक, घटना 10 दिन पुरानी है। 14 वर्षीय किशोरी किसी काम से निकली थी। इसी दौरान उसी उम्र के दो लड़कों ने उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म किया। घरवालों का कहना है कि लोकलज्जा की डर से किसी को सूचना नहीं दी थी। अब तहरीर आने पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा है। ब्यूरो

पिपराइच : विवाहिता से मारपीट, मुकदमा दर्ज

पिपराइच। इलाके के कोनी गांव निवासी इंद्रजीत की पत्नी दुर्पती ने ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने उनके पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चौरीचौरा के बाल खुर्द निवासी किशोर ने तहरीर में आरोप लगाया कि आठ जून की रात बेटी को पति इंद्रजीत, सास लीलावती, ननद गुंजा व पल्लवी ने मारपीट कर घायल कर दिया। ब्यूरो

जालसाजों ने खाते से 15 हजार निकाले

उरुवा बाजार। इलाके के बनकटा निवासी अजीत उपाध्याय की बेटी उपमा उपाध्याय के खाते से जालसाजों ने कई बार 15 हजार रुपये निकाल लिए। जानकारी के मुताबिक, उपमा का खाता उरुवा स्थित सेंट्रल बैंक में है। जालसाजों ने संतकबीरनगर के हैंसर बाजार के एटीएम से तीन बार में 15 हजार रुपये निकाले। फोन पर संदेश आने के बाद उन्होंने बैंक जाकर एटीएम कार्ड को लॉक कराया। उपमा ने बताया कि एटीएम कार्ड उनके पास होने के बावजूद खाते से रुपये निकल गए। प्रभारी थानाध्यक्ष धनंजय राय का कहना है कि घटना की जानकारी हुई है। साइबर सेल को सूचित करने की सलाह दी गई है। पुलिस जांच कर रही है। ब्यूरो

DEORIA POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

हत्या के पर्दाफाश में मददगार साबित होगें पुलिस को मिले सीसीटीबी फूटेज

भाटपाररानी(एसएनबी)। जनपद के नवागत पुलिस अधीक्षक के चंद दिनों में ही बढ़ते अपराधिक घटनाओं ने पुलिस अधिकारियों के माथे पसीना निकलने लगा है। खामपार थाना क्षेत्र के नेटुआबीर चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए शातिर अपराधियो ने दिनदहाड़े चौराहे के समीप दर्जनों की मौजूदगी में बिल्कुल करीब से गोली मारकर मौत के घाट उतारते हुए पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। हालांकि घटना अंजाम देने के दौरान शसस्त्र बदमाशों ने चेहरे पर गमछा बांधे रखा लेकिन सीसीटीवी कैमरे में अपाची वाहन पर से फायरिंग झोकते रफू चक्कर होना कैद हो गया है जिसे पुलिस अहम सुराग मानकर अपराधियों तक पहुंचने की जुगत में जुट गयी है। चश्मदीनों की मानें तो शसस्त्र अपराधी चौराहे की तरफ से घुमकर अपनी दुकान में काम करा रहे बलिस्टर के करीब पहुंचकर सिर में गोली मार दिया। जिससे वह लड़खड़ा दुकान सामने रखे ईंट की टुकड़ियों पर गिर पड़ा। आस पास के लोग कुछ समझते व अपराधियों को पकड़ने के लिए कुछ लोगों ने पीछा किया तो बंगरा बाजार की तरफ मुड़े अपराधियों ने उनपर भी फायर झोंक दिया। जिससे भयभीत लोग ठहर गये। लेकिन यही पर एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में उनके आने व भागने की रिकार्डिंग हो गयी थी । इसके अलावा एक अन्य रिकार्डिंग भी पुलिस के हाथ लगी है जिसमें अपराधियों के शिनाख्त की बात कही जा रही है।

समाधान दिवस का हुआ आयोजन



थाना परिसर में फरियाद सुनते तहसीलदार कर्ण सिंह।

बनकटा (एसएनबी)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को नायब तहसीलदार भाटपाररानी कर्ण सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व के 9 व पुलिस के2 मामले आये। मौके पर ही 4 मामलों का निस्तारण कर दिया गया।इस दौरान थानाध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह, उपनिरीक्षक लवकुश कुमार आदि राजस्व व पुलिस विभाग के लोग मौजूद रहे।

युवती को पुलिस ने कराया मुक्त

तरकुलवा। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोन्हवलिया गांव की एक युवती को जबरन बंधक बनाकर कमरे में बन्द करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में तरकुलवा पुलिस ने युवती के भाई की तहरीर पर आरोपी चन्नु पुत्र हरिपाल साहनी व माना देवी पत्नी रामआधार निवासी कोन्हवलिया थाना तरकुलवा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

हि-हिन्दुस्तान दि० 12/6/022



शनिवार को रुद्रपुर कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में फरियाद सुनते अपर आयुक्त न्यायिक गौरखपुर रतिभान वर्मा।

समाधान दिवस में आए 12 मामले, चार का निस्तारण

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। रुद्रपुर कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में अपर आयुक्त गोरखपुर रतिभान वर्मा ने फरियाद सुनी। जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित मामले छाए रहे।

रुद्रपुर कोतवाली परिसर में तहसीलदार अभय राज और प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में थाना दिवस चल रहा था। इसी बीच अपर आयुक्त न्यायिक रतिभान वर्मा भी पहुंच गए। सूचना मिलते ही एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय भी कोतवाली पहुंच गए। इस दौरान, राजस्व विभाग से संबंधित कुल 12 मामले आए। जिसमें चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य प्रार्थना पत्रों को संबंधित लेखपाल को सौंप दिया गया। अपर आयुक्त न्यायिक रतिभान वर्मा ने कहा कि अक्सर शिकायतें मिल रही हैं कि समाधान दिवस में आए मामलों का निस्तारण तहसील में या थाने में बैठकर लिख दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले का निस्तारण मौके पर जाकर ही किया जाए। इस दौरान कस्बा इंचार्ज जितेन्द्र बहादुर सिंह, राजस्व निरीक्षक दुर्गेश श्रीवास्तव, जगदीश गुप्ता, परमानन्द यादव, राजन सिंह, रामअशीष, स्वतंत्र, प्रीति, अनमोल, रामभुवन, अभय सिंह, उमेश चन्द्र चौहान, पंकज गोड़ आदि रहे।

- राजस्व विभाग से संबंधित मामलों की रही भरमार
- अपर आयुक्त ने कहा मामले का निस्तारण मौके पर ही किया जाए

समाधान दिवस में 6 मामले निस्तारित

खुखुन्दू। खुखुन्दू थाना पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 18 मामले आए। जिसमें से तीन राजस्व और तीन पुलिस के मामले मौके पर निस्तारित किए गए। शेष 12 मामलें में राजस्व टीम गठित कर दी गई।

बरहज में छह मामलों का हुआ निपटारा

बरहज। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार सिंह ने की। पिपरा भुल्ली गांव निवासी सुरेन्द्र मिश्र, खंडिया गांव की शैला देवी, खुदिया पाठक गांव निवासी पारस, लबकनी गांव की पुनीता व करूअना गांव की सुमन देवी ने शिकायत प्रस्तुत कर कार्रवाई की मांग की।

बाल श्रम निषेध दिवस | श्रम विभाग ने देवरिया शहर के साथ ही रुद्रपुर में की थी छापेमारी, दुकानदारों को बच्चों को काम पर नहीं रखने को कहा

जिले में एक साल में 13 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

देवरिया, निज संवाददाता। 14 से 18 साल तक के किशोर, किशोरियों से श्रम कराने पर भी प्रतिष्ठान के मालिक के खिलाफ केस हो सकता है। अधिकांश प्रतिष्ठान, दुकान मालिक यह समझते हैं कि इस उम्र वाले बाल श्रम के दायरे में नहीं होंगे।

जबकि श्रम कानूनों के तहत इस आयु वर्ग वाले किशोर श्रमिकों के दायरे में आते हैं। पिछले साल श्रम विभाग द्वारा छापेमारी कर 13 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। होटल, रेस्टोरेंट, निर्माण इकाईयों, ईंट निर्माण केन्द्रों, कबाड़ आदि के कार्य बाल व किशोर श्रमिकों से लिया जाता है। श्रम विभाग द्वारा बाल श्रमिकों को चिन्हित कर उन्हे मुक्त कराने को अभियान चलाया जाता है। पिछले साल देवरिया शहर व रूद्रपुर कस्बे में श्रम विभाग की टीम ने कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर वहां से 13 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। मेडिकल व अन्य कागजी खानापूर्ति के बाद सभी बच्चों को परिजनों के हवाले कर दिया तथा उनसे बाल श्रम नहीं करवाने की हिदायत दी गयी।

जागरूक करने को चलाया जाता है भियान

14 से 18 साल के बच्चों से काम न कराने को हर माह श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाया जाता है। श्रम विभाग का मानना है कि अधिकांश नियोजक यही मानते हैं कि 14 वर्ष तक के बच्चों से काम कराना ही अपराध हैं। इस आयु के बच्चों से श्रम कराने से परहेज करते हैं। श्रम विभाग अनुसार 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों से श्रम कराना भी अपराध हैं।

> पिछले साल चले अभियान में देवरिया व रूद्रपुर के विभिन्न प्रतिष्ठानों से 13 बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर उनके घर भेजा गया। उनके नियोक्ताओं के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में केस दाखिल किया गया है। 14 से 18 साल के आयु वालों से श्रम कराना भी अपराध है। -शशि सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी



शनिवार को ठेला पर कबाड़ लेकर खींचता एक बाल श्रमिक।

11 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

- बंगाल की 10 नर्तकी को आर्केस्ट्रा ग्रुप में रखा था रामपुकार ने
- पुलिस हिरासत में लिए गए सभी युवतियों का दर्ज किया गया बयान
- पुलिस को रुपये के लेन देन और आशनाई में हत्या का शक

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। आर्केस्ट्रा संचालक की हत्या के मामले में पुलिस उसके भाई समेत 11 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के पीछे लेनदेन के साथ ही आशंनाई को पुलिस वजह मान रही है।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के चेरो में रामपुकार गोड़ की हत्या की खबर मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने बंगाल की रहने वाली आर्केस्ट्रा ग्रुप की महिलाओं से पूछताछ की। जिसमें पता चला कि रामपुकार गोड़ ने दो शादी की थी। एक गांव पर रहती थी और दूसरी उसके साथ चेरो में रहती थी। वहीं उसके एक भाई का निधन कुछ वर्ष पूर्व हो गया था। छोटा भाई दोनों स्थानों पर रहता था। आर्केस्ट्रा ग्रुप में कार्य करने वाली महिलाएं शुक्रवार की रात अन्य साथियों के साथ दो अलग-अलग कार्यक्रमों में गई हुई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि रामपुकार का उसके छोटे भाई के साथ संबंध ठीक नहीं था। दोनों में विवाद की बात सामने आई। रामपुकार गांव नहीं जाता था, जिससे उसकी पहली पत्नी से भी विवाद चल रहा था। वहीं कुछ नर्तकी ने बताया कि रामपुकार रुपये के लेन देन में लोगों को परेशान करता था। इसके साथ ही जुआ खेलने का भी आदी था। पुलिस मकान में मिले चाकू और मृतक के भाई के कपड़े पर मिले खून के धब्बे के आधार पर सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो हत्या की इस वारदात में आर्केस्ट्रा संचालक का करीबी शमिल है। उसी ने छत पर जाकर उसकी हत्या कर शव को नीचे उतारा और फिर चार किमी दूर रेलवे लाइन पर ले जाकर फेंक दिया। पुलिस हत्याकांड में सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

आर्केस्ट्रा ग्रुप का खंगाल रही कॉल डिटेल

पुलिस आर्केस्ट्रा संचालक रामपुकार के मोबाइल के काल डिटेल को भी खंगाल रही है। इसके साथ ही उससे बात करने वाले लोगों के नम्बर भी पुलिस के निशाने पर हैं।

हिन्दुस्तान दि० 12/05/022

रामपुर कारखाना के शाहजहांपुर गांव की घटना

छोटी गंडक में तीन डूबे दो को बचाया, एक लापता

हादसा

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। छोटी गंडक नदी में शनिवार को स्नान करने गए तीन दोस्त डूबने लगे। जिसमें दो किशोरों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया, वहीं एक किशोर नदी मे लापता हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से घटना स्थल से लेकर नदी के दो किलोमीटर दूर तक देर शाम तक तलाश कराई। लेकिन देर शाम तक डूबे किशोर का पता नहीं चल सका।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव के रहने वाले तीन दोस्त, विशाल गुप्ता (14) पुत्र हीरालाल गुप्ता, दीपक गुप्ता (15) पुत्र विश्वनाथ, विष्णु विश्वकर्मा (14) पुत्र जगदीश विश्वकर्मा शनिवार को गांव के समीप छोटी गंडक नदी में स्नान करने गए। नहाने के दौरान अचानक विष्णु का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसको डूबता देखकर बचाने के लिए विशाल ने नदी में छलांग लगा दी। इस तरह तीनों दोस्त डूबने लगे। शोर सुनकर भैंस चरा रहे दो युवकों ने नदी में कूदकर विष्णु और दीपक को बचा लिया। जबकि विशाल नदी में लापता हो गया। घटना की जानकारी होते ही घाट पर आस पास के कई गांवों के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे थाना अध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने गोताखोरों की मदद से नदी के दो किलोमीटर आगे तक तलाश करती रही। लेकिन पता नहीं चला।



शनिवार को छोटी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान डूबे किशोर की तलाश करते ग्रामीण और पुलिसकर्मी।

शाबास इमामुद्दीन-आरिफ! बचा ली दो दोस्तों की जान

डूब रहे किशोरों की आवाज को सुनकर दो भैंस चरवाहे इमामुद्दीन और आरिफ मौके पर पहुंचे। दोनों ने जान की परवाह न करते हुए नदी में छलांग लगाकर डूब रहे विष्णु व दीपक को बचा लिया। दोनों ने बहुत प्रयास किया लेकिन विशाल नहीं ढूंढ पाए। घाट पर भैंस चराने गए लोगों का कहना था कि अगर यह दोनों युवक समय से नहीं पहुंचे होते तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। एसओ महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि दो किशोरों को बचा लिया गया। एक लापता है। तलाश जारी है।

चाकू संग टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

तरकुलवा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तरकुलवा पुलिस ने एक टॉप टेन अभियुक्त को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक टॉप टेन अभियुक्त रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी रवि भूषण पुत्र प्रेमलाल गुप्ता के विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। शनिवार को तरकुलवा थानाक्षेत्र के कंचनपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

दैनिक जागरण दि 13/01/22

नदी में स्नान करते समय तीन डूबे, दो को बचाया

- गोताखोरों एवं ग्रामीणों की मदद से डूबे एक युवक की तलाश जारी
- नाजिर व इमामुद्दीन ने विष्णु व दीपक को बचाया, हो रही तारीफ

जागरण संवाददाता, रामपुर कारखाना: छोटी गंडक नदी में शनिवार की दोपहर स्नान करते समय दो किशोर व एक युवक डूबने लगे। ग्रामीणों ने दोनों किशोरों को बचा लिया, लेकिन गहरे पानी में चले जाने के कारण युवक डूब गया। गोताखोर, ग्रामीण व पुलिस लापता युवक की खोज में जुटी है।



विशाल● फाइल फोटो, सौ. स्वजन

थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव के रहने वाले 19 वर्षीय विशाल गुप्ता पुत्र हीरालाल गुप्ता इंटर के छात्र हैं। वह अपने गांव के 14 वर्षीय विष्णु विश्वकर्मा व 15 वर्षीय दीपक गुप्ता के साथ छोटी गंडक नदी में स्नान करने गए थे। स्नान करते समय तीनों डूबने लगे। स्नान कर रहे गांव के नाजिर व इमामुद्दीन की नजर पर तीनों पर पड़ी तो शोर मचाया और जान की परवाह किए बिना विष्णु व दीपक को डूबने से बचा लिया। दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया, लेकिन विशाल गुप्ता को नहीं बचा सके। वह गहरे पानी में जाने के कारण डूब गए। इसकी जानकारी मिलने पर बड़ी तादाद में महिलाएं व पुरुष नदी घाट की तरफ दौड़ पड़े। थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पटनवा पुल के पास रहने वाले गोताखोरों को बुलवाया। बड़ी जाल मंगवाकर युवक की तलाश में जुट गए। देर शाम तक डूबे युवक का पता नहीं चल सका।

स्वजन की चीख पुकार से गमगीन हुआ माहौल

युवक के डूबने की जानकारी मिलने पर कई गांव के लोग देर शाम तक डटे रहे। विशाल की मां प्रमिला व पिता हीरालाल का रो-रोकर बुरा हाल था। करुण क्रंदन सुनकर सबकी आंखें नम हो गईं।

किशोरी को भगाने के मामले मुकदमा दर्ज

जासं, तरकुलवा: क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को साजिश एवं बहला फुसलाकर भागने के मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपित अभिषेक पुत्र श्रीनिवास व उसकी पत्नी तथा छोटे भाई नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शनिवार को दोपहर में आरोपित रिंकी मद्धेशिया को गिरफ्तार कर लिया।



दैनिक जागरण दि 12/06/022

संवेदनशील क्षेत्रों पर पुलिस की पैनी नजर



शहर के मालवीय रोड पर फ्लैग मार्च करते सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी (बाएं) • जागरण

जासं, देवरिया: प्रदेश के कुछ शहरों में सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए जिले के संवेदनशील इलाकों में पुलिस प्रशासन किसी भी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तौर पर तैयार है। हालांकि यहां तनाव जैसी कोई स्थिति नहीं है फिर भी एहतियात के तौर पर शहर से लेकर देहात तक के थानों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है।

शहर के अलावा मदनपुर, लार तथा बघौचघाट मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस सतर्क है। हर थानों पर टियर गैस एंटी राइट गन के अलावा प्लास्टिक पायलट गन एवं रबर बुलेट का इंतजाम किया गया है। पुलिस प्रशासन पूरी तौर पर मुस्तैद है। हर थाने पर फोर्स की पर्याप्त संख्या है। देवरिया शहर के अलावा मदनपुर बघौचघाट एवं लार में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है।



जनपद में किसी भी प्रकार का कोई तनाव नहीं है पुलिस प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है अराजकतत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। यदि किसी ने शरारत की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संकल्प शर्मा, पुलिस अधीक्षक

देवरिया एवं बरहज में पीएसी का अतिरिक्त इंतजाम किया गया है। इसके अलावा स्थानीय अभिसूचना इकाई भी सक्रिय है। शनिवार की देर शाम शहर में सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, कोतवाल अनुज सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च किया। सुभाष चौक, अबूबकर नगर,मालवीय रोड होते हुए सब्जी मंडी, न्यू कालोनी का भ्रमण किया।

सीसी कैमरे में कैद हुए शातिर बदमाश

कई संदिग्ध लोगों से पुलिस कर रही पूछताछ, मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर का इंतजार





घटना के बारे मे लोगों से जानकारी लेते पूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय एवं एसओ खामपार। सूचना मिलने पर रोते-बिलखते परिजन। संवाद


संवाद न्यूज एजेंसी

खामपार। घटनास्थल के पास एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में सफेद रंग की बाइक पर सवार तो बदमाश नजर आए। दोनों का चेहरा स्पष्ट नहीं हो पाने से पहचान नहीं हो सकी। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों को पकड़ने एवं घटना के कारणों को जानने में जुटी हुई है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटना के पीछे रुपये के लेनदेन की बात सामने आ रही है। बैरिस्टर से कुछ लोगों का पहले भी विवाद हो चुका है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार का कहना है कि कई संदिग्ध लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। परिवार की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

क्षेत्र की कानून व्यवस्था लुंजपुंज : भाटपार रानी। खामपार थाना क्षेत्र के नेटुआबीर चौराहे पर शनिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की हत्या के बाद मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था लुंजपुंज हो गई है। पुलिस निरंकुश हो गई है। पुलिस धन उगाही में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि यहां पुलिस पिकेप प्वाइंट होते हुए भी कभी पुलिस नहीं रहती है। यह बात यहां के लोग भी कह रहे हैं और मैं भी दावे के साथ कह रहा हूं कि रात्रि में कभी भी शादी विवाह में लौटने के बाद इस स्थान पर पुलिस का पता नहीं रहता है।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस हत्या का पर्दाफाश करने और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। कहा कि यदि इसका तत्काल पर्दाफाश नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी।



घटना के बारे मे एसओ खामपार से पूछताछ करते एएसपी। संवाद

तीन भाइयों में छोटा और दुलारा था बैरिस्टर

खामपार/भाटपाररानी। मृतक बैरिस्टर के पिता पूरन यादव की पहले ही मौत हो चुकी है। बड़ा भाई वीर बहादुर विदेश रहता है। कुछ ही महीने पहले घर आया है। दूसरा भाई लाल बहादुर इस समय विदेश में है। बैरिस्टर सबसे छोटा तथा दोनों भाइयों का दुलारा था। दोनों भाई उसे बहुत मानते थे। वह घर पर ही रह कर प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में काम करता था। बैरिस्टर के दो पुत्र पवन (15) और अंकित (10) हैं। दोनों गांव के बगल के एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। पत्नी रीना देवी तथा माता सोलरी देवी व उसकी दोनों भाभियों और बच्चों का रोते-रोते बुरा हाल था। परिवार में उसके मर जाने से मातम छा गया था।

बनकटा पुलिस नें शराब लदा ट्रक पकड़ा

प्रतापपुर। बनकटा पुलिस ने बिहार जा रहे शराब लदे ट्रक को रामपुर प्रतापपुर पुलिस चेक पोस्ट से महज पचास कदम पर पकड़ लिया।

ट्रक से 43 पेटी शराब बरामद हुई

ट्रक से 43 पेटी शराब बरामद हुई। शराब के साथ पकड़े गए व्यक्ति की पहचान प्रद्युम्न यादव निवासी ग्राम लोधीपुर चिरांद थाना डोरीगंज, जिला-सारण छपरा बिहार के रूप में हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र मौर्य, एसआई संजय सिंह चंदेल, सिपाही गणेश कुशवाहा, सर्वेश त्रिपाठी शामिल रहे। संवाद

दैनिक उजाला दि० 12/06/2022

विकास कार्यों में लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने की विकास, निर्माण एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने शनिवार को विकास भवन के गांधी सभागार में विकास निर्माण एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा किया। इसमें आईटीआई के 10 छात्रों को स्मार्ट फोन व टैबलेट प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने की जरुरत है। विकास कार्यों में किसी अफसर और कर्मचारी ने लापरवाही की तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने जिला प्रोबेशन अधिकारी के अनुपस्थित होने पर उनका एक दिन का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार में अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्य करने के लिए एक सुखद वातावरण



बेसिक शिक्षा मंत्री ने विकास भवन के गांधी सभागार में अफसरों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। संवाद

विकसित हुआ है। विकास के लिए पूरी टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। हमें इस जनपद प्रदेश में एक मॉडल के रुप में स्थापित करना होगा। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के निर्माणाधीन कार्य परियोजनाओं को समय से पूरा किये जाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि 65 परियोजनायें है, जिसमें से 21 गतवर्ष पूर्ण हो चुकी है। गौ आश्रय स्थल को चारा उपलब्धता पर जोर देने का निर्देश दिया। विद्युत आपूर्ति के बारे में सदर सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की एक अलग बैठक करा कर इससे जुडे समस्याओं का समाधान कराया जाए। बरहज विधायक दीपक मिश्रा ने करुअना-करमटार सडक की खराब स्थिति एवं सदर विधायक डा. शलभ मणि त्रिपाठी ने भटवलिया से अवशेष फोरलेन के निर्माण की बात रखी।रुद्रपुर विधायक जय प्रकाश निषाद ने पात्र दिव्यांजनो की सूची बनाये जाने को कहा। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने भी विद्युत से जुड़े समस्याओं को रखा। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कानून व्यवस्था की प्रगतियों एवं इसके लिये अब तक किये गये कार्यो को पूर्ण विवरण रखते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने में कोई कोर कसर नही रखी जाएगी। सीडीओ रवींद्र कुमार ने सभी कार्य बिन्दुओं के प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, वित्त एवं राजस्व नागेन्द्र सिंह, सीआरओ अमृत लाल बिन्द आदि मौजूद रहे।

राजकीय विद्यालय का किया निरीक्षण, लगाई जनचौपाल

बोले-सरकार के विकास कार्यों से विपक्ष हताश, बदनाम करने की रची जा रही साजिश

भलुअनी। राज्यमंत्री ने बढ़पुरवा राजकीय विद्यालय का निरीक्षण किया। ठाकुर देवरिया में पंचायत भवन के लोकार्पण के बाद चौपाल लगाई। कहा कि भाजपा सरकार में चौतरफा विकास हो रहा है। विपक्षी हताश हैं। सरकार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है।

बढ़पुरवा में राज्यमंत्री करीब आधे घंटे रहे। भवन के मानक, प्रयोग मे लाई जाने वाली सामग्रियों आदि के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने संबंधितों से शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करा लेने को कहा। ठाकुर देवरिया में पंचायत भवन का लोकार्पण करने के उपरांत जनचौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ-सबका विकास के तहत कार्य कर रही है। देश में निचले तबके से लेकर मध्यम और उच्चवर्गीय के हित को लेकर कार्य किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि मोदी के आठ साल के कार्यकाल में विश्व स्तर पर देश का मान बढ़ा है। कार्यक्रम को विधायक दीपक मिश्र शाका, सदर के शलभ मणि त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, अंतर्यामी सिंह, संजय सिंह आदि ने संबोधित किया। सीडीओ रवींद्र कुमार, एसडीएम गजेंद्र सिंह, तहसीलदार अश्वनी कुमार, सीओ देवआनंद, आदि मौजूद रहे। संवाद

KUSHINAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



शनिवार को हाटा के मुजहना रहीम में अबैध कब्जे को बुलडोजर चलवाकर साफ कराते एसडीएम वरुण कुमार पाण्डेय व ईओ अजय कुमार सिंह।

हाटा, हिन्दुस्तान संवाद। नगरपालिका के मुजहना रहीम में सड़क के किनारे सरकारी जमीन पर वर्षों से किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने पुलिसबल के साथ शनिवार को हटवा दिया। पक्के निर्माण पर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण खाली कराते हुए अफसरों ने चेतावनी दी कि अगर दोबारा अतिक्रमण की कोशिश हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नगरपालिका क्षेत्र के मुजहना रहीम में हाटा-कप्तानगंज रोड के किनारे सरकारी जमीन पर कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा कर उस पर निर्माण कर रहे थे। सूचना मिलने पर शनिवार की दोपहर बाद एसडीएम हाटा वरुण कुमार पांडेय जो नपा के प्रशासक भी हैं, ने ईओ अजय कुमार सिंह व राजस्वकर्मियों तथा नगरपालिका के कर्मचारियों समेत पुलिस बल को लेकर मौके पर पहुंचे। पैमाईश कराकर तुरंत बुलडोजर मशीन से अतिक्रमण को हटवाकर साफ करा दिया। इस दौरान चौकी प्रभारी वीरेंद्र यादव, लेखपाल ज्योति गुप्ता, लेखपाल हरिशंकर सिंह, प्रदीप गुप्त, संजीवन, अजय आदि मौजूद रहे।

प्रधान पुत्र पर छेड़छाड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज

जोकवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती की मां ने गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान के पुत्र पर बेटी से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए छेड़ाछाड़ व मारपीट का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

युवती की मां ने तहरीर में बताया है कि शुक्रवार को बेटी घर में अकेली थी। वर्तमान ग्राम प्रधान का लड़का मेरे घर में घुस गया और बेटी से जोर जबरदस्ती करने लगा। उसके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। इतने में मैं वहां पहुंच गई। मुझे देखकर वह भागने लगा तो मैंने रोका और वजह पूछी तो वह मारपीट करने लगा।

थानों पर आयोजित किया गया समाधान दिवस, राजस्व विभाग से संबंधित आए सर्वाधिक मामले

समाधान दिवस में 20 फीसद मामले ही निपटे

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। शनिवार को जिले के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थानों पर थानेदार के अलावा तहसीलों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दिन थानों पर आए मामलों में से महज बीस फीसदी का ही समाधान हुआ। शेष पर अधिकारियों ने जिम्मेदारों को निर्देश जारी किए हैं।

खड्डा संवाद के अनुसार खड्डा थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम उपमा पाण्डेय की अध्यक्षता व इंस्पेक्टर धनवीर सिंह की देख रेख में थाना दिवस आयोजित हुआ। इसमें 11 मामले आये। जिसमें से 2 आवेदनों का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। उपजिलाधिकारी के समक्ष अधिकांश राजस्व से जुड़े मामलें आये। दो परिवारिक मामले आये। एसडीएम ने दो पारिवारिक मामलों का निस्तारण मौके पर कर दिया। बाकी बचे मामलों का निस्तारण हेतु जिम्मेदारों को निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम ने इंस्पेक्टर से कहा कि थाने पर फरियाद लेकर आने वालों की फरियाद तत्काल प्रभाव से सुनी जाय। अगर इसमें किसी प्रकार की कोताही बरती गयी तो जिम्मेदरों की खैर नहीं। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार कानूनगो लाल जी प्रसाद, इन्द्रजीत पाण्डेय, लेखपाल विभव शर्मा, बृजनारायन सिंह, संजय गुप्ता, अभिमन्यु, अनिल चौहान, बीडीओ राजीव मोहन व मुन्ना कुमार आदि मौजूद रहे।



खड्डा थाने में समाधान दिवस में फरियाद सुनती एसडीएम उपमा पाण्डेय व थानेदार।

अहिरौली बाजार संवाद के अनुसार: थाना समाधान दिवस तहसीलदार हाटा नरेंद्र राम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस में कुल बीस मामले आए जिसमे राजस्व के 16 तथा पुलिस के 4 मामले आए। इसमें से दो मामले को तुरंत निस्तारित कर दिया गया और अन्य अठारह मामले को राजस्व तथा पुलिसकर्मियों की टीम मौके पर भेजकर उसे निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या काफी अधिक रही और प्रभारी निरीक्षक तथा राजस्व विभाग की टीम द्वारा विभिन्न मामलों का निस्तारण कर समस्या का समाधान किया गया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह, अंकित शुक्ला, राहुल कुमार सिंह, लेखपाल सरफराज अहमद, नेबूलाल, सुनीता सिंह, चंद्रभान, महिला कांस्टेबल वंदना कांस्टेबल बृजेश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी व राजस्व टीम के लोग उपस्थित रहे।

11 मामले आए खड्डा थाने में शनिवार को

02 मामलों का ही शनिवार को मौके पर हो सका निस्तारण

नेबुआ नौरंगिया में 24 में से 19 का निस्तारण

नेबुआ नौरंगिया संवाद के अनुसार शनिवार को समाधान दिवस में नेबुआ नौरंगिया थाना पर आये 24 मामलो में से 19 का निस्तारण किया गया। नेबुआ नौरंगिया थाने में कुल 24 मामले आये। जिसमें सबसे अधिक भूमि विवाद यानी राजस्व की शिकायत थी। मौके पर ही 19 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजनरायण दूबे ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरुप जनता को त्वरित न्याय दिलाया जा रहा है। राजस्व के मामले ही संख्या बढ़ा रहे हैं। इस दौरान कानूनगो मदन मिश्रा, मानवेन्द्र सिंह, मुरारी मिश्र, जगदीश यादव, इंद्रजीत प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

थाना प्रभारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस

समाधान दिवस पर कुल 10 मामले आये और सभी मामले राजस्व विभाग से ही थे। जिसमें 2 का मौके पर ही निस्तारण किया गया है। शेष आठ मामले को पेचीदा होने के चलते आगे बढ़ा दिया गया। इस दौरान थाना समाधान दिवस के प्रभारी रामबध राम ने फरियादियों को अगले समाधान दिवस तक निस्तारण करने का आश्वासन दिया। समाधान दिवस पर अभिषेक यादव, लेखपाल राजन राय, अच्छेलाल गोंड, बृजेश गौतम आदि उपस्थि रहे, इसी क्रम में सेवरही, विशुनपुरा, कसया, पडरौना कोतवाली, पटहेरवा, तुर्कपट्टी, जटहा बाजार, हाटा व रामकोला आदि थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

(बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित)
कार्यालय-महराजगंज

व इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रेस्ट एक्ट
ी धारा 13 (12) तथा सिक्योरिटी इंस्ट्रेस्ट
प्रयोग करते हुए बकायेदार/जमानतदार को
तम समय दिया गया। बकाएदार/जमानतदार

उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि.
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
HO. औद्योगिक आवास, चकेरी, कानपुर-208 013
फोन: 0512-2241622, 2224642, फैक्स: 0512-2213874

निविदा शुद्धि पत्र

निगम में कोल समन्वयक की नियुक्ति हेतु प्रकाशित Tender ID 2022_MSME_699885_1 में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है–

➤ निविदा दिनांक 20.06.2022 को सायं 6.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है, दिनांक 21.06.2022 को दोपहर 1.00 बजे गठित निविदा समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा की अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। प्रबन्ध निदेशक

विवाद में सुलह करवाने पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि पर हमला

- डीजे पर नाचने को लेकर बारातियों से भिड़े मनबढ़
- शुक्रवार को नौका टोला में आई थी बारात

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद। खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर नौकाटोला में शुक्रवार की रात एक व्यक्ति के यहां आई बारात में गांव के कुछ मनबढ़ों व बारातियों के बीच हुई कहासुनी में बीच-बचाव करने गये ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर मनबढ़ों ने जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शनिवार को प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

खड्डा क्षेत्र के ग्राम शाहपुर नौकाटोला कि प्रधान प्रतिनिधि संतोष राय ने शनिवार को पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि शुक्रवार की रात गांव में सरवन की बेटी की बारात आयी थी। इसमें वह शामिल होने गये थे। इसी दौरान गांव के ही कुछ मनबढ़ युवक डीजे पर नाचने के लिए बारातियों से भिड़ गये तो वह बीच-बचाव करने पहुंचे। वहां मौजूद मनबढ़ों ने चुनावी रंजिश को लेकर उनसे हाथापाई करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। वहां रहे लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं, तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है।

शराब की दुकान को लेकर प्रदर्शन

सुकरौली, हिन्दुस्तान संवाद। हाटा कोतवाली के नगर पंचायत सुकरौली के तितिला में ग्रामीणों ने चौराहे पर देशी शराब की दुकान खोले जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आबकारी विभाग द्वारा तितिला भैरो चौराहे पर देशी शराब की नहीं खोलने की मांग की।

गांव के जितेन्द्र यादव, भगवत, उमेश, तेजप्रताप गुप्ता, प्रभुदयाल, पुनीता, रामप्रीत, जानकी, सोखा, सरोज समेत सैकड़ों लोगों ने डीएम को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि तितिला चौराहे पर जिला आबकारी अधिकारी द्वारा नया देशी शराब की दुकान खोलने की स्वीकृति दी गई है। तितिला चौरहा आदर्श चौराहा है। इस चौराहे के बगल में महिला इंटर कॉलेज, बच्चों के लिए कई विद्यालय हैं। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि अगर शीघ्र इस प्रस्ताव को रद्द नहीं किया गया तो वह कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम को पूरे प्रकरण से अवगत कराएंगे।

लूट की मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

पडरौना : शहर कोतवाली पुलिस ने शनिवार शाम को नगर से सटे रामधाम विशुनपुरा के पास पडरौना–बांसी मार्ग पर लूटे गए मोबाइल के साथ रामप्रताप कुशवाहा निवासी रामधाम विशुनपुरा थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया ।(जासं)

सामाजिक सौहार्द के लिए बढ़ाई गई चौकसी

- कानून-व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई
- छतों पर ईंट-पत्थर मिलने पर मकान मालिक होंगे जिम्मेदार

जागरण संवाददाता, पडरौना: कानपुर में उपद्रव के बाद फैले तनाव को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। किसी भी दशा में सामाजिक सौहार्द में खलल न पड़ने पाए, इस पर नजर रखी जा रही है। विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस का दंगा नियंत्रण व आपातकालीन दस्ता अलर्ट मोड पर है। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही। घरों की छतों पर ईंट-पत्थर मिलने पर मकान मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में उपजे हालात को लेकर सख्ती बरती जा रही है। पुलिस के साथ ही स्थानीय अभिसूचना इकाई व इंटेलिजेंस की स्पेशल ब्रांच सतर्कता बरत रही है। कानून व्यवस्था मजबूत करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए संवेदनशील, अति संवेदनशील जगहों और शरारतीतत्वों पर नजर रखी जा रही है। जिले में 98 गांव ऐसे चिन्हित किए गए हैं, जहां मिश्रित आबादी है और इन गांवों में स्थिति संवेदनशील रहती है। कानून व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर एजेंसियां सतर्क हैं। शहर व गांव के अच्छे लोगों से संपर्क कर उनकी मदद भी ली जा रही है।

ड्रोन कैमरे से हो रही निगरानी

मिश्रित व वर्ग विशेष बहुल इलाकों में ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही। संदिग्ध हरकत या गतिविधि पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी।

सड़क पर अनावश्यक न घूमें

पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से अपील की है कि वह जरूरत पर ही सड़क पर निकलें। अनावश्यक रूप से सड़क पर न घूमें। अफवाहों पर ध्यान न दें, न ही अफवाह फैलाएं।

सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे लेकर आवश्यक कदम उठाए गए हैं। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर सतर्कता बरती जा रही। कानून व्यवस्था में



बाधा उत्पन्न कर माहौल बिगाड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। ऐसे तत्वों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई होगी।

धवल जायसवाल, एसपी

मकान की छतों पर रखे ईंट-पत्थर हटा लेने को कहा गया है। शहरी क्षेत्रों में वार्ड सभासद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानों के साथ बैठक कर थानेदारों को व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिया गया है। पुलिस ने चेताया है कि माहौल बिगाड़ने या पथराव आदि जैसी घटना होने पर जिन घरों की छतों पर ईंट-पत्थर मिलेंगे उन घरों के मकान मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

पुलिस की कार्यप्रणाली सुधरी

जनता की दृष्टि में बेहतर हुई आइजीआरएस छोड़ अन्य सेवाएं

जासं, पडरौना: नागरिकों की नजर में कुशीनगर पुलिस की कार्यप्रणाली पहले से बेहतर हुई है। आइजीआरएस से जुड़े मामलों को छोड़ ज्यादातर लोग पुलिस के कार्यों से संतुष्ट हैं। पीआरवी जन अपेक्षाओं पर खरी उतरी है। एडीजी जोन के निर्देश पर कराए गए सर्वे में जिले की पुलिस को लोगों ने बेहतर बताया है। अप्रैल के मुकाबले मई में पुलिस ने और भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर एसपी ने पुलिस के प्रदर्शन को लेकर पब्लिक पोल कराया था। शनिवार को जारी सर्वे लिस्ट में कुशीनगर पुलिस की स्थिति में सुधार दर्ज किया गया है। जिले की पुलिस के कार्यों से ज्यादातर लोग संतुष्ट हैं।

हालांकि आइजीआरएस के बारे में लोगों की राय ठीक नहीं है। 73.5 प्रतिशत लोग इस मामले में पुलिस के रवैये से असंतुष्ट हैं। सिर्फ 26.5 प्रतिशत लोगों ने ही इसे लेकर से संतुष्टि जताई है। इसी तरह ट्विटर पर पुलिस सेवा को लेकर 1453 लोगों से मिले फीडबैक में 71.9 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के कार्य को अति उत्तम, 6.3 प्रतिशत ने उत्तम, 8.1 प्रतिशत ने साधारण तथा 13.7 प्रतिशत ने खराब बताया है। वहीं थाने पहुंचे 3875 लोगों से ली गई राय में 95.3 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के कार्यों को अति उत्तम, 2.6 प्रतिशत ने उत्तम, 1.1 प्रतिशत ने साधारण तथा 1.0 प्रतिशत लोगों ने खराब बताया है। प्राथमिकी दर्ज कराने के मामले में 607 लोगों की राय ली गई। इसमें 144 ने पुलिस के कार्य को अति उत्तम, 448 ने साधारण तथा 15 ने खराब बताया है। 112 पीआरवी के बारे में 1241 में 922 लोग संतुष्ट और 319 असंतुष्ट मिले।

- **अप्रैल के मुकाबले मई में पुलिस ने किया है अच्छा कार्य**
- **एडीजी की पहल पर हुए सर्वे पोल का जारी किया गया परिणाम**

जनपद पुलिस के प्रदर्शन को लेकर इंटरनेट मीडिया सेल द्वारा ट्विटर तथा डायरेक्ट पोल से जुड़ा लिंक शेयर कर नागरिकों से राय मांगी गई थी। लोगों से मिली राय से स्पष्ट है कि पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। अप्रैल के सापेक्ष मई में पुलिस ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पोल के परिणाम पुलिसकर्मियों को और भी बेहतर करने को उत्साहित करेगा।

धवल जायसवाल, एसपी

छेड़खानी के आरोप में युवक के विरुद्ध मुकदमा

जासं., तमकुहीराज : तमकुहीराज के एक मोहल्ले की महिला ने पड़ोसी युवक पर नाबालिग बेटी से छेड़खानी आरोप लगाया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। पीड़िता की मां ने मोहल्ले के जमाल पर आरोप लगाया है कि दो जून की शाम को जब वह अपनी दुकान पर थी, तो घर में घुस कर बेटी से छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर वह भाग गया। चौकी इंचार्ज रामसहाय यादव ने कहा कि आरोपित की तलाश की जा रही है।

बढ़ाओ
मिटाओ

तमकुहीराज में खुलेगा नया थाना

जासं, पडरौना: जिले के तमकुहीराज में नया थाना खुलेगा। जिले से भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने हरी झंडी दे दी है। जल्द ही इस थाने का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बिहार बार्डर से लगे तरयासुजान थाने के गांव नए थाने में शामिल होंगे।

40 लाख से अधिक की आबादी वाले कुशीनगर में महिला थाने समेत कुल 18 थाने तथा चार सर्किल हैं। नए थाने की स्थापना के बाद यहां थानों की संख्या बढ़ कर 19 हो जाएगी।

यहां की आबादी व भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए जिला पुलिस की तरफ से पुलिस मुख्यालय को पत्र भेज कर तमकुहीराज में थाने की स्थापना की आवश्यकता बताई गई थी।

थाना भवन निर्माण के लिए भूमि चिह्नित कर राजस्व विभाग के सहयोग से भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया भी लगभग पूरी कर ली गई है। नए थाने की स्थापना के लिए शनिवार को शासन ने हरी झंडी दे दी।

> तमकुहीराज में थाने की स्थापना के लिए लेकर प्रस्ताव भेजा गया था। इसके लिए भूमि चिह्नित कर उसे पुलिस विभाग के नाम स्थानांतरित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शासन से अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> **धवल जायसवाल**, एसपी

दो निरीक्षक तथा 17 उपनिरीक्षक बदले

जासं, पडरौना: एसपी धवल जायसवाल ने शुक्रवार की रात दो निरीक्षक तथा 17 उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी। तरयासुजान के निरीक्षक राजप्रकाश सिंह को प्रभारी सर्विलांस सेल बनाया गया है तथा नेबुआ नौरंगिया के निरीक्षक राम नरायन दूबे को अपराध शाखा में भेजा गया है।

कुबेरस्थान में तैनात दारोगा कन्हैया यादव को रामकोला, कसया से नंदलाल यादव पटहेरवा, हाटा से भिक्खू राय पटहेरवा, कप्तानगंज से देवेंद्र नाथ चौबे रामकोला, कप्तानगंज से सुरेंद्र यादव कसया, पटहेरवा से उदयराज यादव कप्तानगंज, तरयासुजान में तैनात प्रदीप कुमार कसया, खड्डा में तैनात राजेश कुमार कसया, खड्डा में तैनात प्रमोद कुमार सिंह तरयासुजान, हनुमानगंज में तैनात कैलाश यादव एसएसआई नेबुआ नौरंगिया, हनुमानगंज में तैनात सुरेश यादव को कोतवाली हाटा में तैनाती दी गई है। पुलिस लाइन में तैनात भरत कुमार सिंह हनुमानगंज, संजय कुमार प्रजापति कसया, संतोष कुमार यादव पटहेरवा, महिला दारोगा कुमुद सिंह कोतवाली पडरौना, उमेश कुमार यादव तरयासुजान व वीरेंद्र कुशवाहा को खड्डा भेजा गया है।

थाना दिवस से निराश लौटे कई फरियादी

जागरण टीम, कुशीनगर: थाना समाधान दिवस पर शनिवार को थानों में फरियादियों की भीड़ उमड़ी। मगर सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते निस्तारण की स्थिति संतोषजनक नहीं रही। नगर कोतवाली में 13 मामले आए, इनमें तीन का ही निस्तारण हो पाया।

हाटा में एसडीएम वरूण पांडेय की अध्यक्षता में हुई सुनवाई में 24 मामले आए। दो मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई। अहिरौली बाजार में तहसीलदार हाटा नरेंद्र राम के समक्ष 20 मामले आये। इनमें से दो निस्तारित हुए।

नेबुआ-नौरंगिया संवाददाता के अनुसार स्थानीय थाने में एसएसआइ रामनारायण दूबे के समक्ष 24 मामले आए। पांच मामले निस्तारित किए गए। बरवापट्टी में प्रभारी एसओ रामअवध राम की अध्यक्षता में 10 सुने गए। दो मामलों का मौके निस्तारण किया गया।

डूबे अधेड़ का शव बरामद, कार्रवाई में जुटी पुलिस

पकड़ियार बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कौआसर गांव में शनिवार को खजुरिया रजवाहा पर बने पुल के समीप तीन दिन पूर्व भैंस नहलाते समय डूबे हुए अधेड़ का शव मिला।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। सेखुई गांव निवासी 55 वर्षीय रामप्रीत बृहस्पतिवार को खजुरिया शाखा नहर में भैंस नहलाते समय संतुलन खोने से पानी में डूब गए थे। संवाद

थाना समाधान दिवस : सुनवाई नहीं, मायूस लौटे फरियादी

समाधान दिवस में क्षेत्र के लेखपालों के समय से मौजूद न होने से मामले निस्तारित होने की जगह संख्या बढ़ते जा रहे

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना/पकड़ियार बाजार। शासन की ओर से जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन, यह दिवस रस्म अदायगी तक सीमित रह गया है। बार- बार शिकायतकर्ता चक्कर काट रहे हैं। इसके बाद भी उनके समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सबसे ज्यादा मामले राजस्व विभाग से आने के बाद भी समाधान दिवस में क्षेत्र के लेखपालों की समय से मौजूद न होने से मामले निस्तारित होने की जगह संख्या बढ़ती जा रही हैं। शिकायती के निस्तारण को लेकर राजस्व कर्मी गंभीर नहीं हैं। शिकायतकर्ता न्याय की उम्मीद के साथ दूर दराज गांवों से तहसील और थाना समाधान दिवस में पहुंचते हैं लेकिन चक्कर पर चक्कर काटने के बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस पर पुलिस व राजस्व की टीम ने लोगों की समस्या सुनी व त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाया। इसी क्रम में नेबुआ नौरंगिया थाने में 24 शिकायतें पहुंचीं। छह का निस्तारण किया गया है। 19 निस्तारण का भरोसा अधिकारियों ने दिया।

शासनादेश के अनुसार तीसरे सप्ताह में हर हाल में प्रार्थना पत्र का निस्तारण करने का उच्चधिकारियों ने आदेश जारी किए गए हैं। इसके बाद भी जनता दिवस में ऐसे फरियादियों की संख्या अधिक नजर आती है, जो पिछले कई बार से प्रार्थना पत्र देते चले आ रहे हैं। उनकी समस्या का निस्तारण होता नजर नहीं आ रहा है।



फरियादियों की समस्या सुनते तमकुहीराज एसडीएम व्यास नारायण। संवाद



फरियादियों की समस्या सुनतीं एसडीएम उपमा पांडेय। संवाद

10 में से दो मामलों का हुआ निष्पादन

बरवापट्टी। बरवापट्टी थाना परिसर में शनिवार सुबह 10 बजे से थाना प्रभारी रामअवध राम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें समाधान दिवस पर कुल 10 मामले आए और सभी मामले राजस्व विभाग से ही थे। इसमें दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया और शेष आठ मामलों की पेचीदा होने के चलते आगे बढ़ा दिया गया। संवाद

UP RERA

उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

नवीन भवन, राज्य सिंचाई संस्थान, अलमबाग क्रासिंग, पुराना हैदराबाद, लखनऊ-226007

वि०सं०: 6729/स्था०म०उ०स०/2022-23 दिनांक: 11.06.2022

-: प्रेस-नोट :-

उ०प्र० भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण में उपसचिव के 01 पद वेतनमान-15600-39100 ग्रेड पे-7600 को निर्धारित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरने हेतु विज्ञापन संख्या-2043/स्था०म०उ०स०/2022 दिनांक 07.03.2022 जारी किया गया, जिसके तहत विस्तारित ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.05.2022 थी, को पुनः विस्तारित करते हुये ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30.06.2022 तक बढ़ाई जाती है। उक्त पद के लिये विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

विस्तृत विज्ञापन एवं पद की अर्हता, शर्तें सम्बन्धी विस्तृत विवरण रेरा की वेब-साईट www.up-rera.in पर उपलब्ध है।

सचिव

DR. RAM MANOHAR LOHIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010
Ph: 0522-6692101, 6692120, Website-www.drmlims.ac.in
Advertisement No-1135/Estb-II/RMLIMS/2022 Dated: 11.06.2022
Walk-in Interview
Appointment on different vacant posts on contractual basis invited through Walk-in Interview on 29.06.2022 in the Administrative Block of the institute at 11:00 am from retired eligible candidates of Govt./Semi Govt./Govt. Corporate bodies. Detail of post, remuneration, eligibility and other terms & conditions alongwith application form is available on Institute's Website www.drmlims.ac.in.
Director

Apollo Clinic
समर कैम्प, अपोलो क्लिनिक में
SUMMER CAMP AT APOLLO CLINIC, GORAKHPUR

सबसे अच्छा Since 1962 सबसे सस्ता
Since1962
विश्वास ही पहचान
बरनवाल ज्वेलर्स

MAHARAJ GANJ POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

जनशिकायतों के शीघ्र निस्तारण का निर्देश

महराजगंज (एसएनबी)। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने थाना चौक व थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। जनसुनवई कर उसके निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया। राजस्व व पुलिस टीम का गठन कर गुण दोष के आधार पर जन शिकायतो के शीघ्र निस्तारण केलिए निर्देशित किया साथ ही निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस पर आने वाले प्रार्थना पत्र तथा जनपद मुख्यालय/ उच्चाधिकारी से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को जो भूमि विवाद सम्बन्धित हो थाना दिवस पर उच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाय। जनसुनवाई के दौरान थाना चौक पर 5 थाना कोतवाली पर 49, कुल 54 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। कोतवाली में 12 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान कोतवाली में सदर उपजिलाधिकारी मो. जसीम खां व सीओ सूर्यबली मौर्य ने भी समाधान दिवस में जनसुनवाई की। साथ ही जिले के आला अधिकारियों के निर्देश के क्रम में शेष मामलों को प्राथमिकता के आधार पर गुणत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय, चौकी प्रभारी नगर रविन्द्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक हेमन्त कुमार चतुर्वेदी अन्य चौकी प्रभारी, लेखपाल, निरीक्षक व फरियादी मौजूद रहे।

हमारे **सिन्दुरिया प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थानाध्यक्ष राम कृष्ण यादव की अध्यक्षता में सामाधान दिवस आयोजित किया गया। साथ ही सम्बंधित लोगों की शिकायतों को सुनने के बाद त्वरित निस्तारण के दिशा- निर्देश दिये। इस दौरान समाधान दिवस में कुल 15 मामले आये। इनमें से 5 मामलों का थाना पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य 10 मामलों के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर

समाधान दिवस

जाकर निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसएसआई तरुण कुमार शुक्ला, ओम प्रकाश गुप्ता, अवधेश, नरेंद्र प्रसाद मिश्रा, अंजनी कुमार, चौकी प्रभारी मिठौरा आरसी वरुण, अनिल मिश्रा, शोभनाथ भारती, अविनाश सहानी, मारुति नन्दन निगम व दीपाली सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे। **चौक बाजार प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय थाना परिसर मे जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के द्वारा थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान स्थानीय थाने मे कुल पांच मामले आये। डीएम व एसपी की अध्यक्षता मे आये पांच मामलो के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया। तथा राजस्व व पुलिस टीम का गठन कर गुण दोष के आधार पर जनशिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस पर आने वाले प्रार्थना पत्र तथा जनपद मुख्यालय/ उच्चाधिकार से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को जो भूमि विवाद सम्बन्धित हो थाना दिवस पर उच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाय। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर तिवारी, उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार, उमाकान्त ओझा, उमेश तिवारी, पंकज कुमार पाल, बाबूलाल, हेड कांस्टेब्ल राजेश यादव, सौरभ यादव, प्रदीप यादव व ग्राम प्रधान संजय, गुड्डू विश्वकर्मा, सुदर्शन यादव, भीमल गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। **आनन्दनगर कार्यालय** के अनुसार सरकार के मंशा के अनुरुप शनिवार को लगने वाला थाना दिवस का आयोजन आज फरेन्दा पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में फरेन्दा थाना परिसर में आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों द्वारा कुल 30 शिकायत दर्ज कराया गया। मौके पर पांच शिकायतों का निस्तारण कर शेष 25 मामलों को निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित थाने को सौंप दिया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेन्दा



समाधान दिवस में जनसुनवाई करते डीएम व एसपी।

कोमल प्रसाद मिश्र, कोतवाल फरेन्दा संजय कुमार मिश्रा, कानूनगों रामफेर पाण्डेय,लेखपाल उपेन्द्र तिवारी सहित विभिन्न क्षेत्रों के राजस्व निरीक्षक व लेखपाल तथा पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

पुलिस ने किया कई वाहनों का चालान

कोल्हुई बाजार (एसएनबी)। उपनगर कोल्हुई बाजार में महराजगंज यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान 150 से अधिक वाहनों का जहां चालान किया गया वही यातायात नियमों की जानकारी भी दी गयी। यही नहीं शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों की ब्रेथ ऐनालाईजर तथा स्पीड रडार के माध्यम जांच की गयी। यातायात प्रभारी निरीक्षक महराजगंज जेपी सिंह अपने टीम के साथ आज कोल्हुई बाजार में पहुंचे। इस दौरान कई जगहों पर अभियान चलाकर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर लगभग 150 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा यातायात नियमों का पालन के लिए लोगों को जागरुक किया गया और हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने की सलाह दी गयी। यही नहीं दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाने वाले चालको को ब्रेथ ऐनालाईजर तथा स्पीड रडार के माध्यम से मशीन लगाकर जांच की गयी। इस अभियान से नियमों का पालन न करने वाले चालकों में हड़कम्प मचा रहा। इस सम्बन्ध में यातायात निरीक्षक महराजगंज जेपी सिंह ने एसएनबी को बताया कि कोल्हुई बाजार समेत कई जगहों पर आज उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 150 वाहनों से अधिक वाहनों का चालान किया गया साथ ही यातायात नियमों की जानकारियां देकर लोगों को जागरुक किया गया। विशेषकर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालको का मशीन के माध्यम से जांच की गयी।

दो मिले कोरोना संक्रमित

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद में कोरोना की संख्या बढ़कर 14957 पहुंच गयी है। साथ ही स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने वालो मरीजों की संख्या 1492 हो गयी है। कोरोना से अब तक 146 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। शनिवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार जनपद में दो कोरोना पाजीटिव मरीज पाये गये। जनपद के 12 सीएचसी पर एंटीजन 494 व 532 आरटीपीसीआर जांच किया गया। शनिवार को जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान 4659 लोगों का टीकाकरण किया गया। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. आईए अंसारी ने दी।

संतोष सिंह हत्याकांड : दो आरोपी धराए

गांगी बाजार (एसएनबी)। पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भवानीपुर के कुर्मी टोले पर शुक्रवार को दिन में जमीनी निर्माण को लेकर संतोष सिंह की दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा हत्या कर दी गयी थी। इसमे पुलिस मृतक के भतीजे की तहरीर पर नामजद तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को चलान न्यायालय भेज दिया ।



गिरफ्तार हत्यारोपी तथा मृतक के घर तैनात पुलिस बल।

शुक्रवार को दिन में निर्माण को लेकर हुई थी हत्या

उल्लेखनीय है कि पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भवानीपुर के कुर्मी टोले पर विजय सिं ह, अजीत सिं ह व पृथ्वी सिं ह द्वारा एक विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा था कि निर्माण को रोकने की नीयत से उन्ही के पट्टीदार संतोष सिंह मौके पर पहुंच गए लेकिन निर्माण नही रोक सके बल्कि दूसरे पक्ष द्वारा संतोष सिंह की मौके पर पीट कर हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। मामले की गम्भीरता को देखते सीओ सदर अजय सिंह चौहान कुछ ही देर में मौके पर पहुंच कर परिजनों को समझाने में कामयाबी हासिल करते हुए 3 घण्टे बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष पनियरा सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि हत्या में नामजद आरोपी विजय कुमार सिंह व पृथ्वी सिंह पनियरा के चौरी के पास स्थित आईटीआई विद्यालय के पास खड़े थे जहां से कही भागने की फिराक में थे तभी पुलिस टीम पहुंच गयी। पुलिस को देख आरोपी भागने का प्रयास किया लेकिन दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया । गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया गया है। **चोट लगने से संतोष सिंह की हुई थी मौत :** ानियरा थाना क्षेत्र के भवानीपुर के कुर्मी टोले पर निर्माण को लेकर शांतोष सिंह की हत्या कर दी गयी थी । मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया था । पनियरा थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट लगने से मौत होना बताया गया है । राष्ट्रीय सहारा ने निर्माण को लेकर युवक की पीठ कर हत्या , तीन पर केस शीर्षक से 11 जून के अंक में खबर प्रकाशित किया था । पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ने राष्ट्रीय सहारा की खबर पर मोहर लगा दी ।

पुलिस की मौजूदगी में रात में हुआ अंतिम संस्कार : पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भवानीपुर के कुर्मी टोले पर निर्माण को लेकर शुक्रवार को दिन में संतोष सिंह की हत्या हो गयी थी । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा था। शुक्रवार को शाम 7 बजे पोस्टमार्टम से शव वापस आया । मृतक संतोष सिंह का अंतिम संस्कार रात्रि में ही अकटहवा घाट पर किया गया जहां पनियरा थाने की कमान संभाले थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मृतक संतोष सिंह को उनके बड़े बेटे सोनू उर्फ हिमांशू ने मुखाग्नि दी। **मृतक के घर पुलिस फोर्स तैनात :** पनियरा थाना क्षेत्र के भवानीपुर के कुर्मी टोले पर शुक्रवार को हुई संतोष सिंह की हत्या के मामले में एहतियात के तौर पर मृतक के घर पर पुलिस फोर्स तैनात है। घटना को लेकर जहां परिजनों में आक्रोश है वहीं ग्रामीण भी दहशतजदा हैं। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने थानाध्यक्ष, एक उपनिरीक्षक व दो हेका को निलं बित कर दिया । गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा परिजनों को सुरक्षा उपलब्ध करानेकेलिए पुलिस बल तैनात किया गया है। पनियरा के नवागत थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि स्थित पूरी तरह से सामान्य है लेकिन एहतियातन मौके पर पुलिस के जवान तैनात है।

समाधान दिवस में आए 236 मामले, 24 का निस्तारण

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिले में कुल 236 मामले आए, जिनमें से 24 का निपटारा हो गया। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने सदर कोतवाली और चौक थाने पर पहुंचकर शिकायतें सुनीं। वहीं अपर आयुक्त न्यायिक हरिओम शर्मा ने नौतनवा थाने में शिकायतें सुनी।

डीएम व एसपी सदर कोतवाली और चौक थाने पर पहुंचे। कोतवाली में 49 व चौक में पांच मामले आए।

चौक में आए पांच मामले: झनझनपुर। चौक थाने में डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शिकायतें सुनीं। इस दौरान पांच मामले आए, लेकिन किसी का निस्तारण नहीं हो सका। मौके पर टीमें भेजी गई।



चौक थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने शिकायतें सुनीं।

नौतनवा में आए दस मामले, तीन निस्तारित: नौतनवा थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में अपर आयुक्त न्यायिक हरिओम शर्मा ने पहुंचकर लोगों की फरियाद सुनी। समाधान दिवस में कुल 10 मामले आए, जिसमें तीन मामलों का ही निस्तारण किया जा सका।

फरेंदा में 30 में 5 मामलों का निस्तारण: फरेंदा समाधान दिवस में सीओ कोमल प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में कुल 30 मामले आए। इनमें से पांच मामलों का निस्तारण कर दिया गया।

पुरंदरपुर में आए नौ मामलों में चार निपटे: पुरंदरपुर थाना परिसर में हुए समाधान दिवस में नौ मामले आये। इनमें चार का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। बाकी के समाधान के लिये संयुक्त टीम बनाकर लगाया गया है।

निचलौल में 13 में से एक ही मामला निपट सका: निचलौल थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र व सीओ सुनील दत्त दुबे की मौजूदगी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 13 मामले आए। इनमें से मौके पर केवल एक मामले का निस्तारण हुआ।

कोल्हुई में छह में से दो मामलों का निस्तारण: कोल्हुई थाने पर समाधान दिवस के अवसर पर कुल 6 मामले आये। इनमें से सभी 2 मामलों का निस्तारण हुआ। तहसीलदार नौतनवा मुकेश कुमार सिंह व एसओ अभिषेक सिंह के नेतृत्व आयोजित समाधान दिवस में अधिकतर जमीनी विवाद के मामले थे। बाकी 4 मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित टीम को निर्देशित किया।

एसपी कार्यालय के सामने भिड़े दो पक्ष

महराजगंज। एसपी कार्यालय के सामने शनिवार को उस समय गहमा-गहमी बन गई, जब फरियाद लेकर आए दो पक्ष गेट के पास ही आपस में उलझ गए। सदर ब्लाक के एक गांव के परिवार की श्यामदेउरवा में रहने वाले रिश्तेदारी से पारिवारिक विवाद चल रहा है। शनिवार को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष एसपी कार्यालय तो पहुंचे, लेकिन गेट के पास ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। हाथापाई तक की नौबत आ गई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों पक्षों को किनारे कर मामला शांत कराया।

पनियरा कांड के दो आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

पनियरा के भवानीपुर कुर्मी टोला में पट्टीदारों के विवाद में एक की मौत हुई थी, 24 घंटे के अंदर पुलिस ने की गिरफ्तारी

फॉलोअप



शनिवार को भवानीपुर कुर्मी टोला में मृतक के घर पर तैनात पुलिस फोर्स।

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। पनियरा के भवानीपुर कुर्मी टोला में शुक्रवार को दो पट्टीदारों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक शख्स की मौत हो गई थी। इस मामले में तीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी।

घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने इस मामले के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि तीसरा आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। शुक्रवार को भवानीपुर कुर्मी टोला में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पट्टीदार विजय सिंह व संतोष सिंह के बीच विवाद हो गया। धक्का-मुक्की व मारपीट में एक पक्ष के संतोष सिंह की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने विजय सिंह, पृथ्वी सिंह व अजीत सिंह के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया था। पुलिस के अनुसार यह गिरफ्तारी शनिवार की भोर साढ़े चार बजे आईटीआई कालेज चौरी से गिरफ्तार किया गया। हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर जेल भेज दिया गया।

सस्पेंड हो चुके हैं एसओ समेत चार पुलिसकर्मी

शुक्रवार को मारपीट में संतोष सिंह की मौत के बाद मामला गरमा गया था। मृतक के परिजनों का आरोप था कि थाने पर सूचना देने के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। इसकी सीओ सदर अजय सिंह चौहान से जांच कराकर एसपी डॉ. कौस्तुभ ने एसओ रहे संजय कुमार सिंह, एसआई इस्माइल खां, हेड कांस्टेबिल हरेराम सिंह व जनार्दन सिंह यादव को सस्पेंड कर दिया था। देर शाम घुघली के एसओ रहे सत्यप्रकाश सिंह को पनियरा का नया एसओ तैनात कर दिया गया था।

चोट लगने से हुई थी संतोष की मौत, गांव में फोर्स तैनात: पनियरा संवाद के अनुसार जमीनी विवाद में हुई मारपीट में संतोष सिंह की मौत शरीर पर चोट लगने की वजह से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर चोटें लगने की पुष्टि हुई है।

गांव में शांति व्यवस्था कायम है। लेकिन पुलिस एहतियात बरत रही है। मृतक संतोष सिंह के घर शनिवार को पुलिस फोर्स तैनात रही। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि दो आरोपितों को चौरी स्थित आईटीआई के पास से शनिवार की भोर में तब गिरफ्तार किया गया, जब वे कहीं भागने की फिराक में थे। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर चोट लगना बताया गया है। दोनों गिरफ्तारी में एसआई अरुण कुमार सिंह, संजय यादव, हेड कांस्टेबिल साजिद इमाम, सोनू यादव, संजीव कुशवाहा, हृदयराम शामिल रहे।

शराब के साथ पकड़ा गया

ढूठीबारी। ढूठीबारी कोतवाल संजय दुबे के नेतृत्व में लक्ष्मीपुर चौकी प्रभारी विजय कुमार द्विवेदी, दिनेश कुशवाहा व अश्वनी कुमार यादव की टीम ने समय माता मंदिर के पास से एक शख्स को 25 शीशी नेपाली शराब के साथ पकड़ा। कोतवाल ने बताया कि गड़ौरा निवासी विनय शराब लेकर नेपाल से भारत में प्रवेश किया था।

नुपूर शर्मा के विरोध में प्रदर्शन कर रहे युवाओं का वीडियो वायरल

सिसवा, हिन्दुस्तान संवाद। सिसवा में जुमे की नमाज के दिन निष्कासित भाजपा नेत्री नुपुर शर्मा की टिप्पणी के विरोध में युवाओं के प्रदर्शन का एक वीडियो शनिवार को वायरल हुआ। मामले में कुछ लोगों के ट्वीट करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

शनिवार को सिसवा के कुछ ह्वाट्सएप के ग्रुपों व फेसबुक पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें कुछ युवा नुपुर शर्मा के खिलाफ उनका पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी करते दिखे। वीडियो वायरल होने के बाद कस्बे के कुछ लोगों ने ट्वीट के माध्यम से पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की माँग की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

- सिसवा में जुमे की नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन का बताया जा रहा वीडियो
- शनिवार को वायरल वीडियो कुछ लोगों के ट्वीट करने के बाद पुलिस जांच में जुटी

> मामला जानकारी में आया है। इसकी जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सुनील दत्त दुबे,** सीओ-निचलौल

प्रधान संघ अध्यक्ष के चुनाव को लेकर हंगामा, पहुंची पुलिस

जासं, लक्ष्मीपुर: ब्लाक सभागार में शनिवार को प्रधान संघ के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रधानों में आपसी सहमति नहीं बनने से लोगों ने आपस में हंगामा शुरू कर दिया।

मामला तूल पकड़ता देख मौके पर पुलिस पहुंची और कुछ ही देर बाद ब्लाक पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। पुरन्दरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय ने बताया कि मामला शांत है। चुनाव अगले तिथि तक स्थगित कर दिया गया है।

दूसरा हत्यारोपित भी गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, मुजुरी: भूमि विवाद को लेकर शुक्रवार को भवानीपुर में हुई संतोष सिंह की हत्या के मामले में दूसरे हत्यारोपित पृथ्वी सिंह को भी पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद मुख्य आरोपित विजय सिंह और पृथ्वी सिंह दोनों को पुलिस ने न्यायालय चालान किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार की सुबह नौ बजे भूमि विवाद को लेकर भवानीपुर निवासी संतोष सिंह की पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पनियरा पुलिस की लापरवाही पाई जाने पर एसपी ने थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। मामले में मृतक के भतीजे अभय की तहरीर पर मुख्य आरोपित विजय सिंह, पृथ्वी सिंह व अजीत सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विजय को गिरफ्तार कर लिया था। इसमें से पृथ्वी और अजीत सिंह फरार चल रहे थे। शनिवार को पृथ्वी की गिरफ्तारी के बाद अजीत अभी भी फरार है।

अलर्ट रही पुलिस, निकाला गया फ्लैग मार्च



नौतनवा के घंटाघर चौक पर मुस्तैद रही पुलिस ● जागरण

जासं, महराजगंज: नुपुर शर्मा के विवादित बयान को लेकर हुई हिंसा व सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं को देखते हुए जिले की पुलिस अलर्ट मोड पर है। कानपुर सहित विभिन्न शहरों में बवाल के बाद जिले में और अधिक सतर्कता बरती जा रही है, इंटरनेट मीडिया पर भी साइबर पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। बस स्टेशन व भीड़ वाले अन्य स्थानों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। उधर दो दिन पूर्व गुरुवार को ही पूरे जिले में पुलिस ने जहां फ्लैग और रूट मार्च किया था, वहीं धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर अफवाहों पर रोक लगाने का सुझाव दिया।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस विशेष निगरानी कर रही है। प्रतिदिन थाना क्षेत्रों में फ्लैगमार्च व रूट मार्च किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए हुए हैं। इसके अलावा जुमे की नमाज से पूर्व ही सभी थानों की पुलिस ने दंगा नियंत्रण अभ्यास भी किया है। पुलिस की टीमें गांव-गांव में जाकर लोगों से संपर्क कर रही है। सभी धर्मों के धर्मगुरुओं से संपर्क कर धैर्य से कार्य लेने को जागरूक कर रही है।

पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा आज, तैयारियां पूरी

जासं, महराजगंज: पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा 12 जून को होगी, इसमें 8492 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सीसी कैमरे की निगरानी में होगी। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

परीक्षा के लिए जिले में 19 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ से 11.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर ढाई बजे से चार बजे तक होगी। स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को केंद्रों पर समय से पूर्व पहुंचना है, जबकि परीक्षार्थियों को परीक्षा से 10 मिनट पूर्व पहुंचना अनिवार्य है।परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल व इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबंधित है। केंद्र के 100 मीटर की दूरी तक फोटोकापी की मशीनों को भी बंद रखा जाएगा।



वितरक रहित क्षेत्रों मे वितरक बनने के लिए सम्पर्क करे।
Mob.: 7379076991, 9415611729, 9506055288

बढ़ाओ
मिटाओ
DAILY DEFENSE AGAINST
IPSA | ACE
समी मेडिकल व

प्रवे
फिजियो
बी0ए
सभी को सूचित
बी0एस-सी0 एम
गोरखपुर विश्वविद
अधिक जान
मो.-9
पैसिफि

236 मामले आए, 24 निस्तारित

हल नहीं हो रही समस्या, लोगों को निराश लौटना पड़ रहा



नौतनवा में थाना समाधान दिवस पर समस्या सुनते अपर आयुक्त गोरखपुर हरिओम शर्मा ● जागरण

जागरण संवाददाता, महराजगंज : शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर सदर कोतवाली और चौक थाने पर डीएम-एसपी ने सुनवाई की। इस दौरान जिले में 236 फरियादियों ने अपनी समस्याएं सुनाईं, जिसमें मात्र 24 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका।

सदर कोतवाली में नवनिर्मित आगंतुक कक्ष में सुबह 10 बजे से समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डा.कौस्तुभ ने सुनवाई शुरू की। इस दौरान कुल 49 मामले प्राप्त हुए, जिसमें 12 मामले निस्तारित किए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर मो.जसीम, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यबली मौर्य, सदर कोतवाल रवि कुमार राय मौजूद रहे। इसी प्रकार चौक में कुल पांच मामले आए, जिसमें से दो का निस्तारण किया गया।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार नौतनवा थाना में अपर आयुक्त न्यायिक गोरखपुर हरिओम शर्मा ने जन शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। कुल आठ मामले दर्ज किए गए और तीन का निस्तारण किया गया। अपर आयुक्त ने समाधान दिवस व उपस्थिति रजिस्टर की बारीकी से जांच की, जहां मिली कमियों पर चकबंदी लेखपाल चंद्रभान, लेखपाल विक्की व विनोद पटेल पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मामले में दोनों पक्षों के साथ मौके पर जाकर भूमि पैमाइश कराएं, निस्तारण होने पर रजिस्टर में पूरा विवरण अंकित करें। विवाद को बढ़ता देख पुलिस की सहायता अवश्य लें।

थाना समाधान दिवस

- सदर कोतवाली और चौक थाना में डीएम-एसपी ने की सुनवाई
- भूमि विवाद के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश

जो चिपक गया - समझो चिपक गया

25 शीशी नेपाली शराब बरामद

ठूठीबारी। नेपाली शराब ले कर आ रहे एक व्यक्ति को लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी के जवानों ने समय माता स्थान के पास 25 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज विजय कुमार द्विवेदी ने दी। संवाद

दो कोरोना पॉजिटिव मिले



महराजगंज। जिले में शनिवार को दो लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जिले में अब तक कुल 14,927 संक्रमित मिल चुके हैं। 14,760 लोग कोरोना से जंग जीत चुके हैं। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आईए अंसारी ने बताया कि 576 सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। जिले में 17 सक्रिय केस हैं। उधर, सीएमओ डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में शनिवार को 4659 लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन लगाई गई। संवाद

हत्या के आरोप में दो लोग गिरफ्तार



संतोष सिंह के घर पर तैनात पुलिस कर्मी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

पनियरा/मुजुरी। पनियरा थाना क्षेत्र के भवानीपुर कुर्मी टोला में शुक्रवार को जमीनी विवाद में हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस घटना में लापरवाही पर थानेदार, उप निरीक्षक एवं दो हेड कांस्टेबल पर गाज गिर चुकी है। पुलिस इस पूरे प्रकरण में अब तेजी से काम कर रही है। मृतक संतोष सिंह के घर पर पुलिस का पहरा है। गांव में प्रत्येक हलचल पर पुलिस की नजर है।

ग्राम सभा भवानीपुर के कुर्मी टोले पर शुक्रवार को दिन में निर्माण कार्य रोकने को लेकर संतोष सिंह की दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा हत्या कर दी गई थी। मृतक के भतीजे अभय प्रताप सिंह की तहरीर पर नामजद तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया।

थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया हत्यारोपी विजय कुमार सिंह, पृथ्वी सिंह निवासी भवानीपुर कुर्मी टोला को 24 घंटे के अंदर चौरी चौराहा के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

थाना समाधान दिवस में लेखपाल की शिकायत

236 में महज 24 समस्याओं का हो सका समाधान



सदर कोतवाली में समस्या सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनने के बाद निस्तारित करने का प्रयास किया गया। 236 में से सिर्फ 24 मामलों का निस्तारण मौके पर हुआ।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कोतवाली सदर व थाना चौक थाने में जन शिकायतों की सुनवाई की। सोनाडी गांव के रादुलारे, बरगदही गांव के राममिलन, बडहरा वैद्य के मुन्नीलाल ने बताया कि न्यायालय में भूमि का वाद लंबित है, लेकिन लेखपाल द्वारा विपक्षी को कब्जा दिलाने की कोशिश की जा रही है, जिसपर लेखपाल के कार्यों की जांच नायब तहसीलदार विवेकानंद दूबे को करने का निर्देश डीएम ने दिया।

नौतनवां थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में शनिवार को अपर आयुक्त (न्यायिक) गोरखपुर हरिओम शर्मा ने फरियादियों की फरियाद सुनी। इसमें कुल दस मामले आए, इनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अपर आयुक्त हरिओम शर्मा ने समाधान दिवस रजिस्टर की जांच की। इसमें कमियां मिलने पर उसे दुरुस्त कराने को कहा। इसके साथ ही रजिस्टर में अंकित जमीनी विवाद की जगह मामलों में संक्षिप्त विवरण लिखने तथा मामलों का निस्तारण हो जाने पर उसकी रिपोर्ट संलग्न करने का भी निर्देश दिया।

इस दौरान एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा, सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

BASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

39 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त



हाइवे पर स्थित होटल में काम करने वाले बाल श्रमिकों को मुक्त कराने पहुंची टीम।

बाल श्रम निषेध दिवस

बस्ती, निज संवाददाता। श्रम विभाग व एंटी ह्यूमेन ट्रैफकिंग यूनिट ने पिछले छह माह में 39 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। उनसे काम लेने वालों को नोटिस जारी किया तो माता-पिता को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संबंधित विभागों को पत्र लिखा गया है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनय दूबे ने बताया कि मई माह तक 29 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया था। इसमें अधिकांश बाल श्रमिक ढाबा, आटो पार्ट की दुकान पर काम करते मिले। सदर, भानपुर व हर्रैया तहसील में हुई इस कार्रवाई के पीड़ितों को उनके घर पहुंचाया गया। बीएसए को पत्र लिखकर क्षेत्रीय विद्यालय में नामांकन कराने के लिए कहा गया। मनरेगा का जॉब कार्ड बनवाने के लिए डीसी मनरेगा को भेजा गया। राशन कार्ड सहित श्रमिक पंजीकरण का कार्य श्रम विभाग में कराया गया। साथ ही नोटिस भेजा है। सीजेएम कोर्ट में इनके खिलाफ वाद दायर किया गया है।

अभियान चलाकर मुक्त कराए 10 बाल श्रमिक

बस्ती। एंटी ह्यूमेन ट्रैफकिंग यूनिट ने शनिवार को हर्रैया क्षेत्र में अभियान चलाया। श्रम विभाग के साथ प्रभारी एएचटीयू विभा पाण्डेय मय पुलिस टीम ने थाना- हर्रैया, कप्तानगंज के अंतर्गत हाईवे पर पड़ने वाले होटल, ढाबा का निरीक्षण किया।

चन्दन ढाबा, बाबू ढाबा, होटल रविन्द्रा, दिल्ली दरबार, पराग ढाबा, होटल तरंग व अन्य छोटे-बड़े दुकानों पर दुकानदारों व होटल में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के काम करने की जांच किया। चेकिंग के दौरान 18 साल से कम उम्र के कुल 10 बच्चे काम करते हुए पाए गए। जिन्हें मुक्त कराया गया। होटल मालिकों, दुकानदारों व गाड़ी बनाने वालों को नाबालिग बच्चों से काम नहीं कराने के सम्बन्ध हिदायत देते हुए नोटिस दिया गया। साथ ही आगे बाल श्रमिकों से कार्य न कराने का निर्देश दिया।

कमिश्नर-आईजी ने वाल्टरगंज थाने में व कोतवाली में डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

समयबद्ध करें मामलों का निस्तारण

समाधान दिवस

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। जिले में शनिवार को सभी थानों पर समाधान दिवस के साथ ही वादी-संवाद दिवस का आयोजन किया गया। कमिश्नर गोविंदराजू एनएस और आईजी बस्ती रेंज राजेश मोदक ने वाल्टरगंज थाने में जनसुनवाई की तो डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने शिकायतों की सुनवाई के साथ मुकदमा वादियों संग संवाद किया। आला अफसरों ने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध तरीके से हो। समाधान रजिस्टर में शिकायतकर्ता के साथ ही जांचकर्ता का नंबर भी जरूर दर्ज किया जाए।

वाल्टरगंज थाने पर पहुंचे कमिश्नर व आईजी के समक्ष भूमि विवाद से संबंधित शिकायतें पेश हुईं। सुनवाई के बाद संयुक्त टीमें गठित करने का आदेश दिया। आला अफसरों ने सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण संबंधी मामलों पर भी विचार-विमर्श किया। राजस्व व पुलिस विभाग की टीम को अवैध कब्जे की भूमि को मुक्त कराए जाने का निर्देश दिया। कहा कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले फरियादियों की समस्या का यथासंभव उसी दिन निदान कराया जाए अथवा प्रत्येक दशा में अगले दिन समाधान हो जाए। कुल 12 मामले आए और दो का मौके पर निस्तारण हुआ। पीआरओ डीके मिश्र, एसओ योगेश सिंह व अन्य मौजूद रहे।



वाल्टरगंज थाने पर शनिवार को समाधान दिवस में जनसुनवाई करते कमिश्नर गोविन्दराजू एनएस व आईजी राजेश मोदक।



डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने शनिवार को कोतवाली में समाधान व वादी-संवादी दिवस में जनसुनवाई की।

कोतवाली पर डीएम व एसपी ने जनसुनवाई की। राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर निस्तारण करने का निर्देश दिया है। समाधान संग वादी संवाद दिवस में मुकदमे की प्रगति जानने आए वादियों से भी आला अफसरों ने संवाद स्थापित किया। आला अफसरों ने कहा कि यदि विवेचना में कोई दोष पाया जाता है तो विवेचक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। कोतवाल संजय व अन्य मौजूद रहे।

भूमि से संबंधित सबसे अधिक शिकायतें

रुधौली। रूधौली थाने रूधौली पर एसडीएम गुलाब चंद्रा व सीओ अंबिका राम ने सुनवाई की। कुल 44 मामले आए। इनमें 39 राजस्व के थे। थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि मौके पर पांच प्रकरणों का निस्तारण हुआ। हर्रैया में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर की देख-रेख में राजस्व से संबंधित 52 मामले पेश हुए। एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कलवारी थाने पर जमीन विवाद से संबंधित 67 मामले पेश हुए और छह का निस्तारण किया गया। दुबौलिया थाने पर राजस्व से संबंधित कुल 59 मामले आए और पांच का मौके पर निस्तारण किया जा सका। छावनी थाने पर 61 मामलों में से 51 राजस्व से संबंधित रहे। सात मामलों का निस्तारण हो सका। कप्तानगंज में कुल 22 मामले आए चार का मौके पर निस्तारण हुआ।

फब्तियां कसने में तीन पर मुकदमा

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने महिलाओं व लड़कियों को देखकर फब्तियां कसने व अश्लील गाना गाने के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दिन में करीब साढ़े तीन बजे महिला सिपाही सुनीता राना क्षेत्र के भानपुर में ड्यूटी पर तैनात थी। तभी सूचना मिली कि पचासी गांव के मोड़ के पास पिपरा को जाने वाली सड़क पर कुछ महिलाएं अपने परिजनों के साथ जा रही थी तो पचासी गांव के शुभम, अरविंद व प्रेम चौधरी ने फब्तियां कसते हुए अश्लील गाना गया।

पुलिस ने फब्तियां कसने व अश्लील गाना गाने के आरोप में तीनों पर आईपीसी 294 में केस दर्ज किया है।

धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पति समेत चार पर केस

बभनान, हिसं। पति, सास, ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ महिला का धर्म परिवर्तन कराने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कुशीनगर जनपद के हाटा थाना अंतर्गत सिकटा गांव निवासी लक्ष्मी ने एसपी गोंडा को बताया है कि छह वर्ष पूर्व गोंडा जनपद के खोड़ारे थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ती खास गांव निवासी कमरुद्दीन ने अपने को हिन्दू बताकर प्रेम विवाह किया था। प्रार्थिनी के दो बच्चे हैं। कुछ समय बाद मुझे व बच्चों को कमरुद्दीन अपने घर लाया। सच्चाई सामने आने पर कमरूद्दीन के घर वाले मारपीट कर घर से निकाल दिए।

स्थानीय थाना पर दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया लेकिन पति कमरुद्दीन, ससुर कमरुद्दीन का पिता व सास कमरुद्दीन की माता व ग्राम प्रधान अकबर हिंदू धर्म बदलकर मुस्लिम धर्म स्वीकार करने का दबाव बनाने लगे। धर्म ना बदलने पर पुनः मुझे व मेरे बच्चों को मारपीट कर भगा दिया।

परेशान होकर लक्ष्मी ने पुलिस अधीक्षक गोंडा का दरवाजा खटखटाया। एसपी के निर्देश पर खोड़ारे पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

आत्महत्या के प्रयास मामले में एक्शन में अफसर, केस दर्ज

कप्तानगंज, हिसं। जमीनी विवाद में महिला ने डीएम कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को आत्महत्या के प्रयास के मामले को डीएम ने गंभीरता से लिया है। डीएम बस्ती प्रियंका निरंजन ने 24 घंटे के भीतर स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तलब की है।

मजिस्ट्रेट अतुल आनंद राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ शनिवार की दोपहर हरदी गांव पहुंचे और जमीनी विवाद की हकीकत को देखा। दोनों पक्षों के लोगों का बयान दर्ज किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्रैया अमृतपाल कौर भी मामले में रपोर्टिंग करती रही। मजिस्ट्रेट अतुल आनंद ने बताया देर शाम तक रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी जाएगी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मां और बेटे पर एसआई सर्वेश कुमार की तहरीर पर आत्महत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

हर्रैया तहसील के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरदी गांव निवासी मंजू उपाध्याय और रमाकांत पांडेय के बीच पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बताया जाता है कि तीन दशक पूर्व मंजू एक मामले में गांव में हुए तनाव के चलते गांव छोड़कर चली गई थी। विवादित जमीन रमाकांत पांडेय के कब्जे में है। 2017 में मंजू अपने बेटे संग गांव आई और जमीन पर मालिकाना हक बताते हुए कब्जा का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुई। 2018 में कब्जेदारी को लेकर मारपीट भी हुई। मंजू के बेटे की तहरीर पर रमाकांत सहित परिवार सदस्यों पर मारपीट का मामला दर्ज हुआ। जमीन पर कब्जा पाने के लिए मंजू ने सैकड़ों प्रार्थना पत्र भी दिया, लेकिन निस्तारण नहीं हो सका। मंजू मुंबई चली गई। बताया जाता है कि इन दिनों मंजू पुनः अपने बेटे संग गांव में हैं और अधिकारियों के चक्कर लगाने लगी। मामला नहीं बना तो मंजू ने डीएम दफ्तर पर शुक्रवार को बेटे संग आत्मदाह का प्रयास किया।

न्यायालय के आदेश पर मुकदमा

बस्ती। वाल्टरगंज थाने के भरौली बाबू निवासी विन्ध्याचल का आरोप है कि गांव के रामसहाय व अन्य ने तीस अप्रैल 2022 को घर में घुसकर मारपीट की और धारदार हथियार से हमला किया, जिससे उनके पिता बेहोश हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पत्नी की पिटाई के आरोप में एफआईआर

बस्ती। वाल्टरगंज की बडा बढाया श्रीपालपुर की सुनीता देवी का आरोप है मेरा पति जवाहिर शराब का नशा करने के साथ जुआ खेलता है। ऐसा करने से मना करने पर उसने मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। इसी थाने की पकरीभीखी निवासी नन्दिनी का आरोप है कि पारिवारिक विवाद को लेकर पति रामपाल ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मारपीट कर दी जानमाल की धमकी

बस्ती। छावनी थाने के पूरे वल्दी निवासी राजू का आरोप है कि गांव के सौरभ व छोटू ने उनके भाई को अपशब्द कहते हुए मारापीटा, जिससे वे बेहोश गए। घायल को जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया गया है। लालगंज थाने के मुरादपुर बेलराई निवासी जनार्दन का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर अंबिका व अन्य ने घर में घुसकर मारपीट कर धमकाया।

चार पर गैंगस्टर की कार्रवाई

बस्ती। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह ने बताया आरोपी राजन विश्वकर्मा निवासी नरायनपुर वाल्टरगंज व राज उर्फ विकास निवासी पकड़ी भीखी वाल्टरगंज पर कार्रवाई हुई है। एसओ पुरानी बस्ती आलोक श्रीवास्तव ने कहा 3(1) यूपी गैंगेस्टर में संजय वर्मा निवासी राजा बाजार व नरेंद्र जयसवाल उर्फ गोलू निवासी पांडेय बाजार पुरानी बस्ती पर कार्रवाई की गई है।

शादी का झांसा देकर किशोरी संग रेप, केस

बस्ती। कलवारी पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप करने के आरोप में केस किया है। सत्रह वर्षीय पीड़िता की मां का आरोप है थाना क्षेत्र के नीरज ने उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर व बहलाकर कई बार बलात्कार किया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया तहरीर पर नीरज व दो पर आईपीसी 376, 504, 506 व 5/6 पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर की है।

दिव्यांग युवती से रेप के आरोप में तीन गिरफ्तार

सल्टौआ (बस्ती), हिसं। सोनहा थाने के एक गांव में दिव्यांग युवती के साथ गैंगरेप की घटना में आरोपी तीनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी तरफ इस घटना में नया मोड़ आ गया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने चिकित्सक द्वारा मेडिकल करने की सहमति लेने के समय मेडिकल कराने से इंकार कर दिया है।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि पीड़िता को महिला अस्पताल में मेडिकल के लिए भेजा गया था। लेकिन उसने अपना मेडिकल कराने से इंकार कर दिया। एएसपी ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म की धारा हटा दिया गया है। आरोपितों को गिरफ्तार कर विवेचना की जा रही है। सोनहा थाना क्षेत्र की रहने वाली 22 वर्षीय दिव्यांग युवती की मां ने शुक्रवार को थाने पर तहरीर दी।

छापेमारी में बालू लदा ट्रक सीज

घघौवा। छावनी थानाक्षेत्र के रानीपुर कठवनिया बालू खदान रास्ते पर शनिवार को पहुची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतापाल कौर ने घाट की तरफ से आने बालू लदी ट्रको का औचक निरीक्षण किया। अचानक जांचपडताल देख बडी संख्या मे बिना रायल्टी वाले वाहन चालको मे भगदड मच गयी। चालक अपनी अपनी ट्रेक्टर ट्राली और ट्रको को लेकर भागने लगे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने इसी दौरान बिना रायल्टी के ओवरलोडिग एक ट्रक को पकड कर सीज करते हुए छावनी पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान विक्रमजोत चौकी प्रभारी योगेन्द्र कुमार सहित राजस्व के अधिकारी भी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि एक बिना रायल्टी और ओवरलोड बालू लदी ट्रक वाहन सीज किया गया है ।

कप्तानगंज व सोनहा में थाना प्रभारी बदले

बस्ती। एसपी आशीष श्रीवास्तव व जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड ने कप्तानगंज व सोनहा थाने पर नए थाना प्रभारी तैनात किए हैं। आईजीआरएस सेल के प्रभारी सत्येन्द्र कुंवर को प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज बनाया गया है।

कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय को प्रभारी निरीक्षक सोनहा का जिम्मा सौंपा गया है। सोनहा के प्रभारी निरीक्षक रहे विजय सिंह का श्रावस्ती में स्थानान्तरण होने के कारण उन्हें लाइन भेजा गया है।

डीएम के निर्देश पर हटा तालाब की भूमि से अतिक्रमण

जासं, भानपुर, बस्ती: डीएम के निर्देश पर शनिवार को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा सल्टौआ गोपलपुर के बसडीला गांव में तालाब की भूमि का सीमांकन कर भीटे पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया।

गांव प्रेम शंकर पांडेय द्वारा गाटा संख्या 207 रकबा 2.188 हे पर कुछ लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस पर कई बार शिकायत की गई थी। शुक्रवार को नगर से जिलाधिकारी से कर शिकायत कर दी गई। इस बात पर डीएम ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल अतिक्रमण हटवाने को कहा। तहसीलदार केसरी नंदन तिवारी ने बताया कि डीएम के निर्देश के क्रम में राजस्व टीम द्वारा गाटा संख्या 207 के साथ ही 324 का भी सीमांकन किया गया। तालाब की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया।

हटाए गए सोनहा थाने के प्रभारी निरीक्षक

जासं, बस्ती : विवादों में घिरे व आपराधिक घटनाओं को रोक पाने में असफल रहे सोनहा थाने के प्रभारी निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उन्हें पुलिस लाइन में आमद कराने का निर्देश दिया गया है। हालांकि उन्हें हटाए जाने का कारण श्रावस्ती जनपद स्थानांतरित होना बताया जा रहा है, मगर लोग इसे पिछले दिनों एक महिला द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप व सोनहा थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को रोक पाने में विफलता से जोड़कर देख रहे हैं। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक रहे शशांक शेखर राय को सोनहा थाने का चार्ज दिया गया है। वहीं आइजीआरएस सेल के प्रभारी रहे निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर को कप्तानगंज थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

बस्ती में घर के सामने से ही युवती का किया अपहरण

जागरण संवाददाता, परशुरामपुर, बस्ती : सब्जी व्यवसायी की 20 वर्षीय पुत्री व स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा का कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। घटना युवती के अमौली बाजार स्थित घर के सामने की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

घटना शनिवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे की है। युवती के पिता मंडी में सब्जी खरीदने गए थे। मां घर में थी, भाई सो रहे थे। युवती घर के सामने सड़क की दूसरी पटरी पर लगे हैंडपंप से पानी लेने गई थी। बाल्टी में पानी लेकर लौटने लगी तो बदमाश युवती के पास आ गए और खींचकर कार में बैठा लिया। बैठाने के साथ ही तेजी से परशुरामपुर की तरफ निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह पांच बजे से ही कार सवार दो युवक बाजार के आसपास मंडरा रहे थे। पुलिस बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थानाध्यक्ष परशुरामपुर अरविंद कुमार शाही ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर अज्ञात कार सवार युवकों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की छानबीन शुरू कर दी गई है।

- **पानी भरने निकली युवती को बदमाशों ने खींच कर कार में बैठाया**
- **सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

पिता की तहरीर पर कार सवार दो युवकों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर अपहृत युवती की बरामदगी के लिए परशुरामपुर पुलिस के साथ ही सर्विलांस सेल व स्वाट टीम को लगाया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-शेषमणि उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी हर्रैया

सरकारी भूमि पर कब्जा करने में दो पर मुकदमा

जासं, बस्ती : वाल्टरगंज पुलिस ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गनेशपुर के लेखपाल मनोज कुमार उपाध्याय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गनेशपुर में गाटा संख्या 657 में 0.154 हेक्टेयर भूमि सरकारी है। 0.036 हेक्टेयर भूमि पर गनेशपुर निवासी राजेश व उनकी पत्नी रीना ने अवैध कब्जा किया है।

संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ी गश्त

कोतवाली क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील हैं छह पोस्टर पार्टियां

जागरण संवाददाता, बस्ती : शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद प्रयागराज, सहारनपुर, आंबेडकरनगर सहित प्रदेश के कई शहरों में हुए बवाल के बाद बस्ती में भी पुलिस हाई अलर्ट पर है। कोतवाली, पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज, रुधौली, मुंडेरवा, परशुरामपुर और कलवारी थाना क्षेत्र के मुस्लिम बहुल इलाकों पर पुलिस की विशेष नजर है। शहरी क्षेत्र में संवेदनशील इलाकों में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। छतों पर ईंट पत्थर एकत्रित न हों, इसके लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी की व्यवस्था बनाई गई है।

पड़ोसी जनपद आंबेडकर नगर में भी जुमे की नमाज के बाद बवाल होने से बस्ती भी संवेदनशील हो गया है। यहां भी पुलिस हाई अलर्ट मोड पर आ गई है। कोतवाल संजय कुमार अपनी टीम के साथ लगातार धर्मगुरुओं से संपर्क बनाए हुए हैं। कहीं किसी पोस्टर से बवाल न हो जाए, इससे बचने के लिए कोतवाली क्षेत्र में छह पोस्टर पार्टी बनाई गई है। हर टीम में एक दरोगा, दो सिपाही व एक होमगार्ड शामिल है। यह सुबह ही संवेदनशील इलाकों में निकल पड़ती है। टीम को निर्देश दिया गया है कि कहीं कोई आपत्तिजनक पोस्टर या अन्य सामग्री दिखे तो उसे तत्काल नष्ट कर दें। इसके अलावा मुस्लिम बहुल इलाके, तुर्कहिया, रहमतगंज, दरिया खां आदि में सादे कपड़ों में पुलिस के जवान और एलआइयू कर्मी लगाए गए हैं। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पुरानी बस्ती थाने के दक्षिण दरवाजा, कड़र, हड़िया आदि स्थानों पर क्यूआरटी लगाई गई। पुरानी बस्ती क्षेत्र में लोगों से सीसीटीवी कैमरे लगवाने का अनुरोध किया जा रहा है। इंटरनेट मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। वाल्टरगंज क्षेत्र के मुस्लिम बहुल क्षेत्र जमदाशाही, मझौवामीर, गनेशपुर कस्बे में थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिला रहे हैं। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस अलर्ट मोड में है। सभी प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की गस्त बढ़ा दी गई है।



मुंडेरवा के नटवाग मोहल्ले में मुस्तैद पुलिस बल ● जागरण

वाल्टरगंज में कमिश्नर व आइजी ने सुनीं समस्याएं



वाल्टरगंज थाना में फरियाद सुनते कमिश्नर गोविंद राजू एनएस व आइजी राजेश मोडक ● जागरण

जागरण टीम, बस्ती: शनिवार को जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। वाल्टरगंज थाने पर कमिश्नर गोविंद राजू एनएस व आइजी राजेश मोडक ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं व उनके निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर आई कुल 10 शिकायतों में से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। आइजी ने थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह को थाना परिसर में पौधारोपण कराने को कहा।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कोतवाली में आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

सोनहा में उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 23 मामलों में से महज दो का ही मौके पर निस्तारण हो सका। निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य सहित थाने के सभी उप निरीक्षक मौजूद रहे।

दुबौलिया में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के समक्ष 59 मामले आए, इनमें से पांच का ही मौके पर निस्तारण हो सका। लालगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के पास 27 मामले आए, जिनमें से एक का भी निस्तारण न हो सका।

हर्रैया थाने पर थाना समाधान दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर व प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने 52 मामलों की सुनवाई की। इसमें से एक का ही निस्तारण हो सका। कप्तानगंज थाने पर नायब तहसीलदार कमलेंद्र सिंह के सामने 23 शिकायते आईं, इनमे से तीन का ही निस्तारा हो पाया। परशुरामपुर में अरविंद कुमार शाही के समक्ष 20 शिकायतें आईं, इनमें से किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। कलवारी में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के पास 67 मामले आए। मौके पर छह का ही निस्तारण हो सका।

आत्मदाह के प्रयास के बाद जागा प्रशासन, जांच शुरू

जागरण संवाददाता, बस्ती : महिला द्वारा डीएम कार्यालय पर आत्मदाह का प्रयास करने के बाद जिला प्रशासन जागा है। महिला के आरोपों की जांच करने शनिवार को एसडीएम (न्यायिक) हर्रैया अतुल आंनद व पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए सभी आरोपों की बिंदुवार जांच की। जांच में दोनों पक्षों से जानकारी ली गई।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरदी खास गांव निवासी मंजू उपाध्याय ने गांव के रमाकांत पांडेय पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उनके मकान व भूमि पर कब्जा कर लिया है। लगातार शिकायतों के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा निस्तारण के लिए ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा था। न्याय न मिलने से आहत मंजू उपाध्याय ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय पर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस ने मौके से सुरक्षित बचा लिया था। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने घटना की तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। जांच टीम हरदी खास पहुंचकर विवादित भूमि पर बने मकान व अन्य बिंदुओं की जांच की। दोनों पक्षों के पास उपलब्ध अभिलेख व अन्य साक्ष्य संकलित किया। एसडीएम ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच व दोनों पक्षों से प्राप्त अभिलेख के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।



हरदी खास गांव में जांच करते एसडीएम हर्रैया न्यायिक अतुल आनंद ● जागरण

डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी किया गया। इस दौरान 14 मामले राजस्व विभाग से जुड़े होने के चलते कर दिया गया है।

आखिर हरकत में आया प्रशासन

जिलाधिकारी के निर्देश पर गांव पहुंची राजस्व और पुलिस टीम

दुबौला। डीएम कार्यालय के सामने शुक्रवार को आत्मदाह का प्रयास करने वाली कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरदी खास निवासी मंजू उपाध्याय के घर शनिवार को प्रशासनिक टीम ने पहुंच कर प्रकरण की जांच की।

डीएम प्रियंका निरंजन ने एसडीएम (न्यायिक) हरैया अतुल आंनद को राजस्व व पुलिस टीम के साथ जाकर मामला निस्तारित करने के निर्देश दिए थे। मंजू ने गांव के रमाकांत पांडेय पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उनके मकान व भूमि पर कब्जा कर लिया है। जांच टीम ने विवादित भूमि पर बने मकान व अन्य आरोपों की जांच की। संवाद



हरदी खास में मंजू से जानकारी लेती प्रशासनिक टीम। संवाद

सिवान में अधेड़ का शव मिला

परशुरामपुर। थाना क्षेत्र के सहरिया चौबेपुर गांव के सिवान में गोंडा जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र बरहमपुर गांव निवासी 55 वर्षीय हंसराज का शव शनिवार को दिन में करीब चार बजे मिला, मृतक के पुत्र दुर्गेश ने थाने पर मौत की सूचना दी।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया कि मृतक के शरीर पर प्रथमदृष्टया चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। संवाद

लालगंज में नहीं आए राजस्व विभाग के अधिकारी

समाधान दिवस पर वाल्टरगंज में कमिश्नर और आईजी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। आम जन की समस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को जिले के थाना परिसरों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कमिश्नर व आईजी रेंज ने वाल्टरगंज और डीएम व एसपी ने कोतवाली में समस्याओं को सुनकर आवश्यक निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस पर विभिन्न थानों में 215 मामले पंजीकृत हुए। इनमें से 117 का निस्तारण हुआ।

बनकटी प्रतिनिधि के अनुसार लालगंज थाने में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारियों के न आने के कारण तमाम फरियादियों को लौटना पड़ा। थानाध्यक्ष ने बताया कि समाधान दिवस में 27 प्रार्थना पत्र आए। सभी राजस्व विभाग से जुड़े होने के चलते टीम गठित कर रवाना कर दिया गया है।

वाल्टरगंज संवाद के अनुसार थाना समाधान दिवस में पहुंचे कमिश्नर एस राजू व आईजी राजेश मोदक ने 11 फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर राजस्व के मामलों का निस्तारण करवा दिया। अन्य मामलों के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की टीम को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कोतवाली थाना परिसर में डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने मामलों की सुनवाई की। दोनों अधिकारियों ने जमीन विवाद चिह्नित करवाकर उनका निस्तारण कराने और अपनी आख्या थाना समाधान दिवस पंजिका में दर्ज करने के निर्देश दिए।

पैकोलिया प्रतिनिधि के अनुसार थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय और राजस्व निरीक्षक भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 14 मामले आए। चार मामले में पुलिस व राजस्व टीम ने मौके पर जाकर निस्तारित करा दिया। शेष मामलों में लेखपाल को जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया। बनकटी प्रतिनिधि के अनुसार लालगंज थाने में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारियों के न आने के कारण तमाम फरियादियों को लौटना पड़ा। थानाध्यक्ष ने बताया कि समाधान दिवस में 27 प्रार्थना पत्र आए। सभी राजस्व विभाग से जुड़े होने के चलते टीम गठित कर रवाना कर दिया गया है।

कलवारी प्रतिनिधि के अनुसार थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस पर भूमि विवाद से संबंधित 66 मामले पंजीकृत हुए। मुंडेरवा प्रतिनिधि के अनुसार कुल 15 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए। दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। थाना प्रभारी राधेश्याम राय ने बताया कि पिछले समाधान दिवस में 26 और इस समाधान दिवस में 15 मामले आए। दोनों को मिलाकर 17 मामलों का इस समाधान दिवस में निस्तारण कर दिया गया है।



लालगंज थाने में शिकायत सुनते थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह। संवाद

समाधान दिवस पर थानों पर 215 मामले आए, 117 का निस्तारण

दो थानेदारों का हुआ तबादला

बस्ती। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कप्तानगंज व सोनहा थाने पर नए प्रभारी की तैनात की है।

पुलिस कार्यालय के अनुसार आईजीआरएस सेल के प्रभारी सत्येंद्र कुंवर को प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज बनाया गया है। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय को प्रभारी निरीक्षक सोनहा की जिम्मेदारी दी गई। सोनहा के प्रभारी निरीक्षक रहे विजय कुमार सिंह का श्रावस्ती जनपद में स्थानांतरण होने के कारण उन्हें पुलिस लाइंस भेज दिया गया है। संवाद

दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

पीड़िता ने मेडिकल कराने से किया इनकार, दुष्कर्म के प्रयास का लगाया आरोप

बस्ती। सोनहा थाने के एक गांव में दिव्यांग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी तीनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस घटना में नया मोड़ आ गया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने मेडिकल कराने से इनकार कर दिया है। पूछने पर चिकित्सक को बताया कि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म नहीं हुआ है, तीनों ने दुष्कर्म की कोशिश की थी।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि पीड़िता को महिला अस्पताल में मेडिकल के लिए भेजा गया था, लेकिन उसने मेडिकल कराने से इनकार कर दिया। कारण पूछने पर उसने चिकित्सक को बताया कि उसके साथ दुष्कर्म नहीं हुआ है।

आरोपितों ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। ऐसे में सामूहिक दुष्कर्म की धारा में दर्ज मुकदमे को दुष्कर्म के प्रयास की धारा में तरमीम कर दी गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर साक्ष्यों के आधार पर विवेचना की जा रही है।

सोनहा थानाक्षेत्र की रहने वाली 22 वर्षीय दिव्यांग युवती की मां ने शुक्रवार को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि बृहस्पतिवार की रात करीब नौ बजे उनकी बेटी शौच के लिए खेत में गई थी। आरोप लगाया था कि इसी दौरान गांव के तीन युवक उनकी बेटी को जबरदस्ती खेत में ले गए। वहां उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर तीनों ने दुष्कर्म किया और भाग गए। शनिवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

दुष्कर्म के आरोपी ने की खुदकुशी

बस्ती। परशुरामपुर थाने के जुड़ईपुर गांव स्थित बाग में 27 वर्षीय युवक का शव गमछे के सहारे पेड़ से लटका हुआ मिला। उसके पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। वह दुष्कर्म का आरोपी था।

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह गांव के बाहर बाग में कुछ लोगों ने एक पेड़ से युवक का शव लटका देखा। करीब जाकर देखा तो शव गांव के राजेश पांडेय का था। लोगों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। पुलिस और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने शव को उतरवाया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया कि मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में आत्महत्या की बात कही गई है। इसमें लिखा है कि उसके खिलाफ दुष्कर्म का एक मुकदमा चल रहा है। केस का जल्द फैसला होने वाला है। अब वह जीना नहीं चाहता है। परिवार के लोगों ने भी मुकदमे की बात की पुष्टि करते हुए कहा कि जल्द ही कोर्ट का निर्णय आने वाला था। रात में वह घर से शौच की बात कहकर निकला था। संवाद

युवती को घर के सामने से किया अगवा, केस दर्ज

परसरामपुर थाना क्षेत्र की घटना,सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

परसरामपुर। परसरामपुर थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह कार सवार लोगों ने एक युवती को उसके घर के सामने से अगवा कर लिया। वह पानी लेने जा रही थी। युवती को खींचकर कार में बैठाने के बाद परसरामपुर की ओर भाग निकले। पुलिस ने घटना स्थल के पास एक चिकित्सक के यहां लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगाल रही है।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया कि फुटेज में अहम सुराग हाथ लगे हैं। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार सवारों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि एक व्यापारी की 19 वर्षीय बेटी सुबह करीब 5:30 बजे घर से पानी लाने निकली थी। वह सड़क पार कर दूसरी ओर जा रही थी। इसी दौरान कार सवार लोगों ने उसे कार में खींचकर बैठा लिया। घर वाले व अगल-बगल के लोग शोर मचाते हुए कार के पीछे दौड़े, लेकिन कार सवार हाथ नहीं आए।

युवती बीएसी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। अपहरण की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ कर घटनाक्रम की जानकारी ली। थानाध्यक्ष का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

समाधान दिवस में लेखपाल ने मदद की लगाई गुहार

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज थाना में आयोजित समाधान दिवस में कुल सात मामले आये। जिसमें एक का मौके पर ही निस्तारण हो गया। शनिवार को स्थानीय थाना प्रांगण में तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुए समाधान दिवस में फरियादियों को सुनते अपने मातहतों तहसीलदार ने आवश्यक मामलों के निस्तारण को लेकर निर्देशित किया।

फरियादियों की कतार में खड़े एक लेखपाल भी अपनी मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में समाधान दिवस में मदद की गुहार लगा रहे थे। उन्होंने बताया कि चोरों ने तहसील परिसर में खड़ी बाइक उड़ा ली। माली मैनहा के राजेश प्रताप मणीं पुत्र राम अंचल डुमरियागंज तहसील में लेखपाल हैं। उन्होंने तहरीर देते हुए बताया कि अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक यूपी 55 एए 3929 रोज की तरह परिसर में खड़ी कर कार्यालय में आवश्यक कार्य निपटाने चले गए। जब वह वापस आये तो बाइक गायब मिली, उन्होंने पहले स्वयं ढूंढा फिर न मिलने पर कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में खुद भी अर्जी लगाकर बरामी की गुहार लगाई।वहीं अन्य मामलों में बजरहवाँ गांव के लोगों ने गांव के ही दाखिलकार पुत्र किन्नू व प्रेम चन्द्र पुत्र दाखिलकार के ऊर आरोप लगाते हुए बताया कि पुराने रास्ते जो तालाब तक जाता है जो हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार माँगलिक कार्यो में पूजा के लिए आवागमन के रूप में प्रयोग होता रहा है परंतु उक्त लोगों ने अतिक्रमण करते हुते पक्का निर्माण कर रास्ता ही अवरुद्ध कर रहे हैं। जिससे समस्त गांव वासियों को आवागमन के समय कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में इसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने की गोहार लगाई है। समाधान दिवस में कुल सात में छः राजस्व व एक पुलिस का मामला आया। इस मौके पर कोतवाल सूर्यभान सिंह, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, अम्बिकेश सिसोदिया आदि लोग उपस्थित रहे। **डीएम, एसपी ने उस्का में सुनी जनशिकायत :** **उस्का बाजार प्रतिनिधि** के अनुसार शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना उसका बाजार पर उपस्थित होकर डीएम संजीव रंजन एवं एसपी डा. यशवीर सिंह ने जन शिकायतों की सुनवाई की। थाना समाधान दिवस में कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया । एक प्रकरण में आवेदक मोहम्मद रजा ग्राम बगही की भूमि की विधिक पैमाइश राजस्व टीम द्वारा किए जाने के उपरांत पत्थर नसब को प्रति गणों द्वारा उखाड़ कर फेंक दिए जाने के कारण प्रकरण में मुकदमा दर्ज कराया गया। शेष प्रकरणों के स्थली निरीक्षण कर के निराकरण के निर्देश दिए गए। मुकामी थाना परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण डीएम और एसपी ने करते हुये संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बहेलिया गैंग के छह सदस्य गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। जिले की एसओजी सर्विलांस व मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने घर व बसों में यात्रियों के साथ चोरी छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले बहेलिया गैंग के 6 शातिर अभियुक्तो को चोरी के माल व असलहे के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने बताया कि जिले के सिद्धार्थ नगर, चिल्हिया व ढेबरुआ थाना पर चोरी के मामले दर्ज अभियोग के सफल अनावरण के लिए विशेष पुलिस टीम गठित किया गया था। पुलिस टीम ने मुखबिर के सूचना के आधार पर बहेलिया गैंग के 6 सदस्यों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त का नाम अनिल बहेलिया पुत्र नबाब सिंह, हरिशंकर बेलहिया पुत्र सियाराम, अनिल कुमार पुत्र राजाराम निवासीगण नगला उसर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी, सुमित बहेलिया पुत्र राजेन्द्र, राजू पुत्र सुघर सिंह निवासी महराई थाना बिचवा जनपद मैनपुरी तथा दीपू पुत्र कप्तान सिंह निवासी ब्रह्मपुरी थाना मेरारपुर जनपद फरुखाबाद है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जब पकड़े गए अभियुक्तो से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो बताया कि वे लोग बहेलिया गैंग का संचालन करते है, जिसका लीडर अनिल बहेलिया है,. जिसे हम लोग कुरु नाम से बुलाते है। उन्होंने कहा कि हम लोग अलग अलग जनपदों मे जाकर किराये का मकान लेते है और वहाँ से बस अड्डो पर जाकर रेकी करते है, जब कोई महिला बैग लेकर बस में बैठती है, तो हम लोग उसी बस में बैठ जाते है और मौका देखते ही उनका सामान बैग चुरा लेते है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस गैंग के पास एक विशेष प्रकार की मास्टर चाबी रखते है, जिसकी मदद से कोई भी बैग व सूटकेस हो उसे खोल लेते है, अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में घनश्याम सिंह थानाध्यक्ष मिश्रौलिया, शेषनाथ यादव प्रभारी सर्विलांस टीम, जीवन त्रिपाठी एसओजी प्रभारी, उप निरीक्षक हरिराम, मुख्य आरक्षी राजीव शुक्ला, रमेश यादव, वीरेंद्र तिवारी, पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, आरक्षी विवेक कुमार मिश्र, देवेश यादव, पंकज दूबे, बुदेश कुमार, विनय कुमार, नागेंद्र कुमार, का. अमर नाथ शामिल रहे।

चोरी का माल व असलहा बरामद

पकड़े गए सभी अभियुक्त मैनपुरी व फर्रुखाबाद जिले के है निवासी



गिरफ्तार बहेलिया गैंग के बारे में जानकारी देते एसपी डा. यशवीर सिंह।

एडीएम व एएसपी ने किया पैदल मार्च

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज नगर पंचायत क्षेत्र में बीपी शुक्रवार की रात एडीएम व एएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को आपसी सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की संबंध में लोगों से बातचीत भी की। वही एडीएम उमाशंकर ने आम लोगो ने शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन को सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट वह सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर असमाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। वह लोग सोशल मीडिया पर भड़काऊ व धार्मिक उन्माद फैलाने के संबंध में आपत्तिजनक पोस्ट डाल रहे हैं। ऐसे में प्रशासन के पुष्टि के बिना समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने वाले खबरे न साझा करें। दौरान एसएपी सुरेश चंद्र रावत ने लोगों से कहा कि सोशल मीडिया पर होने वाली सभी प्रतिक्रियाओं पर हमारी पैनी नजर है। यदि किसी के द्वारा आपत्तिजनक संदेश भेजे गए या साझा किए गए तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से कहां की प्रशासन का सहयोग करें प्रशासन आपके सहयोग के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने युवाओं को हिदायत दी कि किसी के बहकावे से आवेश में न आएं। इसके पूर्व पुलिस सहायता केंद्र से बैदौलागढ़ तक दर्जनो की संख्या में पुलिसकर्मियों अधिकारियों संग सीओ बांसी देवी गुलाम सिंह, कोतवाल सूर्य भान सिंह ने पैदल गश्त कर सबकी सुरक्षा का संदेश दिया।

डीएम की मौजूदगी में आए 11 मामले, मौके पर छह का हुआ निस्तारण

लंबित समस्याओं का समय से करें निस्तारण

समाधान दिवस

उस्का बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।
थाना समाधान दिवस पर शनिवार को उस्का बाजार थाना पर फरियाद सुनने डीएम संजीव रंजन व एसपी डा यशवीर सिंह पहुंचे। दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में 11 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जिसमें से छह का मौके पर निस्तारण हो गया बाकी संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। डीएम ने लंबित मामलों का समय से निस्तारण करने का आदेश दिया।



उस्का बाजार थाने पर समाधान दिवस पर फरियाद सुनते डीएम संजीव रंजन।

डीएम के सामने फरियादी मोहम्मद रजा निवासी बगहा पहुंचा उसने बताया कि उसकी भूमि की विधिक पैमाइश राजस्व टीम द्वारा किए जाने के बाद पत्थर नसब को उखाड़ कर फेंक दिए जाने की शिकायत की गई। डीएम ने प्रकरण को गंभरता से लिया और पत्थर उखाड़ कर फेकने वालों पर केस दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस दौरान पेश कुल 11 में से छह मामलों का निस्तारण हो सका बाकी को संबंधितों को सौंप दिया गया। डीएम ने कहा कि लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निपटाएं। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को त्वरित न्याय मिले इसलिए सभी अधिकारियों को गंभीर रहने की जरूरत है। कोई पीड़ित बार-बार चक्कर लगाए और न्याय न मिले अच्छी बात नहीं है। एसपी डॉ यशवीर सिंह ने थाना परिसर में बन रहे भवन का भी निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण का निर्देश दिया है। इस मौके एएसपी सुरेश चंद्र रावत, एसओ अभिषेक सिंह, गरीश चन्द मिश्र, राम करन गुप्ता, अशोक गुप्ता, सुरेंद्र, अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

नशीली गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। मोहाना थाना की पुलिस ने बर्डपुर नंबर नौ के सोनबरसा निवासी राहुल चौधरी पुत्र शीलमन चौधरी को ककरहवा बाग से 300 नशीली गोलियों के साथ शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। चौकी प्रभारी ककरहवा अजय नाथ कन्नौजिया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 8/21/23 के तहत कार्रवाई की गई है।

बसों और घरों में घुसकर चोरी की वारदात करते थे, चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और तमंचा पुलिस ने बरामद किया

बहेलिया गैंग के छह सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

कामयाबी

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसओजी, सर्विलांस टीम और मिश्रौलिया पुलिस ने बसों व घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले बहेलिया गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और तमंचा बरामद किए गए हैं।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि तड़के मधवापुर पुल के पास छह संदिग्ध नजर आए जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। तलाशी ली गई तो उनके पास से चोरी के सोने व चांदी के आभूषण, 35 सौ रुपये, दो तमंचा व दो कारतूस बरामद किए। गिरफ्तार लोगों की पहचान अनिल बहेलिया, हरिशंकर बहेलिया, अनिल, निवासी नगला उसर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी, सुमित बहेलिया, राजू निवासी महारमई थाना बिचवां जनपद मैनपुरी व दीपू पुत्र कप्तान सिंह निवासी ब्रह्मपुरी थाना मेरापुर जिला फर्रुखाबाद के रूप में हुई। पूछताछ व बरामदगी के आधार पर थाना सिद्धार्थनगर, चिल्हिया व ढेबरूआ में पूर्व में पंजीकृत चोरी के मुकदमों का खुलासा किया गया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी बहेलिया गिरोह के सदस्य हैं। वह बसों व घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। आरोपियों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एसपी ने टीम को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है।



पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को एसपी ने पकड़े गए बहेलिया गैंग का खुलासा किया। साथ में मौजूद पुलिस टीम व गिरफ्तार आरोपी। ● हिन्दुस्तान

पूछताछ में सब ने कुबूला जुर्म

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपियों ने पूछ-ताछ में बताया कि हम लोग बहेलिया गैंग का संचालन करते हैं। हमारा गैंग लीडर अनिल बहेलिया है जिसको हम लोग कुरू नाम से बुलाते हैं। अलग-अलग जनपदों में जाकर किराये का मकान लेते है और वहां से बस अड्डों पर जाकर रेकी करते है। जब कोई महिला बैग इत्यादि लेकर बस में बैठती है उसी बस में हम लोग बैठ जाते है और मौका देखकर बैग इत्यादि चुरा लेते हैं। बताया कि ज्यादा समय तक एक शहर में नहीं रहते है।

इनकी हुई गिरफ्तारी

अनिल बहेलिया पुत्र नबाब सिंह, हरिशंकर बहेलिया पुत्र सियाराम, अनिल पुत्र राजाराम निवासी नगला उसर थाना कुरावली जिला मैनपुरी, सुमित बहेलिया पुत्र राजेन्द्र, राजू पुत्र सुधर सिंह निवासी महारमई थाना बिचवां जिला मैनपुरी व दीपू पुत्र कप्तान निवासी ब्रह्मपुरी जिला फरूखाबाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

नशीली दवा के साथ एक गिरफ्तार

जासं, सिद्धार्थनगर: मोहाना पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति को तीन सौ नशीली गोली व एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम राहुल चौधरी निवासी बर्डपुर नंबर नौ थाना मोहाना है।

69.89 प्रतिशत लोगों ने पुलिस पर जताया भरोसा : अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पुलिस के कार्यप्रणाली की सर्वेक्षण कराया। इस सर्वे में पुलिस पर 69.89 प्रतिशत लोगों ने भरोसा जताया है। यह जानकारी एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने दी।



शोहरतगढ़ कस्बे के पुलिस पिकेट चौराहे पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीओ हरिश्चंद्र ने मार्च किया। • हिन्दुस्तान

शांति व्यवस्था के लिए एसडीएम और सीओ ने किया रूट मार्च

सतर्कता

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। शोहरतगढ़ कस्बा में एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ हरिश्चंद्र की अगुवाई में पुलिस बल ने पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मस्जिद के बाहर प्रदर्शन किया गया था इसे लेकर सर्तकता बरती जा रही है।

एसडीएम ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में हर नागरिक को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों को आपसी मेलजोल और भाईचारे की भावना के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने जीवन यापन करने के साथ-साथ शासन प्रशासन के नियमों का पालन करने की बात कही। सीओ हरिश्चंद्र ने कहा कि कोई भी नागरिक शासन प्रशासन के नियमों की अवहेलना न करें और कानून के दायरे में रहकर काम करे। अवांछित तत्वों से प्रशासन निपटने के लिए तैयार है।

बहेलिया गैंग के छह सदस्यों को किया गया गिरफ्तार

इटवा के मधवापुर पुल के पास हुई कार्रवाई, बरामद किए गए जेवर, दो तमंचा, चाकू व नकदी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगरः एसओजी, सर्विलांस व मिश्रौलिया पुलिस की संयुक्त टीम ने बहेलिया गैंग के छह सदस्यों को इटवा तहसील के मधवापुर पुल के पास से गिरफ्तार कर किया है। इनके पास से चोरी का सोना, चांदी के आभूषण, दो अदद तमंचा 315 बोर, दो कारतूस एवं चाकू, छह मोबाइल, 3500 रुपये नकद, आधार कार्ड बरामद बरामद किया है।

यह जानकारी एसपी डा. यशवीर सिंह ने शनिवार को दी। वह पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने इस सफलता पर पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

एसपी ने बताया कि सदर, चिल्हिया और ढेबरूआ थाना क्षेत्र में चोरी की घटना हुई थी। इसके पर्दाफाश के लिए एसओजी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम ने सुबह मधवापुर पुल के पास से छह अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ में पुलिस टीम को पकड़े गए सदस्यों ने बताया कि हम लोग बहेलिया गैंग का संचालन करते हैं। गैंग लीडर अनिल बहेलिया है। जिसको हम लोग गुरु नाम से बुलाते हैं। हम लोग अलग-अलग जनपदों में जाकर किराये का मकान लेते हैं और वहां से बस अड्डों पर जाकर रेकी करते हैं।

जब कोई महिला बैग इत्यादि लेकर बस में बैठती है, तब हम भी उसी बस में बैठ जाते हैं। मौका देखकर उनका सामान व बैग आदि चुरा लेते हैं। बैग का लाक तोड़ने के लिए मास्टर चाबी का प्रयोग करते हैं। फेवीक्विक से अंगुली पर माइक्रो ब्लेड चिपका कर सवारियों को उतरते समय उनका पर्स, बैग काटकर आभूषण व पैसा आदि चुरा लेते हैं।



गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी डा.यशवीर सिंह ● जागरण

पकड़े गए छह आरोपितों के नाम

अनिल बहेलिया पुत्र नबाब सिंह, हरिशंकर बहेलिया पुत्र सियाराम, अनिल कुमार पुत्र राजाराम सभी नगला उसर थाना कुरावली के रहने वाले हैं। जबकि सुमित बहेलिया पुत्र राजेन्द्र, राजू पुत्र सुघर सिंह निवासी महारमई थाना बिचवां जनपद मैनपुरी के हैं। वहीं दीपू पुत्र कप्तान सिंह निवासी ब्रह्मपुरी थाना मेरापुर जनपद फर्रुखाबाद है।

इनकी मेहनत से मिली सफलता: एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव, थाना प्रभारी मिश्रौलिया घनश्याम सिंह, उपनिरीक्षक हरिराम, राजीव शुक्ला, रमेश कुमार, वीरेंद्र तिवारी, पवन तिवारी आदि शामिल रहे।

एडीएम के साथ एएसपी ने किया पैदल गश्त : शुक्रवार रात करीब नौ बजे एडीएम व एएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने कस्बे में पैदल गश्त किया। एडीएम उमाशंकर ने आम लोगो से शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की। कहा शांति व्यवस्था बनाएं रखने में प्रशासन की मदद करें। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया का दुरुपयोग असमाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने में करते हैं। ऐसे में सभी प्रशासन के पुष्टि के बिना समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने वाली खबरें न साझा करें। एसएपी सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि प्रशासन का सहयोग करें प्रशासन आपके सहयोग के हमेशा तैयार है। पुलिस सहायता केंद्र से बैदौलागढ़ तक भ्रमण किया गया। प्रभारी सीओ देवी गुलाम सिंह, कोतवाल सूर्यभान सिंह आदि मौजूद रहे।

फैलाई अशांति तो होगी जेल, पुलिस ने बढ़ाई सख्ती

सभी थानों में 11- 11 पुलिसकर्मियों की टीमें रखेंगी गतिविधियों पर निगाह, पूरी रात वाहनों की होगी जांच

जासं,सिद्धार्थनगरः पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ हुई आपत्तिजनक टिप्पणी व कानपुर व प्रयागराज में हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गश्ती बढ़ा दी है। संवेदनशील स्थलों को चिह्नित किया गया है। पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये गए हैं। डुमरियागंज में सात, सदर थाने में 10 स्थानों पर पुलिस पिकेट लगाई गई है। 20 क्यूआरटी (क्विक रिजर्व टीम) तैनात है। 30 स्थलों पर पूरी रात वाहनों की जांच हो रही है। एसपी डा. यशवीर सिंह ने सभी थाना प्रभारियों से कहा है कि बिना अनुमति के किसी स्थल पर कोई कार्यक्रम न होने पाए। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे सीधे जेल भेजें। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि पहले सात क्यूआरटी थी। इसकी संख्या बढ़ाकर 20 कर दी गयी है। सभी थानों में 11-11 पुलिसकर्मियों की अलग से टीम बनायी गयी है। यह न सिर्फ क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर निगाह रखेंगे, बल्कि कार्यक्रम या भीड़ की वीडियोग्राफी भी करेंगे। किसी प्रकार की समस्या होने पर फौरन मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को देंगे। शोहरतगढ़ में पांच, इटवा तीन, बढ़नी तीन, बांसी में तीन स्थानों पर अतिरिक्त पिकेट की ड्यूटी लगायी गयी है। जनपद को सात सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में उपनिरीक्षक के नेतृत्व में चार- चार आरक्षियों को तैनात किया गया है। एसपी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो संवेदनशील स्थलों की निगरानी ड्रोन कैमरे से करायी जाएगी।

एडीएम व एएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल मार्च: शुक्रवार की रात्रि में एडीएम उमाशंकर व एएसपी सुरेश चंद्र रावत के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। कर्मी हाइडिल तिराहे से होते हुए स्टेट बैंक, होते हुए सिद्धार्थ तिराहे पर पहुंचे। वहां से रेलवे स्टेशन तक गये। एडीएम ने कहा कि किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है।





जनपद मुख्यालय पर पैदल मार्च करते एडीएम उमाशंकर, एएसपी सुरेश चंद्र रावत व टिप्पणी के विरोध में इटवा एसडीएम अभिषेक पाठक को ज्ञापन देते लोग ● जागरण

आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जासं, इटवा: पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर शनिवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एवं समाज सेवियों ने रोष जताया।

एसडीएम अभिषेक पाठक को ज्ञापन सौंपा, जिसमें दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन के समय प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी मय फोर्स मौजूद रहे। अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष डा. नादिर सलाम ने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाए हुए है। जहां सभी धर्मों का आदर व सम्मान सौहार्द पूर्वक ढंग से किया जाता है। ज्ञापन में भाजपा प्रवक्ता प्रवक्ता नुपूर शर्मा, नवीन जिंदल सहित इंटरनेट मीडिया पर डुमरियागंज निवासी राजकुमार, इटवा थाना क्षेत्र के कमल द्विवेदी व रोहन सोनी के आपत्तिजनक टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग की।

पोखरे से शीघ्र हटवाएं अतिक्रमण

थाना समाधान दिवस पर 11 मामले आए, छह का निस्तारण

जागरण टीम, सिद्धार्थनगर : शनिवार को उसका बाजार थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने समस्याएं सुनीं।11 मामले प्रस्तुत हुए। छह मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। बगही गांव निवासी मोहम्मद रजा ने कहा कि उसके भूमि की पैमाइश राजस्व टीम करते हुए पत्थर लगाया था। जिसे कुछ लोगों ने उखाड़ कर फेंक दिया। इस मामले में डीएम ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। अन्य मामले का निस्तारण जल्द करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सही ढंग से एवं गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए। जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र आवे उसका अभिलेखीय एवं भौतिक सत्यापन के बाद ही रिपोर्ट लगाएं। पोखरे पर अवैध अतिक्रमण नहीं होना चाहिये। एसपी ने कहा कि राजस्व की समस्याएं पुलिस बल के साथ निपटाएं। जिससे किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत व थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह,रामकरन गुप्ता,अशोक गुप्ता,कृष्ण भूषण दूबे आदि मौजूद रहे। डुमरियागंज में तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह समस्या सुनी। लेखपाल राजेश प्रताप मणि भी फरियादी बना। उसने कहा कि चोरों ने तहसील परिसर से ही शुक्रवार को बाइक चुरा लिया है। बजरहवां गांव के लोगों ने गांव के ही दाखिलकार पुत्र किन्नू व प्रेम चन्द्र पर रास्ते पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया। कुल सात मामले आए। भवानीगंज थाने में नायब तहसीलदार आनंद ओझा के सामने आठ मामले आए।



थाना दिवस में समस्याओं को सुनते डीएम संजीव रंजन व एसपी डा. यशवीर सिंह ● जागरण

जनता की समस्याओं का किया समाधानः विधायक विनय वर्मा ने शोहरतगढ़ स्थित कार्यालय पर शनिवार को जनसुनवाई की। जनता की विभिन्न समस्याएं सुनी। समाधान का आश्वासन दिया। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश का बेहतर विकास हो रहा है। अंतिम व्यक्ति को सरकार की जनहित योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास हो रहा है। शोहरतगढ़ में बस अड्डा बनाने की हरी झण्डी शासन से मिल चुकी है। तहसील प्रशासन जमीन खोज रहा है। जमीन मिलते ही बस अड्डे का निर्माण शुरु हो जाएगा।

बच्चों, महिलाओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज। महिला सशक्तीकरण, मिशन शक्ति, एंटी रोमियो चेकिंग अभियान के अंतर्गत शनिवार को डुमरियागंज कस्बे में पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।

थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने कहा कि सरकार ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और उनकी शिक्षा के लिए कई योजनाएं संचालित की है। महिलाओं और बालिकाओं के शोषण उत्पीड़न को रोकने के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जिसके जरिए घरेलू हिंसा तथा उत्पीड़न को रोका जा सकता है। महिला हेड कांस्टेबल संगीता मौर्या, आरक्षी उर्मिल देवी, कंचन सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा एवं सुरक्षा के



पंफ्लेट देकर जागरुक करती महिला पुलिस कांस्टेबल संगीता मौर्य। संवाद

संबंध में जागरूक किया। इसके अलावा 1090, 181, 1076, 112, 1098 हेल्पलाइन नंबर के संबंध में जानकारी दी गई।

साथ ही छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवं सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान एसआई दद्दन राय, राम महेश शर्मा राजेश यादव मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचने की अपील

डुमरियागंज में एडीएम और एएसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ मार्च किया

संवाद न्यूज एजेंसी



डुमरियागंज में पुलिसकर्मियों ने मार्च किया। संवाद

डुमरियागंज। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार रात एडीएम उमाशंकर और एएसपी सुरेश चंद्र रावत की अगुवाई में पुलिस ने नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर मार्च किया। इस दौरान किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाने और विवादित पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट और कमेंट नहीं करने की लोगों से अपील की।

एडीएम व एएसपी, प्रभारी सीओ देवी गुलाम सिंह ने पुलिस बल के साथ थाना से मंदिर तिराहा, खीरा मंडी, कादीराबाद रोड होते हुए बैदौला चौराहे तक मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग किए जाने तथा किसी भी अप्रिय गतिविधि की सूचना तत्काल 112 नंबर पर दिए जाने का अनुरोध किया। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर प्रशासन से पुष्टि किए बिना कोई खबर या सूचना पोस्ट न करने अपील की। इस दौरान थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह, एसआई दद्दन राय, रमाकांत सरोज, राम महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

बहेलिया गैंग के छह गुर्गे पकड़े गए

एसओजी, सर्विलांस सेल और मिश्रौलिया पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। एसओजी, सर्विलांस एवं मिश्रौलिया पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी के सामान के साथ बहेलिया गैंग के छह गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से नकदी, जेवरात, दो कट्टा व कारतूस बरामद किया गया। एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने पुलिस लाइंस सभागार में प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने चोरी का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया।

जिले के सदर, चिल्हिया, ढेबरुआ थाना क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं के खुलासा के लिए एसओजी, सर्विलांस व स्थानीय पुलिस छानबीन में जुटी हुई थी। एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस प्रभारी शेषनाथ यादव व थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह के नेतृत्व में मिश्रौलिया थानाक्षेत्र के मधवापुर पुल के पास से पुलिस की संयुक्त टीम ने छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने का खुलासा किया। उनके पास से नकद 35 सौ रुपये के अलावा सोने का हार, मांग टीका, नथिया, झुमका, बाली व चांदी की करधन, पायल आदि जेवरात बरामद हुए। आरोपियों के पास से दो कट्टा, कारतूस, चाकू, माइक्रो ब्लेड व चाबी भी बरामद हुए हैं।

पकड़े गए आरोपियों में मैनपुरी जिले के कुरावली थाना क्षेत्र के नगला उसर निवासी अनिल बहेलिया, हरिशंकर बहेलिया, अनिल कुमार और थाना बिचवां के महारमई निवासी सुमित बहेलिया व राजू शामिल हैं। इसके अलावा फर्रुखाबाद जिले के मेरापुर थानाक्षेत्र के ब्रह्मपुरी निवासी दिपू भी पकड़ा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई हरिराम, मुख्य आरक्षी राजीव शुक्ला, रमेश यादव, वीरेंद्र तिवारी, पवन आदि शामिल रहे।



पुलिस लाइंस सभागार में पकड़े गए चोरों के बारे में जानकारी देते एसपी डॉ. यशवीर सिंह। संवाद

गिरफ्तार पांच आरोपी मैनपुरी, एक फर्रुखाबाद जिले का है निवासी

चोरी करने के बाद बदलते रहते थे शहर

किसी शहर में चोरी की दो या तीन घटना को अंजाम देने के बाद बहेलिया गैंग के सदस्य शहर छोड़ देते थे। शहर छोड़ने से पहले एक सदस्य चोरी का सामान लेकर सभी सदस्यों के घर पहुंचा देता था। तब तक बाकी सदस्य दूसरे शहर में ठिकाना बना लेते थे। जहां नए सिरे से किराए का मकान लेकर घटना को अंजाम देते थे। गिरोह के सभी सदस्य अपने हिस्से के चोरी के धन में से कुछ हिस्सा गैंग लीडर अनिल बहेलिया उर्फ कुरू को देते थे जिससे वह पकड़े जाने पर सदस्यों के घर एवं परिवार की देखभाल करता रहे।

बसों और बंद मकानों में चोरी करता था गैंग

पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे बहेलिया गैंग का संचालन करते हैं, जिसका अगुवा अनिल बहेलिया उर्फ कुरू है। वह अलग-अलग जगहों पर किराए के मकान में रहते हुए दिन में बंद घरों की रेकी कर रात को चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। बस अड्डे पर सवारी के साथ बैठकर यात्रा करते हैं और महिला यात्रियों के बैग आदि सामान चुरा लेते हैं। इसके अलावा छोटी मास्टर चाबी से बैग में लगे छोटे ताले को खोलकर भी चोरी करते हैं। अंगुली पर फेवीक्विक से माइक्रो ब्लेड चिपकाकर बैग काटकर आभूषण व नकदी चोरी करते हैं।

जमीन विवाद का समय से निष्पक्ष निस्तारण करें : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

उसका बाजार। थाना उसका में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने मामलों की सुनवाई की।

इस दौरान 11 प्रार्थना पत्र मिले, जिनमें से छह मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने समस्याओं का किया निस्तारण

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जमीन विवाद का समय से और निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। समाधान दिवस में पहुंचे ग्राम बगही निवासी मोहम्मद रजा ने बताया कि जमीन की पैमाइश कर लगाए गए पत्थर को कुछ लोगों ने उखाड़कर फेंक दिया है। इस मामले में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया। शेष मामलों का निरीक्षण करने का निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों दिया गया है। डीएम ने कहा कि शासन व उच्चाधिकारियों के निर्देश का पालन समय से करने की जिम्मेदारी सभी की है, लापरवाही बरतने वाले दंडित किए जाएंगे।



संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद डीएम व अन्य। विज्ञप्ति

SANT KABEER NAGAR POLICE




सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

महुली थाने पर नायब तहसीलदार ने सुनी फरियाद

आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में धनघटा में 12 और महुली थाने पर पेश हुए 26 मामले

शनिचरा/नाथनगर (एसएनबी)। जनसमस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को आयोजित थाना दिवस में धनघटा थाने पर उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार व सीओ धनघटा रामप्रकाश ने पहुंचे फरियादियों की फरियाद सुनी। सुबह 10 बजे ही उपजिलाधिकारी धनघटा व सीओ धनघटा धनघटा थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में पहुंचे और पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश के साथ मिलकर धनघटा थाने में मातहतों के साथ बैठकर फरियादियों के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते हुए मातहतों को उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान कुल 12 फरियादियों ने अपना-अपना प्रार्थनापत्र उपजिलाधिकारी व सीओ के समक्ष पेश किया जिसपर सुनवाई करते हुए थाना दिवस में आए कुल 12 राजस्व सम्बन्धित मामलों के समाधान के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम का गठन करते हुए उपजिलाधिकारी व सीओ ने मौके के लिए रवाना कर दिया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी ने सभी मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रार्थनापत्रों का पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान होना चाहिए जिससे फरियादी को दुबारा प्रार्थनापत्र लेकर थाना और तहसील का चक्कर न काटना पड़े। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह, इंसपेक्टर अपराध शाखा चन्दन कुमार, एसआई. बीरबहादुर यादव, शैलेन्द्र, पवन, राजेश मिश्र और जगदीशपुर,लोहरैया, बिड़हरघाट पुलिस चौकी के प्रभारियों के अलावा थाने के अन्य पुलिसकर्मी तथा राजस्वकर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार योगेन्द्र कुमार पांडेय और प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की। इस दौरान राजस्व से सम्बन्धित कुल 24 फरियादियों ने अपने-अपने प्रार्थनापत्रों को पेश किए तथा 2 पुलिस से संबंधित प्रार्थनापत्र सम्पूर्ण थाना दिवस में पेश किए गए। नायब तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक महुली ने मिलकर राजस्व से संबंधित 2 मामले और पुलिस से संबंधित एक मामले का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। जबकि पुराने थाना दिवस के 22 मामलों का भी निस्तारण दोनों अधिकारियों ने मौके पर कर दिया शेष मामलों के लिए पुलिस और राजस्व टीम का गठन कर मामलों के निस्तारण के लिए मौके के लिए रवाना कर दिया। इस दौरान एसएसआई दयानाथ, नत्थू प्रसाद, उपनिरीक्षक राजेश मिश्र, पारसनाथ सिंह सहित हरिहरपुर, मोलनापुर, काली जगदीशपुर, शनिचरा बाबू और मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक समेत सम्बन्धित राजस्वकर्मी भी मौजूद रहे।



धनघटा थाने में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार व सीओ धनघटा रामप्रकाश। फोटो : एसएनबी

रास्ते के विवाद का कराया निपटारा

सेमरियावां। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव करही निवासी अब्दुल कादिर, नफीस अहमद, मुहम्मद अहमद, शफीकुर्रहमान, राजाराम ने उप जिलाधिकारी सदर को 30 मई को एक शिकायती पत्र देकर कहा था कि आबादी गाटा संख्या-588, 591, 592, 593, 595 से होकर अंसारी मोहल्ला के 250 घरों के लोगों का आना-जाना लगभग 60 से 70 वर्ष से है। कुछ लोगों द्वारा उक्त रास्ते की पटाई का कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। उक्त गाटा को अपना बताकर रास्ते का निर्माण नहीं कराने दे रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर उपजिलाधिकारी सदर शेख आलमगीर के निर्देश पर शनिवार को नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय कुमार गुप्ता, राजस्वकर्मी राकेश कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक शशिकांत तिवारी के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अदील अहमद उर्फ सद्दाम की सूझबूझ तथा ग्रामीणों की सहमति से चल रहे रास्ते के विवाद का निपटारा कराया।

थाना समाधान दिवस : 85 मामलों में पांच निस्तारित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले में शनिवार को समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थानों पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रार्थना पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण किया गया। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण नहीं हो सका है उनके लिए राजस्व विभाग व पुलिस की टीम बनाकर मौके पर जाकर प्रकरणों के निस्तारण का निर्देश दिया गया। सभी थानों पर कुल 85 मामले प्रस्तुत हुए जिनमें से मात्र 05 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी द्वारा प्रार्थना पत्रों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कराने के बाद शेष प्रकरणों का शीघ्र ही भौतिक निरीक्षण कर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

जिले के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

पुलिस अधीक्षक के मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली खलीलाबाद में 09 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिनमें से निस्तारण शून्य रहा। थाना दुधारा में 10 मामले आये जिनमें से मात्र एक मामले का निस्तारण हो सका। वहीं थाना धनघटा में 12 मामले, थाना महुली में 24 मामले, थाना मेंहदावल 04 मामले और इन थानों पर एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। इसी क्रम में थाना बखिरा में आये 13 मामलों में से तीन मामले निस्तारित किए गए। थाना बेलहर कला में आये 09 मामलों में से एक निस्तारित किया गया।

थाना धर्मसिंहवा में आये 05 मामलों में निस्तारण शून्य रहा। इस प्रकार जिले के सभी थानों पर कुल 85 मामले प्रस्तुत हुए जिनमें से मात्र 05 मामले ही मौके पर निस्तारित हो सके। शेष बचे 80 मामलों के निस्तारण के लिए भौतिक निरीक्षण करके राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारण कराये जाने का संबंधित को निर्देश दिया गया। सेमरियावां प्रतिनिधि के अनुसार थाना दुधारा परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय कुमार गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर थानाध्यक्ष सर्वेश राय, राजस्व निरीक्षक राम अजोर, रमेश कुमार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक शशिकांत तिवारी, म.कां. शिवानी सिंह, रमेश चंद्र यादव, राकेश कुमार, राजेश, राधेश्याम मौर्या, दुर्गेश गौड़, अमृता तिवारी, नेबूलाल, विजय कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

शांतिभंग में 44 को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई किया। सभी थाना क्षेत्रों में चले अभियान में 44 व्यक्तियों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सात, दुधारा पुलिस ने 17, धनघटा पुलिस ने नौ, महुली पुलिस ने चार, बखिरा पुलिस ने दो, बेलहर कला पुलिस ने दो और धर्मसिंहवा पुलिस ने तीन को पाबंद किया।

गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़याबाग के निकट गुरुवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने, मार्ग दुर्घटना एवं गैर इरादतन हत्या की धाराओ में मुकदमा दर्ज कराया है।

नौ जून को धनघटा क्षेत्र के जिगिना गांव के बैरहवा पुरवा निवासी रिजवान बाइक पर पिता खुर्शीद, माता फरीदुंनिशा को बैठाकर खलीलाबाद जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही महुली क्षेत्र के बढ़या पुरवा के निकट पहुंचा कि अज्ञात वाहन ने बाइक पर सीधी टक्कर मार दी।

44 वाहनों का हुआ चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने शनिवार को यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान में सभी थाना क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर वाहनों की चेकिंग की गई। नियमों का पालन न करने वालों को कड़ी चेतावनी देने के साथ ही 44 वाहनों का चालान किया गया।

गैंगरेप के आरोपी भेजे गए जेल

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार को 11 वर्षीय नाबालिग के साथ हुई गैंगरेप की घटना के आरोपितों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरापितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर धनघटा ने बताया कि गैंगरेप, पोक्सो एक्ट के आरोपी सुमित पुत्र मुन्नी लाल , छोटू पुत्र रामजी हरिजन निवासी बेलौरा को हैंसर बाजार चौराहा से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 9 जून को को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला साथ ले जाकर दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी, इसके संबंध में वादी द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

आत्महत्या करने जा रही महिला को बचाया

संतकबीरनगर। पीआरवी 2545 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के पुरानी तहसील से कालर ने पारिवारिक विवाद होने के कारण महिला द्वारा ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने के प्रयास करने के संबन्ध में सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी घटना स्थल पर पांच मिनट में पहुंच गए। आत्महत्या का प्रयास कर महिला को बचा कर वन स्टाप सेन्टर को सुपुर्द किया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को बचा लिया गया, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना किया।

एक वारंटी हुआ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। गैर जमानतीय वारंट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों के गिरफ्तारी का अभियान जिले में चल रहा है। इसी क्रम में कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारंटी सर्वजीत चौधरी पुत्र लक्ष्मण निवासी बंजरिया को गिरफ्तारकर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल रवाना कर दिया गया।

85 मामलों में पांच का हुआ निस्तारण

संतकबीरनगर। थाना मुख्यालय पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस के साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। लोगों की फरियाद सुनने के बाद गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की अलग-अलग जिम्मेदारी सौपी गई। जिले में कुल 85 मामले समाधान दिवस में आए, इसमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण हो गया।

महुली थाना में 24 मामले में से तीन का ,कोतवाली खलीलाबाद में कुल आठ मामले आए मौके पर एक का भी निस्तरण नहीं हो सका। थाना दुधारा पर कुल 10 मामले आए एक का धनघटा में 12 मामले आए, महुली में 24 मामले आए मेंहदावल में चार बखिरा थाने में तीन का , बेलहर कला थाना पर एक का निस्तारण हुआ।

बस्ती में चैनपुरा ओवरब्रिज की घटना

पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे को मार दी गोली

बस्ती/संतकबीरनगर, निसं। फोरलेन पर पुरानी बस्ती थानांतर्गत चैनपुरा ओवरब्रिज पर शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे बाइक सवार पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे को गोली मार दी गई। वह अपने छोटे भाई के साथ बस्ती शहर में कम्प्यूटर क्लास के लिए जा रहा था। बाइक पर आए दो हमलावरों में एक ने काला गमछा बांध रखा था, जबकि दूसरे का मुंह खुला था। गोली मारने के बाद हमलावर घायल युवक वजेदुल्लाह (18)का लैपटॉप वाला बैग छीन लिया, जबकि छोटे भाई वसामुल्लाह का लैपटॉप वाला बैग नहीं छीना।

मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी पांडेय बाजार मो. एखलाख ने घायल युवक को एबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। युवक को गोली जांघ में लगी है। जिला अस्पताल पहुंचे एसपी आशीष श्रीवास्तव ने भी घायल युवक से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष का कहना है कि हमला किस कारण से किया गया, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। लैपटॉप छीनने के पीछे के मकसद का पता लगाया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

संतकबीरनगर जिले के दुघौरा थानांतर्गत सिसवा तालिफ निवासी सलेमुल्लाह सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत सदस्य हैं। उनका बड़ा बेटा वजेदुल्लाह (18) बस्ती शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के पास ऑनलाइन सर्विस की दुकान पर काम सीख रहा है। इसी साल उसने हाईस्कूल की परीक्षा दी है। उसके साथ छोटा भाई वसामुल्लाह भी यहां काम सीखने आता है। शनिवार को



जिला अस्पताल में भर्ती गोली लगने से घायल वजेदुल्लाह। • हिन्दुस्तान

दुस्साहस

- संतकबीरनगर के सिसवा तालिफ का रहने वाला है घायल वजेदुल्लाह
- बाइक सवार दो हमलावरों ने ओवरटेक कर रोका और मार दी गोली

दोनों भाई एक साथ बाइक से बस्ती शहर आने के लिए अपने घर से निकले थे। दोनों ने अपना-अपना लैपटॉप बैग में ले रखा था।

पुलिस पूछताछ में वसामुल्लाह ने बताया कि बाइक बड़े भाई वजेदुल्लाह चला रहे थे। फोरलेन पर बस्ती जिले में पुरानी बस्ती थानांतर्गत चैनपुरा ओवरब्रिज के पास पहुंचते ही पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो हमलावरों ने बाइक को ओवरटेक किया और ठोकर मार दी। अनियंत्रित होकर हम दोनों भाई सड़क पर गिर गए। इसी बीच हमलावरों ने बड़े भाई वजेदुल्लाह को गोली मार दी और उनका लैपटॉप वाला बैग छीनकर भाग गए। बाइक से गिरने की वजह से वसामुल्लाह को भी चोट आई है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है।

समाधान दिवस पर पांच मामलों का निस्तारण

जासं, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 85 मामले प्रस्तुत हुए, जिसमें से पांच का मौके पर निस्तारण हो सका। कोतवाली खलीलाबाद में प्रभारी निरीक्षक विजय नारायण प्रसाद, धर्मसिंहवा थाने पर अनिल कुमार, बेलहरकला थाने पर संतोष कुमार मिश्र, दुधारा में सर्वेश कुमार राय, बखिरा थाने पर अनिल कुमार सिंह, महुली थाने पर रविंद्र कुमार और धनघटा थाने पर थानाध्यक्ष केडी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

दो पक्षों में मारपीट

संतकबीर नगर : खलीलाबाद के ग्राम ढेलुआखोर में शुक्रवार की देर रात दो पक्षों के बीच जमकर लाठियां चलीं। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

उपद्रवियों से निपटने को पुलिस का होमवर्क पूरा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कानपुर व प्रयागराज में हुए विवाद को देखते हुए जनपद की पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उपद्रव फैलाने की कोशिश करने वालों से निपटने को होमवर्क पूरा कर चुकी है। हर स्थिति से निपटने के लिए सूचना तंत्र को सक्रिय करने के साथ ही क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस समाज में अच्छी छवि के लोगों से संवाद करके सहयोग की अपील करने के साथ शांति कमेटी की बैठकें आयोजित की जा रही हैं।



मोती चौराहा क्षेत्र में पैदल मार्च करते एसपी सोनम कुमार मध्य में। जागरण

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि जनपद की पुलिस अराजकता फैलाने का प्रयास करने वालों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इंटरनेट मीडिया पर नजर रखी जा रही है। सभी थानों को सतर्क कर दिया गया है। धार्मिक कार्यक्रमों की ड्रोन कैमरे से निगरानी किए जाने की व्यवस्था कर दी गई है। जनपद में किसी प्रकार के तनाव व धार्मिक उन्माद का मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने क्षेत्र में मौजूद रहकर जिला कार्यालय के सोशल मीडिया सेल पर प्रसारित जानकारी की पड़ताल करने के साथ ही आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया है।

पति समेत पांच पर दहेज हत्या का केस दर्ज

पिता ने लगाया ससुराल वालों पर बेटी की हत्या करने का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। मेंहदावल क्षेत्र के पंडितपुरवा में विवाहिता की संदिग्ध हाल में हुई मौत मामले में शनिवार को पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालियों पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

महराजगंज जनपद के पुरंदरपुर क्षेत्र के सोनवल गांव की रहने वाली संगीता पत्नी स्वर्गीय जुगानी का आरोप है कि उनकी बेटी पूजा की शादी करीब साढ़े छह साल पहले खुद्दुर पुत्र उदयभान निवासी मुडली पंडितपुरवा थाना मेंहदावल के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले उनकी बेटी को दहेज के लिए मारते-पीटते थे। आए दिन ससुराली रुपये की मांग करते थे।

आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने की वजह से शुक्रवार को ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर दी। फोन करके ससुरालियों ने बताया कि उसकी बेटी फंदा लगाकर कर मर गई है। जब वह लोग पहुंचे तो चारपाई पर बेटी का शव रखा था। पीड़ित मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ जय़वर्द्धन सिंह ने बताया कि पति खुद्दुर, ससुर उदयभान, सास राजमती, जेठ पुरुषोत्तम और देवर गोबरी के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

दहेज हत्या की आरोपी सास भेजी गई जेल

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने दहेज हत्या की आरोपी सास को शनिवार को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 23 फरवरी 2022 को राधिकी देवी पत्नी झिनकू निवासी बघौली थाना कोतवाली ने लिखित सूचना दी। आरोप मढ़ा कि उसकी पुत्री गुंजा को उसके पति गोपाल, ससुर प्रकाश व सास मंजू देवी, देवर हरि व ननद सोनी निवासी तुरहा टोला थाना बखिरा के जरिए दहेज में एक लाख रुपये की मांग को लेकर बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज न देने पर ससुराल वालों ने उसकी बेटी की हत्या कर दी। घटना के संबंध में ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। दहेज हत्या की आरोपी सास मंजू देवी पुलिस की पकड़ से दूर थी। सूचना के आधार पर आरोपी सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी बखिरा हरेंद्र पाठक, कांस्टेबल पंकज साहू, महिला कांस्टेबल शिवांगी सिंह शामिल रहीं। ब्यूरो

हादसे में महिला की मौत, बेटा-बहू घायल, बालू के ढेर पर गिरा मासूम

मेंहदावल से एक ही बाइक से मां-बेटे-बहू और पोता लौट रहे थे

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। खलीलाबाद-मेंहदावल मार्ग पर बालूशासन के पास शुक्रवार शाम को टेंपो की चपेट में आने से बाइक पर पीछे बैठी मां की जहां मौत हो गई, वहीं बेटा-बहू घायल हो गए। जबकि गोद से छिटक कर बालू के ढेर पर गिरा मासूम पोता बाल-बाल बच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के पखुआपार की रहने वाली 45 वर्षीय गीता देवी पत्नी राकेश गौड़ अपने छोटे बेटे 19 वर्षीय विपिन और बड़ी बहू 28 वर्षीय रीमा पत्नी नीतेश व दो साल के पोते गुडलक के साथ बाइक से मेंहदावल गई थीं। बाइक छोटे बेटे विपिन चला रहे थे। जबकि सास-बहू व पोता पीछे बैठे हुए थे। उनके रिश्तेदार की बेटे की शादी के लिए लड़की दिखाई की रस्म थी। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद लोग एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। खलीलाबाद-मेंहदावल मार्ग पर बालूशासन के पास लोग पहुंचे ही थे। उसी दौरान टेंपो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में बहू की गोद में बैठा मासूम गुडलक छिटक कर सड़क के किनारे बालू के ढेर पर जाकर गिरा और बच गया। जबकि बाइक चला रहे बेटे विपिन, मां गीता देवी और बहू रीमा घायल हो गईं। घटना के बाद जुटे आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल गीता देवी को डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें गोरखपुर ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि गीता देवी की मौत हो गई। ज़बकि घायल छोटे बेटे और बड़ी बहू का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। चौकी इंचार्ज बघौली जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर टेंपो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



कलेक्ट्रेट चौकी में मृतक के परिजनों से जानकारी लेते चौकी इंचार्ज। संवाद

पत्नी की मौत की खबर पर मुंबई से फ्लाइट से पहुंचे

पखुआपार के निवासी राकेश गौड़ मुंबई में मेहनत मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाते हैं। उनके दो बेटे नीतेश, विपिन के अलावा दो बेटियां हैं। सिर्फ बड़े बेटे नीतेश की शादी हो पाई है। हादसे में पत्नी और बेटे-बहू के घायल होने की सूचना उन्हें परिजनों ने दी। बाद में पत्नी की मौत की खबर दे दी। इसकी वजह से राकेश गौड़ मुंबई से फ्लाइट से गोरखपुर आए और फिर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पत्नी के शव को देखकर वह फफक पड़े। घायल बेटे और बहू के बेहतर उपचार के लिए डॉक्टरों से मनुहार की। पोस्टमार्टम हाउस आए रिश्तेदार और गांव के लोगों ने बताया कि राकेश गौड़ की पत्नी की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। राकेश मुंबई रहते थे और पत्नी गीता घर की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। लोग घटना से गमगीन थे।

जमीन कब्जा करने के प्रयास का आरोप

मेंहदावल। मेंहदावल कस्बे के उत्तरपट्टी मोहल्ला निवासी विजय चन्द्र ने उनके भूमिधरी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। सौपें गए शिकायती पत्र में विजय चन्द्र ने लिखा है कि गाटा संख्या 716 तथा 721 उनकी भूमिधरी है। जिस पर वह कब्जारत है। भूमि की धारा 24 के तहत पैमाइश होने के बाद पत्थर भी लग चुका है। कुछ मनबढ़ दबाव बनाकर कब्जा में लगे हुए हैं।

किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी भेजे गए जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

किशोरी की दो सहेलियों ने कर दिया था युवकों के हवाले

संतकबीरनगर। धनघटा क्षेत्र में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। जबकि तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई।

एसओ केडी सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी को बृहस्पतिवार की देर शाम गांव की रहने वाली दो किशोरियां नित्य क्रिया के बहाने घर से ले गईं।

आरोप है कि दोनों किशोरियों ने पीड़ित किशोरी को पड़ोस गांव के रहने वाले तीन युवकों की बाइक पर जबरियां बैठा दिया। तीनों आरोपी किशोरी को बागीचे में ले गए। आरोप है कि तीनों आरोपियों ने किशोरी से बारी-बारी से दुष्कर्म किया। शुक्रवार की सुबह किशोरी को खेत में छोड़ कर आरोपी भाग गए। एसओ ने बताया कि इस मामले में दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, एससीएसटी एक्ट और दोनों किशोरियों के खिलाफ बहला कर ले जाने का केस दर्ज किया गया था। घटना के दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करके शनिवार को जेल भेज दिया गया। शेष आरोपी की तलाश हो रही है।

थाना समाधान दिवस में आए 85 मामलों में केवल पांच निस्तारित

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 85 मामले आए और उसमें से मात्र पांच मामलों का निस्तारण हुआ। बाकी 80 मामले संबंधित विभागों को भेज दिए गए।



महुली थाने में सामाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। संवाद

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थानों पर आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रार्थना पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण किया गया। समस्त थानों पर प्रार्थनापत्रों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रकरणों का शीघ्र ही भौतिक निरीक्षण कर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि खलीलाबाद कोतवाली में आठ मामले आए और एक का भी निस्तारण नहीं हुआ। इसी तरह से दुधारा में 10 में से एक का निस्तारण, धनघटा में 12 में से एक का भी निस्तारण नहीं, महुली में 24 में एक भी निस्तारण नहीं, मेंहदावल में चार में शून्य, बखिरा में 13 में से तीन का निस्तारण, बेलहरकला नौ में एक का और धर्मसिंहवा थाने में पांच में एक का भी निस्तारण नहीं हुआ।

इंस्पेक्टर के स्थानांतरण पर साथियों ने दी विदाई

बखिरा। बखिरा थाना परिसर में शनिवार को चार दिन पूर्व बखिरा थाने से स्थानांतरित होकर धर्मसिंहवा थाने पर भेजे गये इंस्पेक्टर अनिल कुमार को साथी पुलिस कर्मियों ने विदाई दी। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि स्थानानंतरण एक नियम है जो सभी लोगों पर लागू होता है। पुलिस कर्मियों ने उनके कार्यकाल व व्यवहार की सराहना की।

GONDA POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

प्रभारी मंत्री ने दो अन्य मंत्रियों के साथ योजनाओं की जानकारी ली, दिए निर्देश

योजनाओं की हकीकत परखी

समीक्षा



आयुक्त सभागार में विभिन्न योजनाओं व कानून व्यवस्था की समीक्षा करते प्रभारी मंत्री। ● हिन्दुस्तान

गोण्डा, संवाददाता। मंडल के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता, राज्यमंत्री केपी मलिक व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना की मौजूदगी में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारीगण टीम भावना के साथ कार्य करके जिले का चहुंमुखी विकास करें। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी गरीब, असहाय और बेसहारा व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाए। उन्होंने सिलसिलेवार केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि संबंधित पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कराकर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। महिला उत्पीड़न के मामले पर विशेष ध्यान दिया जाए। सड़क सुरक्षा को देखते हुए ब्लैक स्पॉट मुख्य मार्गों के चिन्हित किया जाए। थानों का रख रखाव मंदिर की तरह करें ताकि आमजन के अंदर भय न रहे। बैठक में राज्य मंत्री केपी मलिक ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हो रहे वृक्षारोपण के सापेक्ष वृक्षों की सुरक्षा का प्रबन्ध जरूर करें।

वहीं बैठक का संचालन आयुक्त एमपी अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, डीआईजी उपेन्द्र अग्रवाल, डीएम गोंडा, डॉ. उज्ज्वल कुमार, एसपी गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा के साथ ही बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच के डीएम और एसपी भी मौजूद रहे।

मोदी के नेतृत्व में हो रहा विकास : अनिल

गोण्डा। प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है। भाजपा सरकार समाज में अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के लिए भी कार्य कर रही है।

वह शहर के एक मैरिज हाल में मोदी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित गरीब कल्याण जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण सक्सेना ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। संचालन महामंत्री राकेश तिवारी व अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्रा, गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, विधायक व पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, बावन सिंह, प्रेम नारायण पांडे, विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया, अजय कुमार सिंह, प्रभात कुमार वर्मा, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, महेश नारायण तिवारी, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, इकबाल बहादुर तिवारी, कुसुमा देवी, जगदेव चौधरी, राजेश सिंह, महामंत्री आशीष त्रिपाठी, जसवंत लाल सोनकर रहे।

उमरी बेगमगंज में फरियादी ने डीएम से पूछा लेखपाल का पता

उमरी में आईं 40 शिकायतें निस्तारण एक का भी नहीं

समाधान दिवस

उमरीबेगमगंज, संवाददाता। शनिवार को स्थानीय थाने में आयोजित समाधान दिवस की बैठक में डीएम उज्ज्वल कुमार और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने शिकायतें सुनी। लेखपालों की अनुपलब्धता की वजह से शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका। चालीस से अधिक आई शिकायतों में से मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। अधिकांश विवाद जमीन संबंधी मामलों के थे।

हास्यास्पद स्थिति तब उत्पन्न हुई जब उमरी निवासी जगदीश सिंह ने डीएम से अपने गांव के लेखपाल का पता जानना चाहा तो इस पर डीएम ने उपस्थित राजस्व निरीक्षक से जवाब मांगा।

उन्होंने बताया कि उमरी के लेखपाल रामेश्वर तिवारी है लेकिन तरबगंज सर्किल में उन्हें छह गांव का चार्ज मिलने की वजह से वे तरबगंज में है। तरबगंज तहसील में लेखपालों की भारी कमी है। एक लेखपाल के पास कई गांव का चार्ज होने के कारण उन्हें सभी जगह कार्य कर पाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

शिकायतें सुनने के बाद आपदा से बचाव की जानकारी दी

वजीरगंज। शनिवार को थाना दिवस में तहसीलदार डा. पुष्कर मिश्रा व एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने शिकायतकर्ताओं के मामलों का समाधान किया। वहीं आंधी-तूफान, बाढ़ व अग्निकांड से बचाव के लिए शिकायतकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए डा. पुष्कर मिश्रा ने जागरूक किया। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया है। थाना दिवस में सात मामले राजस्व विभाग व दो मामले पुलिस विभाग संबंधित आए थे। थाना दिवस में डुमरियाडीह चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह, कानूनगो परशुराम मिश्रा व कई लेखपाल मौजूद रहे।

थाना दिवस में भूमि संबंधी शिकायतों की भरमार

तरबगंज। एसडीएम की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि संबंधी विवादों की आई। दोपहर 2 बजे तक कुल 26 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमे से चार का निस्तारण तत्काल कराने के लिए एसडीएम ने लेखपाल और पुलिस टीम बनाकर मौके पर भेजा गया। एसडीएम शत्रोहन पाठक ने कहा कि राजस्व टीम किसानों की भूमि संबंधी विवादों की शिकायतों पर स्वत: संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें। जिससे भूमि संबंधी विवाद की शिकायतों में कमी आएगी। इस दौरान तहसीलदार पुष्कर मिश्रा,सीओ संसार सिंह राठी,प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक सहित अन्य राजस्व कर्मी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

इटियाथोक संवाद के अनुसार समाधान दिवस में तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना और कोतवाल करुणाकर पांडेय ने समस्याएं सुनीं। उन्होंने जिम्मेदारों से कहा कि फरियादियों के संबंधित विवाद के निपटारे में शिथिलता न बरतें और पीड़ितों को व्यर्थ में इधर उधर दौड़ाया न जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस का महत्वपूर्ण कर्मचारी बीट सिपाही और प्रशासन का महत्वपूर्ण कर्मचारी हल्का लेखपाल होता है। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि यहां कुल 60 मामले आए थे जिनमे से 10 का निस्तारण हो गया।

वहीं मनकापुर में कुल 20 शिकायते आयीं। दो मामलों का निस्तारण किया गया। मामलों की सुनवाई क्षेत्राधिकारी संजय तलवार ने की।

विवाहिता की मौत, पति समेत तीन पर केस दर्ज

कार्रवाई

गोण्डा, संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज मोहल्ला निवासी शालू गुप्ता पत्नी संदीप शुक्रवार रात घर के कमरे में फांसी लगा लिया। इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली करनैलगंज कस्बा निवासी अशोक कुमार गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर पति, सास और देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतका के पिता अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि बेटी का विवाह तीन वर्ष पहले किया था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित करते थे। एक बेटी है और चार माह की गर्भवती भी थी। कोतवाल नगर पंकज सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति संदीप सास मालती गुप्ता और देवर चेतन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

रुपईडीह, संवाददाता। एक सप्ताह पूर्व आर्य नगर बाजार से गायब हुई बाइक को शनिवार पुलिस ने बरामद कर लिया। वहीं चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

थानाध्यक्ष कौड़िया मदन लाल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र के कस्बा आर्य नगर में एक सप्ताह पूर्व एक युवक बाइक से बाजार आया हुआ था और गाड़ी खड़ी कर सामान लेने चला गया। तभी व्यक्ति द्वारा उसकी बाइक चुरा ली गई थी। जिसकी सूचना पीड़ित युवक मनोज कुमार वर्मा पुत्र भगवान दिन वर्मा निवासी देवतहा थाना खरगूपुर ने पुलिस को दी। जिस को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी मानवेंद्र सिंह कांस्टेबल ऋषिकेश व अखिलेश यादव ने खोजबीन शुरू की। जिस पर बाइक सहित युवक रामू उर्फ कामू पुत्र मिश्रीलाल को गिरफ्तार किया गया। एसओ ने बताया एसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत दो लोगों को बाइक चोरी के आरोप में पकड़ा गया है। यह अभियान जारी रहेगा।

परसपुर पुलिस ने सौहार्द बिगाड़ने पर सात को किया गिरफ्तार

आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर युवक पकड़ा

शिकंजा

- आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कुछ लोगों ने युवक को बाजार में घेरा था
- आरोपी की तहरीर पर गोण्डा पालिकाध्यक्ष समेत कई लोगों पर भी केस

> मैंने कोई ऐसी पोस्ट नहीं की है जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो। फिलहाल मुझे अपने ऊपर केस दर्ज होने की जानकारी नहीं है।
>
> -उज्मा राशिद, पालिकाध्यक्ष गोण्डा

परसपुर, संवाददाता। गोण्डा की पालिकाध्यक्ष के नाम वाले फेसबुक एकाउंट के एक पोस्ट पर बेहद आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी करने वाले युवक को बाजार में कुछ लोगों ने लाठी-डंडा, हंसिया और बांके से लैस होकर घेर लिया। मौके पर एक दरोगा के पहुंचने पर मामला किसी तरह शांत हुआ। इसको लेकर हिन्दू संगठनों ने थाने का घेराव कर लिया। हालांकि परसपुर पुलिस ने युवक के खिलाफ ही केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं, युवक की तहरीर पर पालिकाध्यक्ष समेत तीन सौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

जानकारी मिलने पर परसपुर पहुंचे डीएम व एसपी: शनिवार को डीएम डा. उज्ज्वल कुमार और एसपी संतोष मिश्रा थाना दिवस में हिस्सा लेने उमरीबेगमगंज पहुंचे थे। मामले की जानकारी मिलने पर आनन-फानन दोनों अफसर परसपुर पहुंच गए। पूछताछ में पता चला कि युवक ने फेसबुक पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पर एसपी ने इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर पुलिस ने कस्बा निवासी शेर मोहम्मद की तहरीर पर रामलखन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों से सात लोगों को शांति भंग होने की आशंका में गिरफ्तार कर लिया है। उधर, पुलिस ने आरोपी युवक रामलखन की तहरीर पर गोण्डा नगर पालिकाध्यक्ष उज्मा राशिद, परसपुर के सलीम, नाजीर, रहमतुल्लाह, राशिद व कलीम सहित तीन सौ अज्ञात के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में युवक की गलती मिली है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि परसपुर के मामले में पालिकाध्यक्ष की भूमिका की भी जांच की जाएगी। एसपी का कहना है कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। अगर, किसी पोस्ट से किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत हो रही हैं तो पुलिस से शिकायत करें।

मारपीट का मुकदमा दर्ज

वजीरगंज : पूरेडाढू निवासी उमेशचंद्र ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसके खेत में पिलर लगा हुआ था, जिसे विपक्षियों ने तोड़ दिया। मना करने पर विपक्षियों ने अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। वहीं रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। थानाध्यक्ष सीपी सिंह ने कहा कि मुकदमा किया गया है। (संसू)

गोंडा नपाप अध्यक्ष समेत छह पर मुकदमा

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : इंटरनेट मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी किए जाने के मामले में पुलिस ने गोंडा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष उज्मा राशिद समेत छह नामजद व तीन सौ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कस्बा निवासी कवि रामलखन यज्ञसैनी ने दी गई तहरीर में कहा कि गोंडा नगरपालिका की चेयरमैन उज्मा राशिद ने फेसबुक पर पोस्ट डाली थी। इसके जबाब में उसने भी टिप्पणी की। शनिवार को वह सब्जी खरीदने गया था, वहां उसे जान से मारने की कोशिश की गई। दारोगा संजीव के पहुंचने पर उसकी जान बची। दूसरे पक्ष के शेरमोहम्मद राइनी ने दी गई तहरीर में कहा कि कवि रामलखन यज्ञसैनी ने धार्मिक टिप्पणी की है। पुलिस ने रामलखन यज्ञसैनी के विरुद्ध मुकदमा किया है।

समाधान दिवस : 35 में से सिर्फ चार समस्याएं ही निस्तारित



उमरीबेगमगंज थाने में आयोजित समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनते डीएम डा. उज्ज्वल कुमार व एसपी संतोष कुमार मिश्र। (दाएं से क्रमशः) ● जागरण

जागरण टीम, गोंडा : फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण के लिए आयोजित समाधान दिवस रस्म अदायगी तक सिमट गया है। यहां आने वाले फरियादी बैरंग लौटने को विवश हैं। शनिवार को उमरीबेगमगंज में 35 शिकायतों के सापेक्ष सिर्फ चार शिकायतों के निस्तारण का दावा किया गया। धनावा निवासी लल्लू ने कहा कि उसका प्रार्थना पत्र लेखपाल के बस्ते में चला गया। पुलिस कर्मी उसे उल्टे जेल भेजने के लिए धमका रहे हैं। अधिकारियों के पास जाने का कोई फायदा नहीं है। अब वह न्यायालय की शरण में जा रहा है।

जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार ने राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। ग्राम समाज की भूमि, खलिहान, सरकारी तालाब, बंजर, नवीन परती, आबादी सहित अन्य सरकारी भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करा लें कि उनकी ग्राम सभा में सरकारी जमीन पर कोई अवैध कब्जा तो नहीं है।

डीएम व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र थाना समाधान दिवस की हकीकत देखने उमरीबेगमगंज व परसपुर पहुंचे। फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। थाना परसपुर में कुल 37 शिकायतें आईं। दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर गया। एसपी ने भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, बीट रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन किया। शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। पूर्व में समाधान दिवस में प्राप्त लंबित शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश। उमरी बेगमगंज में उपजिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, परसपुर में एसडीएम कर्नलगंज हीरालाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

बालक से कुकर्म, पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

मसकनवा : शुक्रवार रात एक गांव में व्यक्ति अपने 11 वर्षीय नाती के साथ गन्ने के खेत की सिचाई कर रहा था। रात में वह अपने नाती को खेत में छोड़कर भोजन करने घर चला गया। इसी बीच गांव के एक व्यक्ति ने बालक को अकेला पाकर कुकर्म किया। शिकायत पर विपक्षी घर आकर विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक छपिया संदीप सिंह ने कहा कि बालक के नाना की तहरीर पर पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। बालक को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।(संसू)

समाधान दिवस की देखी हकीकत

शिकायतों के निस्तारण में राजस्व और पुलिस को दी हिदायत

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। शनिवार को जिले के 17 थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने समाधान दिवस की हकीकत को परखा।

शनिवार को थाना उमरीबेगमगंज व परसपुर का औचक निरीक्षण किया। फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में थाना उमरीबेगमगंज में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ। परसपुर में 37 शिकायतें में दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही हुआ। तरबगंज थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। तत्काल निस्तारित किये जाने योग्य शिकायतों को संबंधितों को अग्रसारित कर निपटाया गया जोकि चकमार्ग की पैमाइश से संबंधित थे।

लावारिस मिली महिला

नवाबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के दुल्लापुर गांव में लावारिस हालत में घूम रही महिला को पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया है। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं लग रही है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला से उसका नाम पता जानने का प्रयास किया, लेकिन वह कुछ भी बता पाने में असमर्थ रही। पुलिस ने थाने पर पहुंचाया। थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की मानसिक हालत ठीक नहीं है। महिला सिपाही ने वन स्टॉप सेंटर पहुंचा दिया है। संवाद

टॉपटेन अपराधी गिरफ्तार

इटियाथोक (गोंडा)। हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर व टॉप-10 के अपराधी ग्राम तिर्रेमनोरमा निवासी अमर सिंह मारपीट व जमीन कब्जा करने के मामले में वांछित चल रहा था। शनिवार देररात ग्राम तिर्रेमनोरमा नहर पुलिया के पास पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। (संवाद)

धर्म परिवर्तन कराने में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

खोड़ारे (गोंडा)। पति, सास, ससुर समेत चार लोगों ने महिला का धर्म परिवर्तन करा दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कुशीनगर जनपद के हाटा थाना अंतर्गत सिक्टा गांव निवासी लक्ष्मी ने पुलिस अधीक्षक दिए पत्र में बताया कि छह वर्ष पूर्व खोड़ारे थाना क्षेत्र के बस्ती खास गांव निवासी कमरुद्दीन ने अपने को हिंदू बताकर प्रेम विवाह किया था। उसके दो बच्चे हैं। कुछ समय बाद उसे व बच्चों को कमरुद्दीन अपने घर लाया। सच्चाई सामने आने पर कमरुद्दीन के घर वाले मारपीट कर घर से निकाल दिए। स्थानीय थाना पर दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया, लेकिन पति कमरुद्दीन, ससुर, सास व पूर्व ग्राम प्रधान अकबर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगे, और धर्म न बदलने पर पुनः उसे व उसके बच्चों को मारपीट कर भगा दिया। जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

परसपुर (गोंडा)। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विवाद के बाद शनिवार शाम को थाना प्रांगण में एसडीएम करनैलगंज की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। अधिकारियों ने सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उपजिलाधिकारी हीरालाल ने कहा कि किसी भी धर्म के प्रति अमर्यादित टिप्पणी नहीं करना चाहिए। इसकी पुनरावृत्ति न होने पाए। सीओ मुन्ना उपाध्याय ने कहा कि कोई भी समस्या हो तो तत्काल पुलिस को बताएं।

BALRAMPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

हिन्दुस्त हिन्दु

पुलिस व चाइल्डलाइन ने हो रहे बाल विवाह को रोका

- थाना हर्रैया क्षेत्र का मामला, जानकारी दी गई
- कानून का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

बलरामपुर, संवाददाता । बाल विवाह अपराध है। कोई परिवार अपने नाबालिग बच्चों का विवाह न करें। बालिग होने पर ही उनकी शादी कराएं। अगर कोई परिवार कानून का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी। यह बातें बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कही। उन्होंने चाइल्डलाइन बलरामपुर थाना हर्रैया की पुलिस टीम के सहयोग से एक बाल विवाह कार्यक्रम को रोक दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध कानून के अंतर्गत नाबालिग बच्चों का विवाह करना अपराध है। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति थाना हर्रैया की पुलिस टीम व चाइल्डलाइन टीम ने थाना हर्रैया में हो रहे बाल विवाह को रोक दिया। पक्षकार को बाल कल्याण समिति कार्यालय लाया गया जहां उसे विधि की जानकारी दी गई। सदस्य राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है।

दहेज हत्या में पति व दो अन्य पर मुकदमा

उतरौला। दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सिद्धार्थनगर जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के सिंगारजोत निवासी रक्षाराम यादव ने पुलिस को तहरीर दिया। कहा कि उनकी पुत्री सोनी का विवाह 2019 में मोहनजोत केवटली निवासी गोलू के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही दहेज में बाइक लाने का दबाव बनाया जाता था। इसी बात को लेकर शनिवार रात ससुराली जनों ने सोनी की हत्या कर दी। देर रात गामीणों ने मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पति गोलू, उसके पिता व मां पर केस दर्ज किया गया है।

हिन्दुस्त

समाधान दिवस में जमीनों से अतिक्रमण हटवाने पर जोर

- 51 में सात मामलों का ही हो सका निस्तारण
- उतरौला में कोई भी मामला निस्तारित नहीं

बलरामपुर, संवाददाता। जून माह के द्वितीय शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम व एसपी सहित तीनों तहसीलों के एसडीएम ने थाने जाकर समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। राजस्व एवं भूमि से सम्बन्धित सभी मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश डीएम ने दिए।

डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने महराजगंज तराई में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। कहा कि चकमार्ग व अन्य सरकारी जमीनों से किए गए अवैध कब्जे हर हाल में हटवाए जाएं। अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। डीएम व एसपी ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण कराया। कुछ शिकायतों के निस्तारण के लि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम क निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि फरियादियों के शिकायतों का त्वरि निस्तारण कराया जाए ताकि फरियादियों को भटकना न पड़े। कोतवाली देहात में आयोजित समाधान दिवस में सदर एसडीएम राजेन्द्र बहादुर ने भगवानपुर गांव में खाद गड्ढे की जमीन पर किए ग अतिक्रमण को हटाने के लिए पुलिस व राजस्व टीम को भेजा। कोतवाली देहात में 17 मामले आए, जिसमें से केवल तीन का मौके पर निस्तार किया गया।

हिन्दुस्तान

हादसे का चश्मदीद शफीक मददगार बना

महाराजगंज तराई, संवाददाता। घटनास्थल के पास रमजान का मकान है। दुर्घटना के वक्त रमजान और उनका बेटा शफीक दोनों घर के बाहर ही थे। दोनों हादसे के चश्मदीद भी हैं। वीभत्स हादसा देख रमजान तो बेहोश हो गए लेकिन शफीक मददगार बनकर सामने आया। उसी ने पुलिस को सूचना दी। सुनीता और दुधमुंहे को भी बचाया।

शफीक ने बताया कि वह पिता के साथ बरामदे में बैठा था। तभी तेज आवाज हुई। देखा कि बेकाबू ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी है। मदद के लिए रमजान और शफीक दोनों दौड़ पड़े। हादसा देख रमजान तो मौके पर गिर गए। ऐसे में बेटे शफीक ने पिता को सहारा देकर घर के बरामदे तक पहुंचाया और फिर हादसे का शिकार हुए लोगों की मदद में जुट गया। उसने कल्पना और दुधमुंहे को गड्ढे से बाहर निकाला। सुनीता को भी सहारा देकर किनारे किया। पुलिस के साथ ही एम्बुलेंस को फोन किया। पुलिस के पहुंचने तक शफीक सभी की मदद में लगा रहा। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। रामतेज उर्फ निब्बर व



लोहेपनिया गांव के निकट दुर्घटना के बाद सड़क पर पलटी डीसीएम ट्रक।

- पिता बेहोश हो गए फिर भी मदद में लगा रहा
- लखनऊ रेफर किया गया दुधमुंहा बच्चा

कल्पना की सांसें तब तक थम चुकी थीं। सुनीता और चार माह के बेटे अमर को एंबुलेंस से जिला मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया गया। दुधमुंहे बेटे को लखनऊ रेफर किया गया है।

ससुर की बात मान ली होती तो बच जाती जान: रामतेज उर्फ निब्बर भट्ठे पर ईंट पाथने का काम करता था। उसकी पत्नी सुनता लगभग दो माह पू ललिया थाना क्षेत्र स्थित कठौवा गांव मायके गई थी। सुनता पिछले पांच दिने से पति को फोन करके ससुराल आने को कह रही थी। शुक्रवार को वह बाइक से ससुराल पहुंचा। सुबह ससुर शिव कुमार ने निब्बर को रोकना चाहा। कह ठीक से स्वागत भी नहीं हो पाया है निब्बर ने अपने ससुर की बात अनसुनी कर दी। उसे अपने काम पर वापस जाना था। चारो लोग बाइक पर सवार होकर घर के लिए निकले थे, बीच में ही हादसा हो गया। निब्बर के रमनगर स्थित आवास पर सन्नाटा पसरा है।

दुष्कर्म के प्रयास में पांच साल की सजा

संवाददाता, बलरामपुर : विशेष सत्र न्यायाधीश पास्को महेंद्र नाथ ने लज्जा भंग करने के प्रयास के मामले में आरोपित को पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है। सरकारी वकील पवन शुक्ल ने बताया की थाना ललिया में सात मार्च 2015 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई कि क्षेत्र की एक नाबालिग खेत में बकरी चराने गई थी। अजीज अहमद ने उसके साथ बल प्रयोग करते हुए लज्जा भंग करने का प्रयास किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद आरोपी को पांच वर्ष कैद की सजा सुनाते हुए पांच हजार अर्थदंड लगाते हुए निर्देश दिया कि अर्थदंड की आधी राशि पीड़िता को दी जाए।

पति समेत तीन पर दहेज हत्या का मुकदमा

संसू, उतरौला : सिद्धार्थनगर जिले के त्रिलोकपुर थाना स्थित सिंगारजोत निवासी रक्षाराम यादव ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी पुत्री सोनी का विवाह 2019 में मोहनजोत केवटली निवासी गोलू से हुआ था। विवाह के बाद से ही दहेज में बाइक लाने का दबाव बनाया जाता था। इसी बात को लेकर शनिवार रात ससुराल के लोगों ने सोनी की हत्या कर दी। रात लगभग दो बजे गांव के लोगों ने मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

क्या आप भी कब्ज, बदहजमी, सीने में जलन से परेशान हैं?

झाड़ियों में मिला नवजात

तुलसीपुर : बनकटी गांव में शनिवार सुबह झाड़ियों में नवजात पड़ा मिला। ग्रामीणों ने बताया कि शिशु के रोने की आवाज सुनकर लोग झाड़ियों की तरफ पहुंचे। गांव के ही हजारी तिवारी ने बच्चे का पालन पोषण करने की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने लिखित स्वीकृति के बाद बच्चे को उसके सिपुर्द कर दिया। (संसू)

एक नजर में

डीएम-एसपी ने थाना का किया निरीक्षण

बलरामपुर : जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने शनिवार को महराजगंज तराई थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान मालखाना, हवालात, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क समेत विभिन्न रजिस्टरों का जायजा लिया। प्रभारी निरीक्षक को साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। (संसू)

तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

बलरामपुर : देहात कोतवाली की पुलिस ने तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि अभियुक्त की पहचान खरगूपुर गोंडा निवासी यशवंत कुमार यादव के रूप में हुई है। (संसू)

पूछीं समस्याएं, बाल अपराध की दी जानकारी

संवादसूत्र, बलरामपुर : मानव तस्करी व बाल अपराध के विरुद्ध देहात कोतवाली की पुलिस ने शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया। धुसाह गांव में पुलिस टीम ने बच्चों से उनकी समस्याएं पूछीं। साथ ही उन्हें बाल अपराधों की जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया।

प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा के निर्देशन में धुसाह गांव में एक स्थान पर बच्चों को एकत्र किया। आरक्षी दीपिका पांडेय ने कहा कि बच्चों के साथ शोषण की घटनाएं बढ़ रहीं हैं। इसलिए बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में जानकारी होना जरूरी है। घर में, आस-पड़ोस, रिश्तेदारी व स्कूल-कालेज में यदि कोई बच्चों का शोषण करने का प्रयास करता है, तो अपने माता-पिता को इसके बारे में निस्संकोच बताएं। जरूरत पड़ने पर पुलिस की भी मदद ले सकते हैं। आरक्षी निर्मल ने बच्चों व उनके परिवारजन को वूमेन पावरलाइन 1090, यूपी आपातकालीन एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 व साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बच्चों को बाल अपराध व मानव तस्करी के प्रति जागरूक करते पंफ्लेट वितरित किए गए।



शोषण की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए बच्चों को जागरूक करने के लिए पंपलेट बांटती देहात कोतवाली की आरक्षी दीपिका पांडेय ● (सौजन्यः पुलिस)

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

डीएम-एसपी ने थाना महराजगंज तराई में सुनी फरियादियों की शिकायत

सभी 15 कोतवाली व थानों में समाधान दिवस पर उमड़े फरियादी

बलरामपुर। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ डीएम व एसपी ने कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। डीएम व एसपी ने शनिवार को थाना महराजगंज तराई में फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण कराने का निर्देश दिया। जिले के सभी 15 कोतवाली व थानों में समाधान दिवस के दौरान भारी संख्या में फरियादी उमड़े।



थाने में लोगों की फरियाद सुनतीं डीएम व एसपी। -संवाद

डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए कहा कि जमीन संबंधी सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमें मौके पर जाकर संयुक्त रूप से निस्तारण कराएंगी, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े। प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सके। जमीन संबंधी मामले थाना स्तर, आईजीआरएस व अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित कर लें और समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलाकर मामलों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। सभी सर्किल के सीओ ने भी संबंधित कोतवाली व थानों में जाकर थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता की और प्रकरणों का निस्तारण कराया।

सभी कोतवाली व थानों में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया गया। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण नहीं हो सका उनका निस्तारण कराने के लिए पुलिस व राजस्व की टीम को तीन दिन का समय दिया गया है। मौके पर जाकर संयुक्त टीमें मामलों का निस्तारण कराएंगी। हरैया थाना में 29 फरियादी आएं, जिसमें छह का मौके पर निस्तारण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बाकी बचे प्रार्थना पत्रों को संबंधित क्षेत्र के पुलिस व राजस्व टीम को सौंप दिया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक लालबाबू तिवारी, हलका लेखपाल हरिशचंद्र सिंह, आशीष कुमार शुक्ल, सुरेश कुमार तिवारी व प्रिया मौर्य आदि मौजूद रही।

अपराधियों पर कसें शिकंजा

महराजगंज तराई (बलरामपुर)। डीएम व एसपी ने शनिवार को स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। पुलिसकर्मियों को अपराधियों पर शिकंजा कसने में लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। थाना परिसर में कमियां पाए जाने पर उन्हें दूर कराने का निर्देश दिया गया। डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने शनिवार को थाना महराजगंज तराई का औचक निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने मालखाना, हवालात, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क व साफ-सफाई आदि की जांच की। कार्यालय के अपराध, ग्राम अपराध, निगरानी, त्योहार व आगंतुक रजिस्टर की भी जांच की। डीएम व एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने में कोई कोताही न बरतें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। (संवाद)

BAHRAICH POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

डीएम की पहल से बच्चे के चेहरे पर आई मुस्कान

बहराइच, संवाददाता। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी शुक्रवार की देर शाम शहर में गश्त कर रहे थे। तभी छावनी चौराहा के निकट एक बच्चा व साइकिल दुकानदार से किसी बात को लेकर वाद-विवाद हो रहा था। जिसे देख डीएम मौके पर पहुंच गए। पूछताछ करने पर पता चला कि बच्चे ने लगभग एक सप्ताह पूर्व दुकानदार से साइकिल खरीदी थी। साइकिल के ट्यूब में कोई समस्या थी। बच्चा उसे बदलने के लिए कह रहा था, किन्तु दुकानदार तैयार नहीं हो रहा था। इस बात से उतरे बच्चे का चेहरा देखकर डीएम ने अपनी जेब से दुकानदार को भुगतान कर बच्चे की साइकिल का ट्यूब बदलवा दिया।

शिकायतों का लिया जा रहा संज्ञान : डॉ. रामबाबू

बहराइच, संवाददाता। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. राम बाबू हरित शनिवार को जिले के भ्रमण पर बहराइच पहुंचे।

उन्होंने डाक बंगले में बताया कि एक वर्ष में आयोग में कुल 6210 प्रार्थना-पत्र मिले, जिनमें से 4262 प्रकरणों में सम्बन्धित विभागों को अपने स्तर से निस्तारण के लिए भेजा गया है। जबकि 1918 प्रकरणों में सम्बन्धित विभागों से आख्याएं मंगाकर आयोग ने निस्तारित कर दिया। उन्होंने बताया कि आयोग ने कुल 670 प्रकरणों की सुनवाई की। 448 प्रकरणों का निस्तारण किया। शेष 222 प्रकरणों में अग्रिम सुनवाई नियत है।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता सक्षम प्राधिकारियों की ओर से समय से न देने के कारण मिलने वाली शिकायतों को गम्भीरता से लिया जा रहा है। 92 प्रकरणों का निस्तारण करते हुये पीड़ित परिवार को एक करोड़ चौहत्तर लाख इक्यानबे हजार दो सौ पचास की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में आयोग के हस्तक्षेप से उपलब्ध कराई गई। इससे पूर्व उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक सुभाष सिंह धामी, तहसीलदार राज कुमार बैठा, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरएस गुप्ता, सहायक प्रबन्धक समाज कल्याण निगम देवव्रत शर्मा के साथ बैठक कर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्पीड़न से सम्बन्धित प्रकरणों तथा उनके निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की।

हास्टल की छात्राओं से रूबरू हुए

बहराइच। आयोग के अध्यक्ष महिला महाविद्यालय के गर्ल्स हास्टल में बालिकाओं से भी रूबरू हुए। उन्होंने शिक्षा के बारे में जानकारी ली, और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हास्टल की व्यवस्थाओं तथा सुरक्षा आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम और एसएसपी ने सुरक्षा की हकीकत देखी

व्यवस्था

बहराइच, संवाददाता। डीएम डॉ.. दिनेश चंद्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने शुक्रवार देर शाम पैदल गश्त कर शहर में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था की व्यवस्था व हकीकत देखी।

जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार देर शाम डीएम तिराहे से शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने व लोगों में विश्वास एवं सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया। संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व किशोरों व युवाओं की चेकिंग व पूछताछ की गई। भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों, दुकानदारों, धर्मगुरुओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी। आम जनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी। इस दौरान सर्किल नगर के अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

सख्तीः जरवल में हाईवे किनारे अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

कार्रवाई

जरवल, संवाददाता। एनएचआई की टीम शनिवार को लखनऊ -बहराइच हाईवे के जरवल कस्बा पहुंची। यहां टीम ने मार्ग के दोनों ओर फैले अतिक्रमण को हटवाने का काम शुरू कर दिया। मौके पर प्रशासनिक अफसरों संग भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई है।

जरवल कस्बा में लखनऊ - बहराइच हाईवे के दोनों और अतिक्रमण को हटाने के लिए शनिवार को एनएचआई की टीम पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के साथ बुलडोजर लेकर जरवल पहुंची। लखनऊ - बहराइच हाइवे के दोनों तरफ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कर दिया। अभियान में हाइवे की दोनों पटरियों से अतिक्रमण हटा दिया गया है। दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल, क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार जरवल विजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड राजेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी अनिल कुमार सहित पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संसू, हुजूरपुर, (बहराइच): एक माह पूर्व दफनाए गए शव को पुलिस ने कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शेषनपुरवा निवासी मेराज की पत्नी गुड़िया ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसकी बेटी का निकाह पठानन पुरवा निवासी जर्रार से 13 माह पूर्व हुआ था। इसरार ने दहेज के लिए एक माह पूर्व उसे मारकर दफना दिया, उसे सूचना भी नहीं दी।

गुड़िया ने थाना हुजूरपुर, पुलिस अधीक्षक बहराइच और महिला आयोग को बेटी की हत्या कर दफनाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थनापत्र दिया था। डीएम डा. दिनेश चंद्र से आदेश मिलने के बाद पुलिस ने कब्र से शव खोदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

तीन लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा

संवादसूत्र, महसी : परसोहना में महिला का शव फंदे से लटकता पाया गया था। मामले में मृतका की मां मुन्नी बेगम निवासी करेहना बेहड़ ने बेटी की हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाकर तहरीर पुलिस को दी है। मां ने बताया कि एक माह पूर्व ही बेटी आयशा बेगम की शादी परसोहना के चांद बाबू के साथ की थी। तब से बाइक व सोने की जंजीर के लिए उसे परेशान किया जा रहा था। थानाध्यक्ष अनूपमणि त्रिपाठी ने बताया कि मृतका के मां की तहरीर पर पति चांद बाबू, ससुर अलीशेर व सास के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

जहरीली शराब बनाने का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

जासं, बहराइच : पुलिस ने जहरीली शराब बनाने का भंडाफोड़ कर दो को गिरफ्तार कर लिया है। शराब बनाने के लिए रखे यूरिया, नौसादर समेत कई अन्य उपकरण को बरामद कर धधक रही भट्ठियों व आठ क्विंटल लहन को मौके पर नष्ट कराया। दो बाइक भी बरामद की गई, जिससे कच्ची शराब की आपूर्ति की जाती थी। पकड़े गए आरोपित नानपारा कोतवाली इलाके के रहने वाले हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि एसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबारियों पर शिकंजा कसने की मुहिम चलाई गई। खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव को सूचना मिली कि लोधनपुरवा सैयदनगर स्थित बाग में जहरीली शराब बनाने की फैक्ट्री



खैरीघाट पुलिस अभिरक्षा में शराब संग पकड़े गए आरोपित ● जागरण

220 लीटर कच्ची शराब बरामद

04 भट्ठियों को कराया गया नष्ट

08 क्विंटल लहन को नष्ट किया गया

02 बाइक व अन्य सामान बरामद

धधक रही है। एसओ ने टीम गठित कर छापामारी की तो मौके से गांव निवासी देशराज व कोतवाली नानपारा के मुरावन कोटवा निवासी सुरेश को जहरीली शराब बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। तैयार 220 लीटर शराब को बरामद किया गया। 650 ग्राम यूरिया व 250 ग्राम नौसादर व आठ क्विंटल लहन, धधक रही चार भट्ठियों को नष्ट कराया गया। मौके से दो बाइक बरामद की गई। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों में देशराज का आपराधिक इतिहास है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआइ संजय कुमार यादव, महबूब आलम, मुख्य आरक्षी मनोज सिंह, आरक्षी कार्तिकेय गोंड, अमरजीत यादव, उदयसेन आदि शामिल रहे।

साइकिल का ट्यूब बदलवाकर बच्चे के चेहरे की मुस्कान बने डीएम

डीएम ने बच्चे को मन लगाकर पढ़ने की दी नसीहत

संवाद न्यूज एजेंसी



बहराइच के छावनी में शुक्रवार को देर शाम गश्त के दौरान बच्चे की साइकिल दुरुस्त करवाने के बाद वार्ता करते डीएम। -संवाद

बहराइच। शहर के छावनी बाजार पर स्थित साइकिल की दुकान पर उस समय डीएम के पैर रुक गये। जब उन्होंने एक दुकानदार को बच्चे से झगड़ा करते हुए देखे। डीएम ने बच्चे से झगड़ा करने का कारण पूछा। कारण जानने के बाद डीएम ने बच्चे की समस्या को दूर किया तो उसका चेहरा खुशी से खिल उठा। डीएम ने बच्चे को मन लगाकर पढ़ने की नसीहत भी दी।

जिले में शांति ढंग से जुमे की नमाज होने के बाद शुक्रवार को देर शाम जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी केशव चौधरी पैदल गश्त कर रहे थे। पैदल गश्त के दौरान छावनी चौराहा के निकट पहुंचे जिलाधिकारी ने देखा कि एक साइकिल दुकानदार और बच्चे के बीच किसी बात को लेकर वाद-विवाद चल रहा है। पूछताछ करने पर पता चला कि बच्चे ने लगभग एक सप्ताह पूर्व दुकानदार से साइकिल खरीदी थी, लेकिन साइकिल के ट्यूब में कोई समस्या थी। जिसे बदलने के लिए दुकानदार तैयार नहीं हो रहा था।

इस बात से नाराज बच्चे का चेहरा देखकर जिलाधिकारी ने अपनी जेब से दुकानदार को भुगतान कर बच्चे की साइकिल का ट्यूब बदलवा दी। इस अवसर पर डीएम ने बच्चे से यह भी कहा कि मियां मन लगाकर पढ़ाई भी करना। बच्चा का चेहरा खुशी से खिल उठा और वह हंसते हुए अपने घर चला गया।

साइकिल का ट्यूब बदलवाकर बच्चे के चेहरे की मुस्कान बने डीएम

डीएम ने बच्चे को मन लगाकर पढ़ने की दी नसीहत

संवाद न्यूज एजेंसी



बहराइच के छावनी में शुक्रवार को देर शाम गश्त के दौरान बच्चे की साइकिल दुरुस्त करवाने के बाद वार्ता करते डीएम। -संवाद

बहराइच। शहर के छावनी बाजार पर स्थित साइकिल की दुकान पर उस समय डीएम के पैर रुक गये। जब उन्होंने एक दुकानदार को बच्चे से झगड़ा करते हुए देखे। डीएम ने बच्चे से झगड़ा करने का कारण पूछा। कारण जानने के बाद डीएम ने बच्चे की समस्या को दूर किया तो उसका चेहरा खुशी से खिल उठा। डीएम ने बच्चे को मन लगाकर पढ़ने की नसीहत भी दी।

जिले में शांति ढंग से जुमे की नमाज होने के बाद शुक्रवार को देर शाम जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी केशव चौधरी पैदल गश्त कर रहे थे। पैदल गश्त के दौरान छावनी चौराहा के निकट पहुंचे जिलाधिकारी ने देखा कि एक साइकिल दुकानदार और बच्चे के बीच किसी बात को लेकर वाद-विवाद चल रहा है। पूछताछ करने पर पता चला कि बच्चे ने लगभग एक सप्ताह पूर्व दुकानदार से साइकिल खरीदी थी, लेकिन साइकिल के ट्यूब में कोई समस्या थी। जिसे बदलने के लिए दुकानदार तैयार नहीं हो रहा था।

इस बात से नाराज बच्चे का चेहरा देखकर जिलाधिकारी ने अपनी जेब से दुकानदार को भुगतान कर बच्चे की साइकिल का ट्यूब बदलवा दी। इस अवसर पर डीएम ने बच्चे से यह भी कहा कि मियां मन लगाकर पढ़ाई भी करना। बच्चा का चेहरा खुशी से खिल उठा और वह हंसते हुए अपने घर चला गया।

अब तहसीलों में भी अवैध स्टैंडों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी

रुपईडीहा समेत अन्य स्थानों पर जल्द शुरू होगा अभियान

बहराइच। प्रशासन की ओर से शहरी क्षेत्र में स्थित अवैध वाहन स्टैंडों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इस दौरान अवैध तरीके से संचालित वाहन स्टैंडों को बंद कराते हुए कई दर्जन छोटे-बड़े वाहनों को सीज करने के साथ ही अधोमानक वाहनों का भी चालान किया गया।

अब प्रशासन की ओर से तहसीलों में संचालित अवैध वाहन स्टैंडों पर कार्रवाई की तैयारी हो रही है। जिससे अवैध वाहन स्टैंड संचालित करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा सड़क किनारे खड़े वाहनों पर अंकुश लगाने व अवैध रूप से संचालित वाहन स्टैंडों को हटाने के निर्देश के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया था। बीते लगभग एक सप्ताह पूर्व नगर क्षेत्र के हुजूरपुर स्टैंड, डिगिहा तिराहा, केडीसी तिराहा समेत अन्य स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध वाहन स्टैंडों को हटवा दिया गया है। इस दौरान काफी संख्या में बसों, ट्रकों व पिकअप वाहनों के अधोमानक मिलने अथवा प्रपत्र न पाए जाने पर वाहनों को सीज भी किया गया। अब एआरटीओ विभाग द्वारा जिले के तहसील क्षेत्रों में संचालित अवैध वाहन स्टैंडों को हटाए जाने की भी योजना तैयार कर ली गई है।

> “भारत-नेपाल सीमावर्ती कस्बे में बीते दिनों डीएम डॉ.दिनेश चंद्र व एसपी केशव प्रसाद चौधरी ने निरीक्षण किया था। इस दौरान लगभग एक दर्जन स्थानों पर अवैध वाहन स्टैंड संचालित होने की जानकारी मिली थी। ऐसे वाहन स्टैंडों को चिह्नित कर लिया गया है। शीघ्र ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। - **ओपी सिंह,** एआरटीओ प्रवर्तन।

बाग में बना रहे थे कच्ची शराब, दो लोग धरे गये

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। बाग में कच्ची शराब बनाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान भारी मात्रा में कच्ची शराब, लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गये दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

शराब बनाने के उपकरण बरामद आरोपी भेजे गये जेल

एसपी केशव चौधरी ने सभी थानाध्यक्षों को अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। एसपी के निर्देश पर खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने मुखबिरों का जाल बिछाया। मुखबिर से सूचना मिली कि सैयदनगर गांव से पहले स्थित बाग में जहरीली कच्ची शराब बनाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष ने तत्काल एसआई संजय यादव के नेतृत्व में टीम गठित की और मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची टीम ने चारों ओर से घेराबंदी करते हुए छापा मारा। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि इस दौरान 220 लीटर कच्ची शराब, 650 ग्राम यूरिया, 250 ग्राम नौसादर व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। एएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों की पहचान सैयदनगर गांव निवासी देशराज व नानपारा कोतवाली क्षेत्र के कोटवा गांव निवासी सुरेश के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ पहले से कई धाराओं में अलग-अलग थानों में मुकदमा दर्ज है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

42 लीटर कच्ची शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रुपईडीहा (बहराइच)। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा श्रीधर पाठक ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल व पुलिस के जवान सीमा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में सीमा क्षेत्र के पिलर संख्या 654/13 के पास दिखे। इस पर पुलिस कर्मियों ने दोनों को रोककर तलाशी ली। इस दौरान उनके पास से 42 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। दोनों अभियुक्तों की पहचान भूरे व अमृतलाल निवासी बसौना थाना रुपईडीहा के रूप में हुई। तस्करों की गिरफ्तारी करने वालों में एसएसबी के निरीक्षक संजय कुमार व पुलिस उपनिरीक्षक प्रेमचंद यादव समेत अन्य कर्मी शामिल रहे। दोनों तस्करों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

SHRAWASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-06-2022

समय से करें शिकायतों का निस्तारण:एसपी

श्रावस्ती, संवाददाता। शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दिवस में पहुंचे फरियादियों की शिकायत अधिकारियों ने सुनी। समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों में से कुछ का निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी मातहतों को दी गई।

सिरसिया थानें में समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें। तय समय सीमा में शिकायतों का निस्तारण करें। फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि निस्तारण के गुणवत्ता की जांच फरियादियों के मोबाइल फोन पर बात कर की जाएगी। फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

गांजे के साथ एक को दबोचा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले मादक वस्तुओं के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कोतवाली भिनगा पुलिस ने गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शनिवार को कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांजा लेकर ग्राम मक्कापुरवा चौराहे से होकर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और एक संदिग्ध व्यक्ति को तलाशी कराई। मलाशी में व्यक्ति के कब्जे से एक किला 140 ग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गोलू वर्मा पुत्र बछराज वर्मा निवासी सेमरी चकपिहानी कोततवाली भिनगा के रूप में हुई।

शांतिभंग में 16 पाबंद

श्रावस्ती : दो दिन में विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। सभी को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया गया है।(वि.)

गांजा संग आरोपित गिरफ्तार

श्रावस्ती : भिनगा पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मक्कनपुरवा तिराहा राजापुर मोड़ के पास सेमरी चकपिहानी निवासी गोलू वर्मा को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से एक किलो 140 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

22 लीटर कच्ची शराब

श्रावस्ती : सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान निरालानगर निवासी रिक्खी राम को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 22 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

102 वाहनों का चालान

श्रावस्ती : यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न चेकपोस्टों पर वाहनों को जांच की गई। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम में 102 वाहनों का ई-चालान कर 1,02,500 रुपये का शमन वसूला गया। (वि.)

समाधान दिवस में निपटे 15 मामले

श्रावस्ती। जिले की तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 280 शिकायतें आईं। इनमें से 15 मामलों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका।

सिरसिया थाने में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने की। जहां उनकी उपस्थिति में कुल 42 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। इकौना में पुलिस क्षेत्राधिकारी महेंद्र पाल शर्मा के नेतृत्व में 78 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण किया गया।

वहीं नवीन मॉडर्न थाना कटरा में अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से मौके पर ही पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं सोनवा में 50 मामलों में तीन तो मल्हीपुर में 30 मामलों में से सिर्फ दो मामलों का निस्तारण हुआ। (संवाद)

मुकदमाती मालों को कराया नष्ट



श्रावस्ती। गिलौला थाने में आबकारी अधिनियम के तहत बरामद माल मुकदमाती को नष्ट करने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा निर्देश दिया गया था। जिसके अनुपालन में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा ने उप जिलाधिकारी इकौना आरपी चौधरी की उपस्थित में 35 माल मुकदमाती को न्यायालय के आदेश पर नष्ट कराया। इस दौरान थानाध्यक्ष गिलौला विशुनदेव पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

घटना में घायल वृद्ध ने तोड़ा दम

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के बंठिहिवा पुलिस चौकी अंतर्गत बौरागीजोत निवासी छोटेलाल (72) पुत्र रामलाल शुक्रवार को घर में लेटा हुआ था। इस बीच गांव निवासी रहीम अपना ट्रैक्टर पिछाड़ रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर अचानक दीवार से टकरा गया। जिससे दीवार भराभरा कर छोटेलाल पर गिर गई। जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। परिवारीजन उसे एंबुलेंस से गंभीर अवस्था में संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा ले गये। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवारीजन की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी जगतराम मौर्य ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। (संवाद)

देवरिया स्टेशन से मां-बेटी लापता

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जौगढ़ निवासी राजेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। जिसमें उसने कहा है कि उसकी पत्नी मनीषा अप्रैल माह में अपने मायके देवरिया जिले के थाना बैकुलपुर के बरियारपुर गांव गई थी। जहां से आठ जून का उसके ससुर ने उसकी पत्नी व उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री को देवरिया स्टेशन से भिनगा आने के लिए छोड़ा था। तब से पत्नी व बेटी लापता हैं। ऐसे में पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से अपनी पुत्री व पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कर उन्हें खोज निकालने की मांग की है। (संवाद)

1140 ग्राम गांजे के साथ युवक को पकड़ा

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान मक्कनपुरवा तिराहा से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 1140 ग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरी चकपिहानी निवासी गोलू वर्मा के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर संबंधित रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। (संवाद)

कई मामलों में वांछित युवक गिरफ्तार

श्रावस्ती। मल्हीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मल्हीपुर चौराहे से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान कानीबोझी निवासी अब्दुल हफीज उर्फ हफीज के रूप में हुई। जो चोरी सहित कई अन्य मामलों में वांछित था। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

शांतिभंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने शुक्रवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नौ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

57 वाहनों का ई-चालान

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने शनिवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की जांच कर 57 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 63,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद)